**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 89 श्रेणियों के कर्मचारियों को उच्च वेतनमान मिलता रहेगा। कर्मचारियों के विरोध के दो दिन ही बाद राज्य सरकार ने हायर ग्रेड पे बंद करने की अधिसूचना स्थगित कर दी है। शनिवार को राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी की थी, इसके बाद कर्मचारी संगठन विरोध पर उतर गए। सोमवार को पीटरहॉफ में मिलने पहुंचे कर्मचारियों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि उनके वेतन में कोई कटौती नहीं होगी। अधिसूचना गलत हो गई थी, सरकार ने इसमें संशोधन करने का निर्णय लिया है। सीएम ने कहा कि जो लाभ कर्मचारियों को दे दिए हैं, उन्हें वापस नहीं लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कर्मचारी संगठनों को आश्वस्त किया कि जिन 89 श्रेणियों को हायर ग्रेड पे मिली है, उन्हें यह पहले की तरह ही मिलती रहेगी। हालांकि, भविष्य में नियुक्त होने वाले कर्मचारियों को यह हायर ग्रेड-पे यानी अतिरिक्त इंक्रीमेंट नहीं दी जाएगी। सोमवार को पहले ओकओवर में सचिवालय कर्मचारी संघ समेत कई संगठनों के प्रतिनिधि मुख्यमंत्री से मिले और अधिसूचना निरस्त करने की मांग की। उसके बाद कर्मचारी पीटरहॉफ भी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों का कल्याण सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए इस तरह के आदेश जारी करना न्यायोचित नहीं है। नियम-कानून से संबंधित मामलों में संशोधन के दौरान मानवीय सरोकार को ध्यान में रखा जाना चाहिए। भविष्य में भी प्रदेश सरकार कर्मचारियों के हितों की रक्षा करेगी। >> उच्च वेतनमान के लिए कर्मचारियों की नारेबाजी...पेज 8 पर

**यह है मामला**

बता दें कि वित्त विभाग की ओर से 6 सितंबर को जारी अधिसूचना के अनुसार हिमाचल प्रदेश सिविल सेवा (संशोधित वेतन) नियम 2022 की नियम 7 (ए) को 03 जनवरी 2022 से प्रभावी रूप से हटा दिया गया है। 3 जनवरी 2022 से पूर्व नियुक्त हुए 89 श्रेणियों के विभिन्न कर्मचारियों को 2 साल का नियमित कार्यकाल पूरा होने पर जो उच्च वेतनमान दिया गया था उसे वापस लिया गया था। इस निर्णय से प्रदेश के हजारों कर्मचारियों को मासिक औसतन 15,000–20,000 का सीधा वित्तीय नुकसान हो रहा था।

अमर उजाला 09 SEP 2025



# घंडल में अत्याधुनिक पंचायत घर का किया लोकार्पण, जिले में 9 और बनेंगे

## अनिरुद्ध और विक्रमादित्य सिंह ने मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम में किया उद्घाटन

संवाद न्यूज एजेंसी

**शिमला।** घंडल में अत्याधुनिक पंचायत घर का ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने संयुक्त रूप से लोकार्पण किया। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि पंचायत घर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है।

अनिरुद्ध ने बताया कि शिमला ग्रामीण में इस तरह के 9 नए पंचायत घर बनाए जा रहे हैं। इन पर 14.72 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इनमें से 7 का लोकार्पण पंचायत चुनावों से पहले किया जाएगा। उन्होंने ओगली और घरियाना पंचायतों के लिए 10-10 लाख रुपये देने की भी घोषणा की।

उन्होंने कहा कि अटल सुपर स्पेशलिटी चमियाना में 2000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इससे लोगों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। केंद्र सरकार की ओर से बजट में कटौती के बाद भी प्रदेश में विकास कार्य तीव्र गति से जारी हैं।



पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह और लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह घंडल में पंचायत घर का लोकार्पण करते हुए। -स्रोत : विभाग

### ये हैं सुविधाएं

दो मंजिला पंचायत घर के ग्राउंड फ्लोर में प्रतीक्षालय, पंचायत सचिव रूम, तकनीकी सहायक रूम, मनरेगा सहायक रूम, पंचायत मासिक बैठक हॉल, कॉमन सर्विस सेंटर रूम और दो शौचालय हैं। दूसरी मंजिल पर ग्राम सभा हॉल, लाइब्रेरी और शौचालय है।

### पंचायतें आय के स्रोत सृजित करें : विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने घंडल में मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग के तहत 33 करोड़ रुपये के विकासात्मक कार्य चल रहे हैं। इसके अलावा 11 लाख के कार्य विभिन्न मतों के तहत पंचायत के अधिकार क्षेत्र में किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष आपदा से भारी नुकसान हुआ, लेकिन विभाग की मशीनरी और कर्मचारी दिन-रात बाधित मार्गों को बहाल करने में लगे हुए हैं। उन्होंने पंचायतों से कहा कि वे अपनी आय बढ़ाने के लिए स्रोतों को विकसित करें।

अमर उजाला 09 SEP 2025 26

# हिमाचल का दर्द बांटने आज आएंगे मोदी, राहत पैकेज की उम्मीद

## आपदा प्रभावित चंबा, मंडी और कुल्लू का करेंगे हवाई निरीक्षण, कांगड़ा में बैठक

अमर उजाला ब्यूरो

**धर्मशाला।** प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश का दर्द बांटने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आ रहे हैं। आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण करने के साथ ही पीएम कांगड़ा में सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। पीएम मोदी के इस दौरे से प्रदेश को केंद्र से राहत पैकेज मिलने की उम्मीद बंधी है। प्रधानमंत्री के दौरे पर पूरे हिमाचल की निगाहें हैं।

कार्यक्रम के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी विशेष विमान से दोपहर 1:20 बजे गगल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। करीब डेढ़ बजे एयरपोर्ट पर ही प्रधानमंत्री सीएम सुक्खू समेत अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे



### 400 जवान सुरक्षा के लिए तैनात, 4 घंटे के लिए कांगड़ा जिला नो फ्लाई जोन घोषित

और राज्य में हुए नुकसान की समीक्षा करेंगे। दोपहर 2:15 बजे तक मीटिंग चलेगी। उसके बाद पीएम आपदा प्रभावित चंबा, मंडी और कुल्लू का हवाई निरीक्षण करेंगे। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली समीक्षा बैठक में 20 के करीब लोगों को शामिल होने की अनुमति रहेगी। पीएम के दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। पुलिस के करीब 400 जवान सुरक्षा के लिए जगह-जगह तैनात रहेंगे। ड्रोन से भी पूरे इलाके पर नजर रखी जाएगी। पीएम के दौरे के मद्देनजर दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक कांगड़ा जिला नो फ्लाई जोन रहेगा।

इस दौरान किसी भी तरह की हवाई उड़ान व पैराग्लाइडिंग जैसी गतिविधियों पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। एसपीजी ने सोमवार को दिनभर एयरपोर्ट पर सुरक्षा इंतजाम जांचे। पीएम के दौरे से पहले सोमवार को राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर धर्मशाला पहुंच चुके हैं। >> प्रधानमंत्री को परोसी जाएगी गुच्छी और ढींगरी मशरूम... पेज 8 पर

# पीएम मोदी को परोसी जाएगी गुच्छी, ढींगरी मशरूम

## एचपीटीडीसी पीएम के लिए हिमाचल के पारंपरिक और स्वादिष्ट व्यंजनों का कर रहा चयन

**धर्मशाला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले का दौरा करेंगे। इस दौरान उनके भोजन का विशेष ध्यान हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) की ओर से रखा जाएगा।

खास बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी के लिए एचपीटीडीसी हिमाचल के पारंपरिक और स्वादिष्ट व्यंजनों का चयन कर रहा है। इनमें चंबा की गुच्छी, मंडी की सेपू बड़ी, ढींगरी मशरूम, लिंगड़ और अरबी का पलदा जैसे व्यंजन शामिल होंगे।

मंडी की सेपू बड़ी प्रधानमंत्री मोदी को खासतौर पर बहुत पसंद है।







इसीलिए यह व्यंजन उनके लिए विशेष रूप से तैयार किया जाएगा। एचपीटीडीसी का उद्देश्य प्रधानमंत्री की आवभगत में कोई कमी न छोड़ते हुए हिमाचल की पारंपरिक रचनात्मकता को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सही पहचान दिलाना है। हालांकि इस खास भोजन की व्यवस्था किसी होटल में नहीं, बल्कि गगल एयरपोर्ट पर की जाएगी। एचपीटीडीसी के एजीएम कैलाश ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री के लिए उनके पसंदीदा व्यंजन बनाए जा रहे हैं ताकि स्वागत न केवल गर्मजोशी से किया जाए, बल्कि एक उत्तम हिमाचली अनुभव भी प्रदान किया जा सके।

यह पहल न केवल पीएम की यात्रा को यादगार बनाएगी, बल्कि हिमाचल के समृद्ध व्यंजनों और संस्कृति को दुनिया भर में प्रचारित करने का एक बेहतरीन अवसर भी साबित होगी। ब्यूरो

### पंजाब ने 20 हजार करोड़ का पैकेज मांगा

**चंडीगढ़।** बाढ़ पीड़ितों का दर्द समझने और स्थिति का जायजा लेने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंजाब पहुंचेंगे। वे दोपहर करीब तीन बजे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। शाम लगभग सवा चार बजे गुरदासपुर पहुंचेंगे। पंजाब सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी से 20 हजार करोड़ के अंतरिम राहत पैकेज की मांग की है। ब्यूरो

अमर उजाला
09 SEP 2025

# विकास के नाम पर पहाड़ों को खोद नदी-नालों के किनारे डंप कर दिया तबाही का सामान

## पंचायतों और शहरी निकायों के पास डंपिंग साइट नहीं, परियोजनाओं के मलबे को भी नियमानुसार नहीं लगाया जा रहा ठिकाने

धर्मेंद्र पंडित

कराहते पहाड़
अमर उजाला अभियान



रामपुर में सतलुज नदी में फेंका जा रहा मलबा। (फाइल फोटो)

शिमला। हिमाचल प्रदेश में मलबे को ठिकाने लगाने के लिए पंचायतों और शहरी निकायों के पास एक भी डंपिंग साइट नहीं है। बड़ी परियोजनाएं बना रहीं कंपनियों की कागजों में डंपिंग साइटें हैं, परंतु यहां भी नियमानुसार मलबे को ठिकाने नहीं लगाया जा रहा है। हिमाचल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पास ऐसे कई मामले पहुंचे हैं। प्रदेश हाईकोर्ट की ओर से नियुक्त किए गए एमिकस क्यूरी की अध्ययन रिपोर्ट में ऐसे कई खुलासे हुए हैं।

पहाड़ों को खोदकर नदी-नालों, खड्डों के किनारे डंप किया मलबा तबाही का सामान बन गया है। राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण हो, बिजली परियोजनाएं हों या फिर अन्य विकास कार्य, कंपनियां टनों के हिसाब से मलबा नदी-नालों के किनारे डंप कर रही हैं। भारी बारिश में यह मलबा तबाही का कारण साबित हो रहा है। इससे भी बाढ़ की स्थिति पैदा हो रही है। हिमाचल में नगर निगम शिमला की एकमात्र अधिकृत डंपिंग साइट बरियाल में है, पर यह केवल ठोस कचरा ठिकाने लगाने के लिए बनी है। भवनों-सड़कों व अन्य परियोजनाओं के मलबे के लिए नहीं। विभिन्न परियोजनाओं और निजी निर्माण कार्यों से रोजाना टनों के हिसाब से मलबा निकल रहा है। निस्तारण का कोई उचित प्रावधान नहीं है। पहाड़ों को खोद मलबा नदी-नालों के किनारे अवैध रूप से डंप किया जा रहा है। निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 में कड़े प्रावधान हैं। स्थानीय निकायों, पंचायतों को डंपिंग साइटें अधिसूचित करना जरूरी है।

बांध, बिजली परियोजनाओं, फोरलेन, एनएच, अन्य सड़कों, सुरंगों, बड़ी इमारतों आदि का निर्माण करने वाली कंपनियों को भी साइटें तय करने एवं नियमों के अनुसार व्यवस्था बनाने को कहा गया है। मगर पिछले एक दशक में इन नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं। बांध, सड़कें, सुरंगें आदि बनाने वाली कंपनियां डंपिंग साइट जरूर चिह्नित कर रही हैं। इन्हें एनओसी जारी किए जा रहे हैं। बावजूद सड़क और नदी-नालों के किनारे मलबा फेंका जा रहा है। यह डंपिंग भारी बरसात में नदी-नालों का प्रवाह रोक रही है और भूस्खलन, बाढ़ को बढ़ा रही है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने हाल ही में इसी तरह की डंपिंग के लिए सुन्नी बांध बना रहे एसजेवीएन को 70 लाख रुपये का जुर्माना किया है। हाईवे के निर्माण में इसी तरह की कोताही पर बिलासपुर में करीब साढ़े छह लाख और हमीरपुर में करीब 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### प्राकृतिक जल स्रोतों का पानी हो रहा खराब

पर्यावरण विशेषज्ञों और भू-वैज्ञानियों का मानना है कि अवैज्ञानिक तरीके से मक डंपिंग न रोकी तो तबाही को कोई नहीं रोक सकता। पर्यावरण से जुड़े मामलों के लिए हिमाचल हाईकोर्ट की ओर से नियुक्त किए एमिकस क्यूरी अधिवक्ता देवेन खन्ना की अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक अवैध डंपिंग से प्रदेश में बावड़ियों व अन्य प्राकृतिक स्रोतों का 99 फीसदी पानी खराब हो चुका है। 35 नदियों में सीवरेज और कचरा मिल रहा है। हिमाचल में मलबे को ठिकाने लगाने के लिए कोई भी डंपिंग साइट चयनित नहीं है। मलबा बांधों में जा रहा है। बांधों से गाद न निकाले जाने से पानी का स्तर ऊपर उठ रहा है। यह हिमाचल ही नहीं, आगे मैदानी क्षेत्रों में भी बाढ़ की स्थिति पैदा कर रहा है। वर्ष 2018 की रिपोर्ट के अनुसार बांधों से 22 साल की गाद नहीं निकाली गई है। प्रदेश हाईकोर्ट ने इसका संज्ञान लिया है।

### मलबे से धर्मपुर में बन गई थी झील

धर्मपुर और सरकाघाट उपमंडल की सीमा पर पाड़च्छू में निर्माणाधीन पुल के कारण हजारों टन डंप किए मलबे से खड्ड में 22 जून को झील बन गई थी। इससे गासिया खड्ड का पानी रुक गया। पानी के तेज बहाव से मलबा धर्मपुर तक पहुंचकर कहर बरपा सकता था, लेकिन झील का पानी निकाला गया व मलबा हटवाया गया। इससे खतरा टला। प्राकृतिक आपदा में जिला चंबा में पहाड़ दरके हैं। यहां नेशनल हाईवे के निर्माण के दौरान पहाड़ों की अवैज्ञानिक तरीके से कटिंग की गई है। मलबा रावी में फेंका गया। नदी में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने से धरवाला, राख, मोहल्ला माइका बाग, प्रेल, बालू गांव के सैकड़ों लोगों को सुरक्षित संस्थानों पर शिफ्ट किया गया है। जिला सोलन में धर्मपुर, कोटी, सनवारा, पट्टा मोड़, सलोगड़ा, मनसार में लगातार भू-स्खलन हो रहा है। इन जगहों पर लगातार ट्रैफिक जाम लग रहा है। यहां लोगों को शिफ्ट करना पड़ रहा है। पठानकोट-मंडी फोरलेन का मलबा भी नदी-नालों में फेंका जा रहा है। शिमला-सोलन-परवाणू फोरलेन के निर्माण पर हिमाचल हाईकोर्ट ने भी सख्ती दिखाई है। कंपनियों की ओर से कोर्ट में सही तथ्य नहीं दिए गए। चक्कीमोड़ में लगातार भूस्खलन से मलबा नालों में फेंका जा रहा है। बीते दिनों हाईकोर्ट ने एनएचएआई को सनवारा टोल प्लाजा बंद करने तक की चेतावनी दे दी।

### विशेषज्ञ बोले... काम शुरू होने से पहले तय की जाएं डंपिंग साइटें

पहाड़ को काटने का सही तरीका होना चाहिए। हिमाचल प्रदेश में बने रहे फोरलेन और अन्य निर्माण कार्य होने से पहले डंपिंग साइट का चयनित होना जरूरी है। पहाड़ों की कटिंग वैज्ञानिक तरीके से की जानी चाहिए। प्रदेशभर में कई ठेकेदार मनमर्जी से काम कर रहे हैं। हालात यह हैं कि पहाड़ों की नींव को ही खत्म किया जा रहा है। ऐसे में पहाड़ों का दरकना तय है। यही नहीं, खोदाई करने के बाद निकाला जा रहा मलबा नदी और नालों में फेंका जा रहा है। पानी ऊपर आकर पहाड़ों में रिस रहा है।

**-सुरेश चंद अत्री, पर्यावरण विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख वैज्ञानिक**

### डंपिंग साइटें बनाने के निर्देश



शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि शहरी क्षेत्रों में डंपिंग साइटें बनाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि बेतरतीब मलबा फेंकने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।

### राज्य सरकार उठाएगी कदम



नगर नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि एफआरए की मंजूरी के बाद छोटे मामलों में भी डंपिंग साइटें चिह्नित की जानी चाहिए। छोटी सड़कों और छोटे प्रोजेक्टों से भी नुकसान हो रहा है। सरकार इस दिशा में कदम उठाएगी।

अमर उजाला

09 OCT 2025

28

# केंद्रीय टीम से बोले लोग, धंस रहा गांव, बेघर होने का खतरा

## केंद्र से आई टीम ने मनाली से लेकर कुल्लू तक आपदा से हुए भारी नुकसान का लिया जायजा



कुल्लू में आपदा प्रभावित क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे केंद्रीय टीम के सदस्य। -संवाद

कुल्लू। जिले में बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन से हुए नुकसान का अंतर मंत्रालयी केंद्रीय टीम ने जायजा लिया। टीम से सोलंगनाला पंचायत के लोग प्रधान कौशल्या देवी की अगुवाई में मिले। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनका गांव लगातार धंस रहा है। इस कारण उन्हें बेघर होने का खतरा सता रहा है। टीम ने आपदा में प्रभावित ग्रामीणों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं।

सोमवार को टीम ने सोलंग गांव, बाहंग, ओल्ड मनाली स्थित मनालसु नाला, अलेउ, ग्रीन टैक्स बैरियर के नजदीक उप सब्जी मंडी चौरीबिहाल, आलू ग्राउंड, पतलीकूहल, छरुडू, लंकाबेकर, इनर अखाड़ा बाजार और सूम्मा में नुकसान का जायजा लिया। केंद्र सरकार ने कुल्लू और चंबा में मानसून हुए नुकसान का जायजा लेने तथा आकलन करने के लिए दो टीमें प्रदेश के दौरे पर भेजी हैं। टीम-ए जिला चंबा-कांगड़ा के प्रवास पर है। टीम-बी ने सोमवार को जिला कुल्लू के मनाली क्षेत्र में सड़कों, पुलों, स्वास्थ्य संस्थानों, शिक्षण संस्थानों, बिजली और पानी की योजनाओं का निरीक्षण किया।

केंद्रीय टीम में गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव पार्थसारथी, केंद्रीय जल निगम (जल शक्ति मंत्रालय) के निदेशक वसीम अशरफ, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मुख्य अभियंता अनिल कुमार कुशवाहा, प्रदेश सरकार की ओर से संयुक्त सचिव निशांत ठाकुर, एचआरटीसी कार्यकारी निदेशक मुरारी लाल, टीसीबी स्पेशलिस्ट डॉ. कृष्ण चंद शामिल रहे। संवाद

### *केंद्र सरकार को सौंपेंगे रिपोर्ट*

*उपायुक्त कुल्लू तोरुल रवीश ने कहा कि भारी बारिश और बाढ़ से सैकड़ों परिवार प्रभावित हुए हैं। सड़क मार्ग, बिजली-पानी की सप्लाई, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र और कृषि-बागवानी को भारी नुकसान पहुंचा है। अंतर मंत्रालयी केंद्रीय टीम के अध्यक्ष एवं केंद्रीय गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पार्थसारथी ने कहा कि दोनों टीमें नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपेंगी।*

# चंबा में लिया नुकसान का जायजा केंद्र सरकार को रिपोर्ट सौंपेगी टीम

चंबा। भारी बारिश, भूस्खलन के कारण हुई क्षति का जायजा लेने के लिए केंद्र सरकार की एक अंतर मंत्रालयी टीम ने सोमवार को जिला चंबा का दौरा किया।

टीम ने जिले के विभिन्न उपमंडलों में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर आपदा से हुए नुकसान का विस्तृत जायजा लिया। दोपहर बाद टीम ने जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उपायुक्त ने टीम को बताया कि चंबा में हुई भारी वर्षा के कारण करीब 434.32 करोड़ रुपये की क्षति हुई है। केंद्रीय टीम के अधिकारियों ने जिला प्रशासन व विभागीय अधिकारियों को आश्वासन दिया कि जिला चंबा में आपदा से हुए नुकसान की विस्तृत आकलन रिपोर्ट केंद्र सरकार के संबंधित विभागों में प्रस्तुत कर शीघ्र राहत दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

**434.32**

**करोड़ का नुकसान हुआ जिले में : डीसी**

उन्होंने कहा कि मनरेगा में मजदूरों के कार्यदिवस बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव केंद्र सरकार को शीघ्र भेजे जाएं। आपदा से बचाव व रोकथाम के लिए भी और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर अंतर मंत्रालयी केंद्रीय टीम से व्यय मंत्रालय के उप सचिव कमलदीप वी पटेल, ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंडर सेक्रेटरी दीप शेखर सिंघल, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, एसडीएम प्रियांशु खाती, सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। संवाद

अमर उजाला

09 SEP 2025

29

# मिट्टी, पत्थर पर रॉयल्टी अब अस्सी रुपये प्रति टन

## हिमाचल सरकार ने नियमों में किया संशोधन

**शिमला।** प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश गौण खनिज (रियायत) एवं खनिज (अवैध खनन, परिवहन और भंडारण का निवारण) नियम, 2015 में संशोधन किया है। लीज धारकों को अब पहले के मुकाबले अधिक रॉयल्टी का भुगतान करना होगा। यदि खनन कार्य सरकार द्वारा रोका गया है तो लीजधारक को अतिरिक्त रॉयल्टी नहीं देनी होगी।

सरकार ने द्वितीय सूची में संशोधन करते हुए साधारण मिट्टी और पत्थर पर रॉयल्टी की दर 80 रुपये प्रति टन तय कर दी है। नए नियमों के मुताबिक विकासात्मक गतिविधियों जैसे हाइड्रो प्रोजेक्ट्स की सुरंग खुदाई, राष्ट्रीय/राज्य राजमार्गों का निर्माण, रेलवे ट्रैक बिछाने, जलाशयों की सफाई, कृषि क्षेत्र में रेत- बजरी की निकासी जैसी गतिविधियों में खनिज के उठाव और ढुलाई की अनुमति अब जिला स्तरीय समिति की जांच के बाद ही दी जाएगी।

समिति में तहसीलदार, लोक निर्माण विभाग का सहायक अभियंता और खान अधिकारी शामिल होंगे। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि यदि राष्ट्रीय/राज्य राजमार्ग अथवा जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी, पत्थर या अन्य खनिज उत्पन्न होते हैं तो ठेकेदार या एजेंसी को रॉयल्टी अदा करनी होगी। परियोजना कार्य पूरा होने के बाद बचा हुआ खनिज निर्धारित प्रक्रिया के तहत नीलाम किया जाएगा। ब्यूरो

### व्यावसायिक परियोजनाओं पर भू-राजस्व लगाने की तैयारी

**शिमला।** हिमाचल सरकार ने व्यावसायिक परियोजनाओं पर भू-राजस्व लगाने का कानूनी प्रावधान किया है। सरकार ने आय बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया है, जिसके तहत इन परियोजनाओं से बाजार मूल्य के आधार पर राजस्व की वसूली की जाएगी। सोमवार को इसे लेकर राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित कर दी गई। यह व्यवस्था उन सभी व्यावसायिक परियोजनाओं पर लागू होगा जो पहले से चल रही हैं और भविष्य में स्थापित होंगी। इन प्रोजेक्ट्स की बाजार मूल्य का आकलन करके उसका एक निश्चित प्रतिशत वार्षिक भू-राजस्व के तौर पर वसूला जाएगा। यह निर्णय सरकार को किसी भी प्रोजेक्ट की बाजार मूल्य का मूल्यांकन करने और उस पर भू-राजस्व लगाने का अधिकार देता है। हालांकि कितने प्रतिशत भू-राजस्व लगेगा यह अभी तय नहीं हुआ है। अनुमान है कि यह 0.5 या 1 फीसदी तक हो सकता है। ब्यूरो

अमर उजाला 09 SEP 2025



# संजौली हेलीपोर्ट से उड़ानें जल्द, नाइट लैंडिंग भी

## नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने जारी किया लाइसेंस; रामपुर हेलीपोर्ट को भी हरी झंडी, रूटों का बनेगा शेड्यूल

दीपक मेहता

**शिमला।** संजौली में बने हिमाचल के पहले हेलीपोर्ट से जल्द की नियमित उड़ानें शुरू होंगी।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने संजौली के साथ-साथ रामपुर हेलीपोर्ट के संचालन के लिए मंजूरी दे दी है। डीजीसीए ने पर्यटन विभाग को संचालन के लिए लाइसेंस जारी कर दिया है। उड़ान-2 योजना के तहत इन हेलीपोर्ट से उड़ानें संचालित होंगी। खास बात है कि संजौली हेलीपोर्ट में रात में लैंडिंग की सुविधा होगी। संवाद




एक्सक्लूसिव

### एयरलिफ्ट होंगे मरीज

संजौली हेलीपोर्ट से आपातकाल के दौरान रोगियों को पीजीआई चंडीगढ़ और एम्स जैसे अस्पतालों के लिए एयरलिफ्ट किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री का हेलिकाप्टर भी संजौली हेलीपोर्ट से ही उड़ान भरेगा।

**2018** के अप्रैल में संजौली हेलीपोर्ट का निर्माण शुरू किया गया। 3 जनवरी 2021 को हेलीपोर्ट में पहली सफल लैंडिंग हुई। साल 2022 में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने हेलीपोर्ट का उद्घाटन किया।

**जुब्बड़हट्टी जाने से छुटकारा :** संजौली और रामपुर हेलीपोर्ट से हेलिकाप्टर का संचालन शुरू होने से प्रदेश में हवाई सेवाएं मजबूत होंगी। पर्यटन कारोबार को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के द्वार खुलेंगे। देश-विदेश से हवाई मार्ग से आने वाले सैलानी अब सीधे शिमला शहर पहुंचेंगे। अब तक सैलानियों को शहर से 30 किलोमीटर दूर जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट उतरना पड़ता है। यहां से टैक्सियों के जरिये शिमला पहुंचते हैं। इसमें करीब डेढ़ घंटे तक समय लग जाता है। तीन साल बाद हेलीपोर्ट के संचालन के लिए डीजीसीए की ओर से मंजूरी मिली है।

डीजीसीए से संजौली और रामपुर के हेलीपोर्ट को ऑपरेशन करने की मंजूरी मिल गई है। विभाग हेलीपोर्ट से विमानन कंपनी के संचालन, स्टाफ की तैनात सहित फ्लाइट रूटों के शेड्यूल का प्लान तैयार कर रहा है। -**विवेक भाटिया,** निदेशक, पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग

# उच्च वेतनमान के लिए कर्मचारियों की नारेबाजी

## सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष ने अफसरों को ठहराया जिम्मेदार

**शिमला।** हायर पे ग्रेड को बहाल करनें की मांग को लेकर सोमवार को कर्मचारियों ने सचिवालय प्रांगण में सभा की। कर्मचारियों ने इसके लिए अफसरों को जिम्मेदार ठहराया और तानाशाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। हिमाचल प्रदेश सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने इस अधिसूचना को जारी करने के लिए अधिकारियों को कसूरवार ठहराया और मांग की कि मुख्यमंत्री अधिकारियों पर लगाम कसें।

संजीव शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गत दिनों रामचंद्र चौक के पास पेड़ गिरने से राज्य सचिवालय के कर्मचारी बेघर हो गए। उसके बाद से 18 तारीख से वह सड़कों पर घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पहली बार हुआ है जब प्रदेश के कर्मचारियों ने अपने हक की लड़ाई सचिवालय कर्मचारी संगठन के बैनर तले लड़ी, जिसमें प्रदेश कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर ने भाग लिया।

संजीव शर्मा ने इसके लिए हिमाचल प्रदेश सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन ने प्रदेश से आए सैकड़ों कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। इस मुहिम में संगठन के महासचिव कमल कृष्ण शर्मा, वरिष्ठ उप प्रधान रमन शर्मा, उपप्रधान महिन्द्र, संयुक्त सचिव हुक्म सिंह हुक्की, कोषाध्यक्ष रामपाल, सदस्य पुष्पलता, जगमेश , मिठुन, सुभाष, कुलदीप, अनिल, सुखदेव और विनोद नें अहम भूमिका निभाई। ब्यूरो

### चार बजे तक अधिसूचना की प्रति नहीं मिली तो रोष बढ़ने लगा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि जब चार बजे तक अधिसूचना की प्रति नहीं मिली, तो प्रदेश से आए कर्मचारियों में रोष बढ़ने लगा। उसके बाद संगठन के अध्यक्ष संजीव शर्मा की अगुवाई में प्रदेश से आए सभी कर्मचारी माननीय मुख्यमत्री के सरकारी आवास ओक ओवर पहुचे और मुख्यमंत्री ने सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे खुद कर्मचारी के बेटे हैं और कर्मचारियों का दर्द समझते हैं। इस बीच अधिसूचना जारी कर दी गई। ब्यूरो

# मोदी का दौरा महत्वपूर्ण : शांता

**पालमपुर (कांगड़ा)।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा है कि आज की भयंकर आपदा के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धर्मशाला में आना बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपने दूसरे घर हिमाचल की सुध लेने का कार्यक्रम बनाया। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जीएसटी सरलीकरण से इस भयंकर आपदा के समय लोगों को बहुत राहत मिली है। कई जरूरी चीजें सस्ती हो गई हैं।

शांता ने राष्ट्रीय लक्ष्य से पांच साल पहले पूर्ण साक्षरता प्रदान करने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू और हिमाचल सरकार को बधाई दी। संवाद

अमर उजाला 0 9 SEP 2025



# डीडीयू अस्पताल में लगीं लंबी कतारें, मरीजों को काउंटर पर पर्ची बनाने में लग गया एक घंटा

## आभा कार्ड सर्वर में गड़बड़ी से भी दिन भर लोगों को झेलनी पड़ी परेशानी

संवाद न्यूज एजेंसी

**शिमला।** सोमवार को डीडीयू अस्पताल में मरीजों और परिजनों को लंबी कतारों के साथ तकनीकी समस्याओं से जूझना पड़ा। अस्पताल परिसर में पर्ची बनाने के लिए लोगों को लंबी लाइनों में करीब एक घंटे इंतजार करना पड़ा। इसके अलावा आभा कार्ड सर्वर में गड़बड़ी के कारण भी परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे लोग और भी अधिक समय तक लाइनों में इंतजार करना पड़ा।

मरीज अजय ठाकुर ने बताया कि वे सुबह 8 बजे अस्पताल पहुंचे थे। पर्ची लेने में ही एक घंटा लग गया। इसके चलते वे वे डॉक्टर के पास देरी से पहुंचे। मरीज सीमा बर्मा ने बताया कि आभा कार्ड के लिए सर्वर काम नहीं कर रहा था। कार्ड सेवाओं के लिए अतिरिक्त इंतजार करना पड़ा। इससे परेशानी और बढ़ गई। इतने लंबे इंतजार के बाद लोग थके-हारे डॉक्टर के कमरे तक पहुंचे, जहां से उन्हें कई टेस्ट लिखे गए, जिनकी रिपोर्ट आने में 3-4 घंटे लगे। इसके बाद शाम तक रिपोर्ट दिखाने के बाद कई मरीजों को उपचार मिल सका।

ये हालात उन लोगों के लिए और भी कठिन रहे, जो दूरदराज से आए थे। कई मरीज सुबह घर से खाली पेट निकले थे, लेकिन पर्ची और ओपीडी तक पहुंचने में आधा दिन बीत गया। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों वाले मरीजों की तकलीफ कतार में घंटों खड़े-खड़े और बढ़ गई।

300 बेड वाला जोनल अस्पताल में जनरल मेडिसिन, सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स, गायनेकोलॉजी, पेडियाट्रिक्स, डर्मेटोलॉजी, आई क्लिनिक, ईएनटी, डेंटल, रेडियोलॉजी, ब्लड बैंक और डायलिसिस सेंटर सहित कई विभाग चलते हैं। अस्पताल में औसतन 1,200 से 1,500 मरीज ओपीडी में इलाज करवाने आते हैं।



शिमला के डीडीयू अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। संवाद

## चमियाना अस्पताल में विटामिन बी12 टेस्ट बंद

**शिमला।** चमियाना अस्पताल की सरकारी लैब में विटामिन बी12 के टेस्ट बंद हो गए हैं। इसके चलते मरीजों को जांच में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में रिजेंट की कमी के कारण यह सेवा फिलहाल उपलब्ध नहीं है। विटामिन बी12 का परीक्षण शरीर में विटामिन की मात्रा मापने के लिए किया जाता है।

यह विटामिन लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण, तंत्रिका तंत्र के सही कार्य और मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। इसकी कमी से थकान, चक्कर आना, एनीमिया, तंत्रिका तंत्र में कमजोरी और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए समय पर बी12 टेस्ट कराना जरूरी माना जाता है। चामियाना अस्पताल के सूत्रों के अनुसार विटामिन बी12 परीक्षण न होने

### मरीजों को निजी लैब या आईजीएमसी में करवानी पड़ रही है जांच

के कारण मरीजों के सैंपल अब क्रस्ना लैब में भेजे जा रहे हैं। कुछ मामलों में सैंपल आईजीएमसी भेजे जा रहे हैं। इस वजह से रिपोर्ट आने में ज्यादा समय लग रहा है।

चमियाना अस्पताल जांच करवाने आई रेखा देवी ने बताया कि उनके बेटे को कमजोरी और चक्कर आने की समस्या थी। हम अस्पताल पहुंचे। वहां बी12 टेस्ट नहीं हो रहा था। उन्कहें स्ना लैब में भेजा गया, लेकिन रिपोर्ट आने में चार दिन लग गए। इसी तरह की शिकायतें दूसरे मरीजों ने भी की। संवाद

## केएनएच में प्रसव के बाद नहीं मिल रहीं कई सुविधाएं

**शिमला।** कमला नेहरू अस्पताल (केएनएच) में प्रसूता और नवजात शिशुओं के लिए सहायक व्यवस्थाओं में कमी खल रही है। अस्पताल में स्तनपान काउंसलिंग, दूध बैंक, टीकाकरण और जन्म प्रमाणपत्र जैसी सेवाओं में भीड़ और लंबी प्रतीक्षा के कारण परिजन कई कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

### स्तनपान काउंसलिंग, दूध बैंक और टीकाकरण में लंबी कतारों से परेशानी

ग्रामीण इलाकों से आने वाले परिवारों के लिए रात में ठहरने और साफ वॉशरूम की सुविधा की कमी भी परेशानी बढ़ा रही है। अस्पताल में स्तनपान काउंसलिंग की सुविधा तक ही सीमित है। भीड़ के कारण प्रसूता महिलाओं को घंटों इंतजार करना पड़ता है। नवजात शिशु को जन्म के तुरंत बाद सही मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। काउंसलर की कमी से समय पर सलाह नहीं मिल पा रही है।

दूध बैंक और टीकाकरण कक्ष में भीड़ होने से परिजन असमंजस में पड़ जाते हैं। रिपोर्टिंग और दवा वितरण के दौरान लंबा इंतजार करना पड़ता है। ग्रामीण इलाकों से आने वाले परिवारों के लिए रात में ठहरने की सुविधा और साफ वॉशरूम की कमी भी बड़ी चुनौती साबित हो रही है। कई परिवारों को अस्पताल परिसर में आराम करने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिलती, जिससे थकान और परेशानी बढ़ जाती है। जन्म प्रमाणपत्र की ऑनलाइन प्रक्रिया में भी कई बार दिक्कतें सामने आती हैं। फार्म भरने या दस्तावेज में त्रुटि होने पर परिजन बार-बार अस्पताल आते हैं, जिससे समय की हानि और मानसिक तनाव बढ़ता है।

अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में प्रसव होते हैं। इसके बावजूद काउंसलिंग, दूध बैंक, टीकाकरण और कागजी कार्यवाही में देरी माताओं और नवजातों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। लंबी लाइन, सुविधा में देरी और आवश्यक जानकारी के लिए बार-बार आने की प्रक्रिया से समय और ऊर्जा की बर्बादी होती है। संवाद

अमर उजाला

0 9 SEP 2025

32

## आपदा से जूझ रहे हिमाचल को त्रिपुरा-हरियाणा और यूपी ने दिए पांच-पांच करोड़ रुपये

शिमला। प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे हिमाचल की मदद को लिए अन्य राज्य भी आगे आ रहे है। उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा और हरियाणा ने हिमाचल सरकार को आपदा के लिए पांच-पांच करोड़ रुपये की मदद जारी की है।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश को भारी बारिश से आई आपदा से निपटने के लिए पांच करोड़ रुपये की सहायता राशि आपदा राहत कोष में प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावितों को मदद प्रदान करने में यह सहायता कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युद्ध स्तर पर राहत एवं पुनर्वास कार्य चला रही है। उन्होंने प्रदेश की खुले मन से मदद करने वाले सभी अंशदाताओं का भी आभार व्यक्त किया। ब्यूरो

## क्यों आ रही आपदा, थुनाग से एचपीयू ने शुरू किया अध्ययन

### कुल्लू, शिमला और कांगड़ा में धंस रही जमीन का लगाया जाएगा पता

शिमला। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के हिमालयी जोखिम न्यूनीकरण एवं रेजिलिएंस केंद्र (एचआईएम-डीआर3) ने प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं के कारणों का पता लगाने का काम शुरू कर दिया है। केंद्र ने बरसात में भूमि धंसाव से सबसे अधिक प्रभावित मंडी, कुल्लू, शिमला और कांगड़ा जिलों में सेटेलाइट और रडार तकनीक से सर्वेक्षण और जियो-मेपिंग की ठोस योजना तैयार की है।

जिला मंडी से इस सर्वेक्षण और मैपिंग की शुरुआत भी कर दी गई है। अनुसंधान केंद्र प्रदेश में सबसे अधिक प्रभावित जिलों का सेटेलाइट और आईएनएसएआर (इंफार्मेटिक सिंथेटिक एपर्चर रडार) जैसी तकनीकों से सब्सिडेंस जोनेशन मैपिंग (धंसाव क्षेत्रीकरण) करेगा। इस कार्य की शुरुआत जिला मंडी के थुनाग क्षेत्र से की गई है। सर्वेक्षण प्रोजेक्ट में राष्ट्रीय प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम), भारत और नार्वे के नार्वेजियन जियोटेक्निकल संस्थान (एनजीआई) से तकनीकी सहयोग लिया जा रहा है। विश्वविद्यालय के उप निदेशक डॉ. महेश शर्मा ने बताया कि सर्वेक्षण में जमीन धंसने वाले स्थानों की सेटेलाइट और रडार से मॉनीटरिंग और मैपिंग की जाएगी।

इसके बाद पूरे प्रदेश के मुख्य शहरों की भी मैपिंग की जाएगी। धंसाव के अधिक संवेदनशील क्षेत्रों के लिए सुरक्षित भवन निर्माण और सरकारी योजनाओं के लिए दिशा-निर्देश तैयार किए जाएंगे। डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि सर्वेक्षण के बाद जमीन धंसने के कारणों पर भी शोध कार्य किया जाएगा। कुलपति प्रो. महावीर सिंह और अनुसंधान केंद्र प्रमुख प्रो. नयनजीत सिंह नेगी ने बताया कि एचआईएम-डीआर3 की सब्सिडेंस जोनेशन मैपिंग प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ब्यूरो

## आदेशों की अवहेलना पर नायब तहसीलदार की स्कॉर्पियो जब्त, आपदा राहत में लगेगी

### अतिक्रमण हटाने संबंधी आदेश का उल्लंघन करने पर हाईकोर्ट की कार्रवाई

शिमला। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने अतिक्रमण हटाने संबंधी आदेशों की अवहेलना करने पर रामपुर के नायब तहसीलदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। खंडपीठ ने नायब तहसीलदार की स्कॉर्पियो गाड़ी को चाबियां सहित जब्त कर रजिस्टार जनरल के समक्ष जमा करने के आदेश दिए हैं।

अदालत को बताया गया कि यह गाड़ी आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत नायब तहसीलदार को सौंपी गई थी। खंडपीठ ने आदेश दिया कि गाड़ी का उपयोग आपदा राहत कार्यों के लिए किया जाएगा और इसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडी के सचिव को सौंपा जाएगा। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने आदेश दिया कि जब तक अदालत के आदेशों का पालन नहीं किया जाता, तब तक गाड़ी जब्त रहेगी। यह आदेश पुष्पानंद बनाम हिमाचल प्रदेश मामले में सुनवाई के दौरान दिए गए।

**अदालत से**

**रामपुर के नायब तहसीलदार व्यक्तिगत रूप से हुए पेश**

सुनवाई के दौरान रामपुर के नायब तहसीलदार सुरेश कुमार नेगी अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए। खंडपीठ ने पाया कि 8 अप्रैल 2025 से अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने के आदेशों के अनुपालन के लिए अवसर दिए गए थे, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया था कि 1 सितंबर को अधिकारियों को आदेशों की अवहेलना करने पर दंडित किया जाएगा। बावजूद इसके 14 अगस्त को बेदखली वारंट जारी किया गया और अनुपालन की तिथि 30 नवंबर तय की गई। अदालत ने यह माना कि अधिकारी अदालत के आदेशों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

यह मामला 2019 में एनएच 5 से याचिकाकर्ता के घर तक एंबुलेंस रोड के निर्माण से संबंधित है। संवाद

# दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को पेंशन का लाभ चार हफ्ते में दे राज्य सरकार : हाईकोर्ट

## अदालत ने कहा, दैनिक वेतनभोगी के रूप में दी गई 10 साल की सेवा को नियमित सेवा के दो साल के बराबर माना जाएगा

संवाद न्यूज एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिए हैं कि

**मामला 1**

याचिकाकर्ता को सुंदर सिंह और बालो देवी मामलों के फैसले के तहत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को पेंशन का लाभ प्रदान करे। न्यायाधीश संदीप शर्मा की अदालत में इस आदेश को चार सप्ताह के भीतर लागू करने को कहा है।

अदालत ने राज्य के इस तर्क को खारिज कर दिया कि याचिकाकर्ता की ओर से पेंशन के लिए प्रतिनिधित्व करने में देरी की गई। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी है। इसके अलावा पेंशन एक आवर्ती कार्रवाई का मामला है। इसलिए देरी के आधार पर याचिका को खारिज नहीं किया जा सकता।

अदालत ने कहा कि ऐसे कर्मचारी जिन्होंने दैनिक वेतनभोगी के रूप में 10 साल की सेवा की है, उनकी सेवा को नियमित सेवा के 2 साल के बराबर माना जाएगा। इसके साथ यदि उनकी कुल नियमित सेवा 7 साल है तो उसे 2 साल के दैनिक वेतनभोगी सेवा के लाभ के साथ जोड़कर 10 साल की नियमित सेवा माना जाएगा, जो पेंशन के लिए पात्रता प्रदान करेगा।

अदालत ने यह आदेश जगत राम मामले में दिया है। याचिकाकर्ता ने 1983 में दैनिक वेतन भोगी बेलदार के रूप में काम शुरू किया। 1994 में उनकी सेवाएं नियमित की गईं। वर्ष 2000 में 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर उन्हें सेवानिवृत्त किया गया। लेकिन विभाग ने उन्हें कोई पेंशन नहीं दी। इसके चलते याचिकाकर्ता ने पहली बार 2024 में राज्य सरकार को एक प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उसने राज्य सरकार से पेंशन के लाभों को देने की मांग की थी।

राज्य सरकार ने इसके आवेदन को देरी के चलते खारिज कर दिया था और पेंशन देने से मना कर दिया था। राज्य सरकार के इस फैसले के खिलाफ याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

### चुनाव याचिका खारिज करने के आवेदन पर फैसला सुरक्षित

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने भाजपा विधायक रणधीर शर्मा के आवेदन पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। शर्मा ने यह आवेदन श्रीनयना देवी

**मामला 2**

विधानसभा क्षेत्र से तत्कालीन कांग्रेस प्रत्याशी रामलाल ठाकुर की ओर से दायर मुख्य चुनाव याचिका में जवाब दाखिल करने से पहले तकनीकी आधार पर याचिका को खारिज करने के लिए दायर किया था। मतगणना में अनियमितताएं बरतने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। न्यायाधीश अजय मोहन गोयल की अदालत इस मामले में सुनवाई कर रही है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि पोस्टल बैलट की मतगणना के दौरान अनियमितताएं बरती गईं। इससे याचिकाकर्ता सिर्फ 171 मतों से हार गए। मतगणना तक 2816 पोस्टल बैलट प्राप्त हुए थे इनमें से 341 बिना याचिकाकर्ता और उनके एजेंट को बताए अमान्य घोषित कर दिए गए। उसके बाद 2475 की मतगणना के दौरान चुनाव अधिकारी ने 14 वोट रद्द किए। संवाद

# विमल नेगी मामले में मीणा की जमानत 26 सितंबर तक बढ़ाई

संवाद न्यूज एजेंसी




**महाधिवक्ता के अनुरोध पर राज्य सरकार को मामले में फिर से बनाया पार्टी**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत मामले में

**मामला 3**

सीबीआई की ओर से ताजा स्थिति रिपोर्ट दाखिल न करने पर आरोपी हरिकेश मीणा की जमानत को 26 सितंबर तक बढ़ा दिया है।

सीबीआई की ओर से 11 अगस्त को अदालत में पेश की गई स्थिति रिपोर्ट के पैरा नंबर 10 (जिसमें आरोप लगाए गए थे कि विमल नेगी मौत मामले में एसपी संजीव गांधी ने पंकज शर्मा को बिलासपुर भेजा था, जबकि हकीकत में पूर्व डीजीपी के कहने पर पंकज शर्मा को गठित जांच टीम में शामिल किया गया था) में संशोधन करने की अनुमति मांगी थी, जिसे न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह की अदालत ने स्वीकार कर लिया।

सीबीआई ने ताजा स्टेटस रिपोर्ट दायर करने के लिए अदालत से अतिरिक्त समय की मांग की गई ,जिसे स्वीकार किया गया। अदालत ने सीबीआई को कहा है कि वह इस मामले में सभी पक्षों को स्टेटस रिपोर्ट की प्रतिलिपियां प्रदान करें। वहीं दूसरी ओर महाधिवक्ता अनूप रतन ने अदालत से अनुरोध किया कि इस मामले में सरकार को फिर से पार्टी बनाया जाए।

महाधिवक्ता के अनुरोध पर अदालत ने प्रदेश सरकार को फिर से इस मामले में पक्षकार बनाया है। बता दें कि अदालत के आदेशों के बाद मामले की जांच को सीबीआई को सौंप दी गई थी। इसके बाद प्रदेश सरकार को इस मामले से हटा दिया गया था।

अमर उजाला 09 SEP 2025

34

# नगर निगम शिमला शक्तियों का उपयोग करने में विफल : हाईकोर्ट

## अदालत ने बंधित सड़कों के पास को लेकर विस्तृत रिपोर्ट तलब की

संवाद न्यूज एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए कहा कि नगर निगम शिमला अपनी शक्तियों का पर्याप्त उपयोग करने में नाकाम रहा है। इसके कारण अव्यवस्था फैली है।

हाईकोर्ट ने शिमला शहर में बढ़ती अव्यवस्था और यातायात की खराब स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए शिमला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक जनहित याचिका में प्रतिवादी के रूप में शामिल करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने सीलबंद (बंधित) सड़कों के लिए कितने पास, किन उद्देश्य के लिए और किसे जारी किए गए हैं, इस पर वरिष्ठ

### जनहित याचिका में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को बनाया प्रतिवादी

**अदालत से**

पुलिस अधीक्षक और गृह सचिव को विस्तृत स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

खंडपीठ ने कहा कि शिमला शहर 'छाता और जैकेट' के साथ टहलने की अपनी मूल संस्कृति हो रहा है। यह शहर मसूरी की तरह बन रहा है, जहां सील बंद सड़कों पर भी ट्रैफिक चल रहा है।

अदालत ने इस समस्या को तुरंत ठीक करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि शिमला के पुराने आकर्षण और प्राकृतिक सुंदरता को बहाल किया जा सके। जनहित याचिका में बताया गया है कि एआरटीआरएसी से राम बाजार तक की सड़क पर गंदगी और कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। इसके साथ ही वहां वाहन भी खड़े किए जाते हैं। याचिका में संलग्न तस्वीरों को देखने के बाद अदालत ने पाया कि वहां पर दोपहिया वाहनों के साथ चौपहिया वहान भी खड़े किए जाते हैं, जिससे पैदल रास्ता बंद हो गया है।

इसके चलते स्थानीय निवासियों ने वाहनों के पीछे कचरा फेंकना शुरू कर दिया है। इससे साफ सफाई की स्थिति दयनीय हो गई है। माल रोड के प्रतिबंधित हिस्से खासकर रॉक सी होटल से विलो बैंक तक और शिमला क्लब से छोटा शिमला चौक तक की सड़क पर वाहनों की पार्किंग पर भी संज्ञान लिया है।

# बिजली आपूर्ति न होने से सतलुज पेयजल योजना का ट्रायल फिर टला

## तीन महीने से टल रहा ट्रायल, मेयर से मंत्री तक के दावे हो चुके फेल

अमर उजाला ब्यूरो

**शिमला।** राजधानी की सबसे बड़ी सतलुज पेयजल योजना का ट्रायल एक बार फिर टल गया। सोमवार को शकरोड़ी में बिजली आपूर्ति न पहुंचने के कारण ट्रायल संभव नहीं हो पाया। अब महापौर सुरेंद्र चौहान बुधवार को खुद मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेंगे।

इस योजना के ट्रायल को जून से ही बार-बार टाला जा रहा है। मेयर से लेकर शहरी विकास मंत्री तक के दावों के बावजूद अभी तक शकरोड़ी में बिजली आपूर्ति ही सुनिश्चित नहीं हो पाई है। पेयजल कंपनी का कहना है कि जल भंडारण टैंक और पंपिंग स्टेशन तैयार हो चुके हैं।

बिजली आपूर्ति मिलते ही सतलुज से पानी लाकर टैंकों को भरा जाएगा। इसी दौरान टैंकों की

### कल मौके पर जाएंगे महापौर बैठक में कंपनी ने योजना के ट्रायल का किया था दावा

टेस्टिंग और फिल्टर टैंकों की क्षमता जांची जाएगी। कंपनी के मुताबिक, करीब एक सप्ताह तक शकरोड़ी में ही ट्रायल चलेगा। इसके बाद शकरोड़ी से दवाडा तक पानी की आपूर्ति की जाएगी। दवाडा में दूसरे चरण का पंपिंग स्टेशन बना है, लेकिन यहां भी अभी बिजली नहीं पहुंची है। दवाडा से डूम्मी और फिर डूम्मी से संजौली टैंक तक पानी पहुंचाने की योजना है।

बीते हफ्ते महापौर ने कंपनी और बिजली बोर्ड अधिकारियों की बैठक ली थी। उस दौरान बोर्ड ने आठ सितंबर से शकरोड़ी में बिजली आपूर्ति शुरू करने का दावा किया था। हालांकि मौके पर पैनल और ट्रांसफार्मर लगाने का काम पूरा हो चुका है, लेकिन बिजली आपूर्ति अब तक शुरू नहीं हुई है।

### वर्ष 2050 तक नहीं रहेगा जलसंकट

66 एमएलडी क्षमता वाली सतलुज पेयजल योजना से शिमला में पानी का संकट 2050 तक नहीं रहेगा। पहले चरण में 15 एमएलडी पानी की सप्लाई शुरू करने की तैयारी है। महापौर सुरेंद्र चौहान ने बताया कि बुधवार को कंपनी अधिकारियों के साथ शकरोड़ी का दौरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ट्रायल में लगने वाले समय और अन्य औपचारिकताओं पर रिपोर्ट ली जाएगी। सोमवार को टाउनहॉल में भी महापौर ने कंपनी अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट तलब की और निर्देश दिए कि शकरोड़ी में ट्रायल की औपचारिकताएं जल्द पूरी की जाएं।

अमर उजाला

09 SEP 2025

# देहा-खिड़की सड़क निर्माण में गड़बड़झाला काम पूरा नहीं, फिर भी करोड़ों का भुगतान

## विजिलेंस ने अफसरों-ठेकेदार समेत 7 पर किया केस दर्ज, मिलीभगत का खुलासा

**अमर उजाला ब्यूरो**

**शिमला।** विजिलेंस जांच में देहा-खिड़की सड़क के विस्तारीकरण कार्य में बड़ा गड़बड़झाला सामने आया है। प्रारंभिक छानबीन में खुलासा हुआ है कि लोक निर्माण विभाग के तत्कालीन अधिकारियों ने पद का दुरुपयोग करते हुए गलत सिफारिशों और फर्जी रिकॉर्ड प्रविष्टियों के आधार पर ठेकेदार को करोड़ों रुपये का भुगतान कर दिया।

काम पूरा न होने के बावजूद किए गए इस भुगतान से प्रदेश सरकार को भारी राजस्व नुकसान झेलना पड़ा। काम अधूरा रहने से स्थानीय लोगों को भी लाभ नहीं मिल सका। विजिलेंस ने इस मामले में कई चौंकाने वाले तथ्य उजागर किए हैं। जांच में पाया गया कि अधिकारियों ने नियमों को ताक पर रखकर ठेकेदार को फायदा पहुंचाया। इसके चलते अब विजिलेंस ने ठेकेदार समेत लोक निर्माण विभाग के तत्कालीन अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468, 471, 120 बी, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1)(ए) सहपठित 13(2), हिमाचल प्रदेश विशिष्ट भ्रष्ट आचरण निवारण अधिनियम 1983 की धारा 5 और 6 तथा भारतीय वन अधिनियम की धारा 32 और 33 के तहत केस दर्ज है।

जानकारी के अनुसार इस गड़बड़झाले में सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। इनमें लोक निर्माण विभाग के कई तत्कालीन अधिकारी शामिल हैं। दो आरोपी अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं, जबकि अन्य अभी विभिन्न स्थानों पर सेवाएं दे रहे हैं। विजिलेंस ने कहा है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों पर कानून के तहत सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### ठेकेदार को 8.15 करोड़ का काम हुआ था आवंटित



विजिलेंस जांच में पता चला कि केंद्रीय सड़क निधि के तहत देहा से खिड़की तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य 29 जून 2018 को 8,15,05,048 रुपये में ठेकेदार को आवंटित किया गया। ठेकेदार ने 96,503 घन मीटर मिट्टी काटने में से 77,272.73 घन मीटर का कार्य किया, जो जारी एमबी नंबर 1848 की प्रतियों से स्पष्ट होता है। इसके लिए 85 लाख रुपये का बिल तैयार कर 1 फरवरी 2021 को भुगतान किया गया।

### एमबी में रिकॉर्ड नहीं

ठेकेदार की ओर से मिट्टी काटने के अलावा कुछ रिटेनिंग दीवारें और एक ब्रेस्ट वॉल मौके पर मिलीं, लेकिन इनका कोई रिकॉर्ड संबंधित एमबी में दर्ज नहीं था। माप के अनुसार दीवारों की लंबाई 425 मीटर पाई गई। विभाग के अनुसार इस काम की लागत 188.57 लाख रुपये आंकी गई है और 85 लाख रुपये का बिल तैयार किया गया। तत्कालीन एई चौपाल द्वारा जारी प्रमाणपत्र में पाया गया कि 1,03,57,244 रुपये के काम का रिकॉर्ड एमबी में दर्ज नहीं था।

**फर्जी रिकॉर्ड पर ठेकेदार को फायदा पहुंचाने का लगाया गया है आरोप**

**लोक निर्माण विभाग के तत्कालीन अधिकारियों ने नियमों को रखा ताक पर**

### एई-जेई की गलत रिपोर्ट पर करोड़ों रुपये जारी

विजिलेंस जांच में सामने आया कि 5,73,81,331 रुपये का भुगतान तत्कालीन एक्जीक्यूटिव इंजीनियर्स ने एई और जेई की गलत सिफारिशों और रिपोर्ट के आधार पर बिना कार्य पूरा किए ही ठेकेदार को जारी कर दिया। इसके अलावा 1,03,57,244 रुपये बिना रिकॉर्ड प्रविष्टि के जारी किए गए। भुगतान समझौते के खंड 10 सीसी के तहत 62,38,575 रुपये भी गणना पत्रक और उचित फार्मूला लागू किए बिना ठेकेदार को दे दिए गए।

**खास खबर**

86

अमर उजाला

09 SEP 2025

# खुद खोली सड़क, जेसीबी से पार करवाया नाला, फिर गर्भवती को अस्पताल पहुंचाया

## महिला की मदद के लिए नेरवा के शलन गांव के सात लोग गैंती, बेलचा लेकर निकले

संवाद न्यूज एजेंसी

**नेरवा (रोहड़ू)।** शिमला के दुर्गम क्षेत्रों में भारी बारिश और भूस्खलन के बाद अभी भी कई सड़कें बहाल नहीं हो पाई हैं। ऐसे में बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। पांवटा साहिब-नेरवा मुख्य मार्ग पर पर राणा क्यार में भी ऐसी ही मुश्किल सामने आई। बीते दिन बारिश के दौरान शलन गांव की एक महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। सड़क बंद होने पर ग्रामीणों ने पहले खुद सड़क बहाल की। इसके बाद जेसीबी से उफनता नाला पार कराया, फिर अस्पताल पहुंचाया।

यह नाला मुख्य मार्ग और राणा क्यार गांव के बीच पड़ता है। इस नाले पर पुल नहीं है। नाले से होकर वाहन मुख्य मार्ग तक पहुंचते हैं, लेकिन बरसात में नाला उफान पर होता है, तो इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही रुक जाती है। समाजसेवी अतर सिंह राणा ने बताया कि वह हलाऊ पंचायत के गांव शलन की गर्भवती महिला मोनिका पत्नी सुनील को प्रसव पीड़ा होने पर महिंद्रा यूटिलिटी गाड़ी से सिविल अस्पताल नेरवा लेकर जा रहे थे। बरसात के कारण कई जगह सड़क अवरुद्ध होने के कारण गाड़ी में सड़क खोलने के लिए सात गांववासी भी गैंती, बेलचे और झब्बल समेत सवार थे। कई जगह कड़ी मशक्कत के बाद रास्ता साफ करते लोग राणा क्यार गांव में आकर फंस गए। राणा क्यार गांव और मुख्य मार्ग के बीच बहने वाला नाला उफान पर था। कोई दूसरा मार्ग न होने पर गांव के लोगों ने जेसीबी मंगवाई और उसकी बकेट में मोनिका को बिठाकर नाला पार करवाया।



नेरवा में जेसीबी मशीन से गर्भवती महिला को नाला पार कराते लोग। संवाद

### उफनता नाला पहले बहा ले गया था घरों को, अब तक नहीं बन पाया इस पर पुल

राणा क्यार के सुनील मखरांण ने बताया कि इससे पहले भी 2019 और 2023 में इस नाले में भयंकर बाढ़ आई थी, जिसमें नाले के करीब बने कुछ मकान भी बह गए थे। दोनों बार तत्कालीन उपायुक्त शिमला लोक निर्माण विभाग और राजस्व विभाग के कर्मचारियों के साथ मौके का जायजा लेने आए थे। दोनों बार स्थानीय लोगों का प्रतिनिधिमंडल उनसे मिला था और नाले पर पुल का निर्माण करवाने की गुहार लगाई थी। इसके बावजूद आज तक नाले पर पुल नहीं बन पाया।

### लोग बोले-नाले पर पुल बने तो लोगों को मिलेगी राहत

राणा क्यार निवासी पूर्व प्रधान अमर चंद नेगी, पूर्व प्रधान तपेंद्र नेगी, राजेंद्र सिंह डोगरा, छज्जू राम मखरांण, सुनीता अरोड़ा, सुनील अरोड़ा, सरस्वती नेगी, लोकेंद्र सिंह नेगी, बिजमल पंचायत के पूर्व प्रधान दिनेश चौहान, केदी-बिजमल वार्ड के पंचायत समिति सदस्य राम चंद, अत्तर सिंह राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मांग की है कि राणा क्यार नाले पर शीघ्र पुल बनवाया जाए।

## कुल्लू में बाढ़, घरों-खेतों में घुसा मलबा, दो एनएच समेत 744 सड़कें बंद

**शिमला/धर्मशाला।** चंबा-भरमौर नेशनल हाईवे चौदह दिन बाद बहाल होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। लारजी-बंजार एनएच भी छोटे वाहनों के लिए खुल गया है। कुल्लू में दिनभर मौसम साफ रहने के बाद शाम को तेज बारिश हुई। इससे भुंतर के कहुधार में बाढ़ आ गई। लोगों में अफरातफरी मच गई। नाले का मलबा फोरलेन पर आ गया। पाहनाला क्षेत्र के शिलीहार में शगाड़ में भारी बारिश से बाढ़ आ गई और मलबा घरों व खेतों में घुस गया। सोमवार शाम तक प्रदेश में तीन एनएच सहित 744 सड़कें, 959 बिजली ट्रांसफार्मर और 472 पेयजल योजनाएं ठप रहीं। एनएचएआई ने हाईवे-305 को लारजी से बंजार तक छोटे वाहनों के लिए बहाल कर दिया है। बंजार के सैंज में हेलिकाप्टर से 30 क्विंटल राशन पहुंचाया गया। कुल्लू से मनाली हाईवे बहाल करने का कार्य भी तेजी से चल रहा है। शिमला में सोमवार को हल्की बारिश हुई। ऊना जिले में सोमवार सुबह और दोपहर को बारिश हुई। हमीरपुर में दिनभर रुक-रुक कर बारिश हुई। कांगड़ा जिले में सोमवार सुबह मौसम साफ रहा और दोपहर बाद धर्मशाला सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश हुई। सुबह मौसम साफ रहने के चलते गगल एयरपोर्ट पर सभी उड़ानें समय पर पहुंचीं। शिमला में खराब मौसम के चलते हवाई सेवाएं ठप रहीं। उधर, मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक मंगलवार को भी प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में बारिश के आसार हैं। हालांकि 14 सितंबर तक कोई भी अलर्ट नहीं है। ब्यूरो

**14**
**दिन बाद छोटे वाहनों के लिए बहाल हुआ चंबा-भरमौर एनएच**

अमर उजाला

0 9 SEP 2025

37

# ठोस योजनाएं बनाने की जरूरत : जयराम

## नेता विपक्ष बोले-प्रधानमंत्री को हिमाचल में हुए नुकसान के बारे में बताएंगे

**धर्मशाला।** प्रधानमंत्री मोदी के दौरे से पहले पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर कांगड़ा पहुंचे और वहां तैयारियों का जायजा लिया। जयराम ने कहा कि आपदाओं को देखते हुए प्रदेश के लिए भविष्य के लिए ठोस योजनाएं बनाने की जरूरत है।

जयराम ने धर्मशाला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपदा के इस कठिन समय में 9 सितंबर को हिमाचल प्रदेश का उनका दौरा लोगों को राहत पहुंचाएगा। प्रधानमंत्री को हिमाचल में हुए नुकसान के बारे में विपक्ष और प्रदेश सरकार अवगत कराएगी, जिससे राज्य



**केंद्र से प्रदेश को 5150 करोड़ प्रभावितों को 300 करोड़ मिले**

को अधिकतम सहायता प्राप्त हो सके।

जयराम ने इस बात पर भी चिंता व्यक्त की कि आपदा के कारण बुनियादी ढांचे को नुकसान हो रहा है, जबकि आय के स्रोत भी बाधित हो रहे हैं। सेब सड़ रहे हैं। सरकार को सेब बहुल इलाकों की सड़कों को शीघ्र खोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपदा राहत कार्य प्रदेश सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन वर्तमान में सरकार सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। आपदा के दौरान मुख्यमंत्री और उनके मंत्री सिर्फ राजनीतिक बयानबाजी में व्यस्त हैं।

कहा कि जिन जगहों पर युद्धस्तर पर काम किया जाना चाहिए था, वहां पर सरकार नाममात्र का कार्य कर रही है। केंद्र ने हिमाचल प्रदेश को आपदा राहत के लिए विभिन्न मदों में 5150 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी है, लेकिन विधानसभा सत्र के दौरान यह जानकारी सामने आई कि राज्य सरकार ने आपदा प्रभावितों को केवल 300 करोड़ रुपये की राहत दी है। यह साफ दिखता है कि राज्य सरकार आपदा पीड़ितों की मदद के प्रति कितनी गंभीर है। ब्यूरो

# आधी रात धरने पर बैठे विधायक चंद्रशेखर

## एनएच निर्माण में अनियमितताओं से नाराज हैं कांग्रेस विधायक, बोले-धर्मपुर की अधिकतर पंचायतें हैं प्रभावित, सरकार नहीं कर रही सुनवाई

**टिहरा (मंडी)।** मंडी-जालंधर वाया धर्मपुर एनएच के निर्माण में हो रही अनियमितताओं से नाराज धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने सोमवार रात अवाहदेवी चौक पर धरने पर बैठ गए। उन्होंने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय समेत कंपनी अफसरों के खिलाफ कार्यकर्ताओं के साथ धरना दिया। उन्होंने जनता को पेश आ रही दिक्कतों को लेकर अनशन का एलान किया। लोग परेशानी से जूझ रहे हैं। अफसरों को कोई चिंता नहीं है। चुने प्रतिनिधियों की अनदेखी की जा रही है।

विधायक ने कहा कि एनएच निर्माता कंपनी की ओर से किए जा रहे निर्माण कार्य से क्षेत्र की अधिकांश पंचायतें प्रभावित हैं। सैकड़ों घरों पर खतरा मंडरा रहा है। जनता की दिक्कतें ध्यान में आने पर अधिकारियों से सोमवार शाम को बातचीत की गई, लेकिन कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिल पाया। थाने पहुंचकर भी इन्हें बुलाने का प्रयास हुआ, लेकिन कोई नहीं पहुंचा। ऐसे में जनहित में सांसद अनुराग ठाकुर के घर के पास



**अवाहदेवी चौक पर धरने पर बैठे विधायक व अन्य।** संवाद

अवाहदेवी चौक में धरने पर बैठना पड़ा है। रात 10 बजे विधायक समर्थकों के साथ अवाहदेवी चौक पर पहुंचे और अनशन की घोषणा की।

विधायक ने कहा कि जगह-जगह हो रही कटाई और ढलानों पर बिना सुरक्षा उपायों के काम होने से गांवों और घरों की नींव तक खतरे में आ गई है। जब तक मांगें पूरी नहीं होती और गुणवत्तापूर्ण निर्माण की गारंटी नहीं दी जाती, तब तक अनशन किया जाएगा। उन्होंने काम कर रही कंपनी को हटाने की मांग की है। संवाद

## हिमाचल प्रदेश को पूर्ण साक्षर राज्य किया घोषित, साक्षरता दर 99.30 फीसदी

# 200 सरकारी स्कूलों में शुरू होगा सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम



*शिमला : अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर पीटरहॉफ में आयोजित पूर्ण साक्षर हिमाचल प्रदेश एवं उल्लास मेला के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ संयुक्त चित्र में सम्मानित किए गए अधिकारी, स्वयंसेवक व नवसाक्षर। (नरेश)*

शिमला, 8 सितम्बर (कुलदीप): मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकारी स्कूलों में सी.बी.एस.ई. व शिक्षा बोर्ड दोनों के पाठ्यक्रमों का समावेश किया जाएगा। इसके तहत 200 स्कूलों में सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम को शुरू किया जाएगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू होटल पीटरहॉफ में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर आयोजित पूर्ण साक्षर हिमाचल समारोह एवं उल्लास मेला-2025 के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश को पूर्ण साक्षर राज्य भी घोषित किया गया। हिमाचल प्रदेश की साक्षरता दर अब 99.30 फीसदी पहुंच गई है, जो राष्ट्रीय मानक 95 फीसदी से कहीं अधिक है।

उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान अब गुणवत्ता शिक्षा पर केंद्रित है। इसी कारण पहली कक्षा से अंग्रेजी मीडियम को शुरू किया गया है। सरकार की तरफ से राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं, जिससे शिक्षा का स्तर ऊंचा होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विद्यार्थी-अध्यापक अनुपात में प्रदेश देशभर में अव्वल स्थान पर है और आगामी वर्षों में सरकारी शिक्षण संस्थानों को श्रेष्ठ संस्थानों के रूप में बदला जाएगा। उन्होंने पूर्ण साक्षर राज्य के दृष्टिगत योगदान देने वाले अधिकारियों, स्वयंसेवकों और नव साक्षरों को सम्मानित किया। उन्होंने उल्लास कार्यक्रम के तहत लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि आज के दिन हिमाचल के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश को पूर्ण साक्षर राज्य घोषित करने के अवसर पर स्वंयसेवी अध्यापकों और नव साक्षरों ने अपने अनुभव सांझा किए।

केंद्रीय सचिव शिक्षा संजय कुमार ने वीडियो संदेश द्वारा हिमाचल को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दीं। शिक्षा सचिव राकेश कंवर एवं निदेशक स्कूल शिक्षा आशीष कोहली ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महापौर नगर निगम शिमला सुरेंद्र चौहान सहित अन्य गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### शिक्षा के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में आएगा बदलाव

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि शिक्षा के बाद स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं तथा सरकार एम्स के स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने 15 सितम्बर को बुलाई मंत्रिमंडल बैठक

## प्राकृतिक आपदा से हुए नुक्सान व राहत एवं बचाव कार्यों की होगी समीक्षा

शिमला, 8 सितम्बर (कुलदीप): मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 15 सितम्बर को मंत्रिमंडल बैठक बुलाई है। प्रदेश सचिवालय के शिखर सम्मेलन हाल में सुबह 11 बजे होने वाली बैठक के लिए अभी कार्यसूची तैयार नहीं की गई है। सूत्रों के अनुसार बैठक में प्रमुख रूप से प्राकृतिक आपदा से हुए नुक्सान व राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की जाएगी। प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे प्रदेश



के लोगों की मदद किस तरह से करनी है, इसको लेकर सरकार आगे बढ़ेगी।

प्रदेश में अभी भी मानसून की वर्षा का क्रम जारी है, जिससे प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में जन-धन की हानि हुई है। ऐसे में मंत्रिमंडल बैठक के समक्ष प्रदेश के विभिन्न जिलों में हुए नुक्सान की वस्तुस्थिति को सामने रखा जाएगा। मुख्यमंत्री का दिल्ली में 16वें वित्तायोग अध्यक्ष डा. अरविंद पनगढ़िया से 11 सितम्बर को मिलने का कार्यक्रम है और 12 सितम्बर को उनकी शिमला वापसी होगी। उनकी शिमला वापसी के बाद ही मंत्रिमंडल की कार्यसूची को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। सरकारी विभागों की तरफ से लाए जाने वाले प्रस्तावों के आधार पर भी बैठक में चर्चा होगी और आगामी निर्णय लिए जाएंगे।

# कर्मचारियों के विरोध के बाद हाइएस्ट ग्रेड पे वापस लेने की अधिसूचना स्थगित

## कर्मचारियों व संबंधित विभागों को अगले आदेश तक प्रतीक्षा करने के दिए निर्देश

### ■ नहीं होगी किसी भी कर्मचारी के वेतन में कटौती : सी.एम.

शिमला, 8 सितम्बर (भूपिन्द्र): कर्मचारियों के विरोध के बाद प्रदेश सरकार ने सोमवार को हाइएस्ट ग्रेड पे वापस लेने को लेकर जारी अधिसूचना पर अगले आदेशों तक रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के निर्देशों के उपरान्त वित्त विभाग ने 6 सितम्बर, 2025 को हिमाचल प्रदेश सिविल सेवाएं (संशोधित वेतन) नियम, 2022 में नियम 7ए को हटाने की अधिसूचना को स्थगित करने को लेकर नोटिफिकेशन जारी की। स्थगित की गई अधिसूचना से जुड़ी कोई विशेष जानकारी या कारण इस आदेश में स्पष्ट नहीं किया गया है, लेकिन इसे प्रशासनिक कारणों से फिलहाल के लिए स्थगित किया गया है। इस निर्णय से संबंधित किसी भी आगामी सूचना के लिए कर्मचारियों व संबंधित विभागों को अगले आदेश की प्रतीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

इस बीच राजधानी शिमला में सोमवार को कर्मचारियों ने अपनी ताकत दिखाई। हाइएस्ट ग्रेड पे की कटौती को लेकर जारी अधिसूचना को वापस लेने की मांग को लेकर जहां सचिवालय कर्मचारी संघ तथा राज्य से आए कई कर्मचारियों ने गेट मीटिंग कर अपना विरोध जताया तथा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके अलावा अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ व सचिवालय कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मिलने पीटरहॉफ पहुंचे। इसमें कर्मचारी नेता प्रदीप ठाकुर व और त्रिलोक ठाकुर सहित अन्य शामिल रहे। कर्मचारियों ने इस अधिसूचना के कारण उन्हें आने वाली परेशानी व नुक्सान से अवगत करवाया।



*शिमला : पीटरहॉफ में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कर्मचारियों को संबोधित करते हुए। (नरेश)*

कर्मचारियों के विरोध के बीच सी.एम. ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि कर्मचारियों के वेतन में कटौती नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जब किसी कर्मचारी को सरकार द्वारा पैसा दिया जाता है तो उसे वापस नहीं लिया जाता है। अधिसूचना में जो गलती हुई है, उसे दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में जो भी कर्मचारी लगें उन्हें एडीशनल इंक्रीमैंट नहीं दी जाएगी। जिन्हें दे दिया (शेष पृष्ठ 2 कालम 1 पर)

**कर्मचारियों के विरोध...**

है, उनसे वापस नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह फैसला नई भर्तियों पर लागू होगा।

उन्होंने कहा कि अधिसूचना में संशोधन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों का कल्याण सुनिश्चित करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी प्रदेश सरकार कर्मचारियों के हितों की रक्षा करेगी।

शिमला सहित अन्य जिलों से आए सरकारी कर्मचारी सोमवार दिनभर राज्य सचिवालय के परिसर में अधिसूचना को वापस लेने की नोटिफिकेशन का इंतजार करते रहे। शाम के समय जब सरकार ने पहले से जारी अधिसूचना पर रोक लगाने को लेकर नई अधिसूचना जारी की, उसके बाद ही वह अपने-अपने घरों को गए। वहीं प्रदेश सचिवालय परिसर में सचिवालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष संजीव शर्मा, अराजपत्रित कर्मचारी सेवाएं महासंघ एवं गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ के समानांतर गुटों के पदाधिकारियों ने सरकार के निर्णय का स्वागत किया।

# प्रधानमंत्री वस्तुस्थिति को देखेंगे तो जरूर विशेष राहत पैकेज देंगे : सुक्खू

शिमला, 8 सितम्बर (कुलदीप): मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को जब वस्तुस्थिति को अपनी आंखों से देखेंगे, तो जरूर विशेष राहत पैकेज देंगे। उनकी तरफ से केंद्रीय टीम से भी फीडबैक लिया जाएगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वन अधिनियम में छूट देने और आपदा में जमीन गंवा चुके लोगों को 1 बीघा वन भूमि देने की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्ष, 2023 की प्राकृतिक आपदा में 10 हजार करोड़ रुपए का नुक्सान हुआ, लेकिन उसकी एवज 2 वर्ष बाद 2,000 करोड़ रुपए मिले। उन्होंने आपदा में मिली राशि को सिर्फ इसी कार्य के लिए खर्च किया जा सकता है, लेकिन उसका विवरण मांगा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री दौरे पर आते हैं, तो उनसे निश्चित रूप से मदद की उम्मीद की जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को प्राकृतिक आपदा से 5 हजार करोड़ रुपए का नुक्सान हो चुका है। मुख्यमंत्री कहा कि प्रदेश में राहत एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

### वित्तायोग अध्यक्ष से 11 को मुलाकात करेंगे सी.एम.

प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 16वें वित्तायोग के अध्यक्ष डा. अरविंद पनगढ़िया से मुलाकात करने के लिए नई दिल्ली रवाना हो जाएंगे। यह मुलाकात 11 सितम्बर को होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह फिर से वित्तायोग के समक्ष हिमाचल प्रदेश के अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए नई दिल्ली जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 67 फीसदी वन क्षेत्र है, जिसकी एवज प्रदेश को अदायगी की जानी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मैदानी और पहाड़ी क्षेत्रों के मापदंड एक जैसे नहीं हो सकते, जिसका ध्यान वित्तायोग को रखना चाहिए।

पंजाब केसरी 09 SEP 2025

# आपदा के बीच मोदी आज हिमाचल आएंगे, नुक्सान का लेंगे जायजा

**4,122.46 करोड़ का अब तक प्रदेश में इस मानसून सीजन में हुई बरसात से नुक्सान, 370 लोगों की हो चुकी है आपदा जनित हादसों में मौत**

धर्मशाला, 8 सितम्बर (सौरभ): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन में भारी बरसात, बादल फटने से आई बाढ़ और भूस्खलन से हुई भारी तबाही का जायजा लेने के लिए 9 सितम्बर (मंगलवार) को हिमाचल प्रदेश का दौरा करेंगे। मोदी के अब तक के कार्यकाल में सम्भवत: यह पहला अवसर होगा, जब प्रधानमंत्री अपने "दूसरे घर" हिमाचल के आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करेंगे। 2023 में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने प्रदेश के आपदाग्रस्त इलाकों का दौरा किया था।

पी.एम. का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब इस साल मानसून से संबंधित आपदाओं के कारण राज्य को 4,122.46 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुक्सान हो चुका है और अब तक 370 लोगों की जान चली गई है। नुक्सान का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। इस स्थिति से चिंतित मोदी संकट से जूझ रहे पहाड़ी प्रदेश के हालात खुद जानने आ रहे हैं, वहीं राज्यपाल, मुख्यमंत्री, राज्य सरकार के अफसरों व नेता विपक्ष सहित पार्टी सांसदों से भी वस्तुस्थिति जानेंगे। दिल्ली से प्रधानमंत्री का विशेष विमान में मंगलवार दोपहर बाद करीब डेढ़ बजे गग्गल स्थित हवाई अड्डा पर उतरने का कार्यक्रम है। जानकारी अनुसार मोदी कांगड़ा हवाई अड्डे के कक्ष में ही मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, राज्य के सांसदों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से मिलेंगे।

सूत्रों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री के समक्ष विस्तृत नुक्सान रिपोर्ट पेश करने की उम्मीद है, जिसमें नष्ट हुए घरों, सड़क-बिजली-पानी सहित बुनियादी ढांचे को हुए नुक्सान और इस समय चल रहे बचाव अभियानों का डेटा शामिल होगा। राज्य विधानसभा के मानसून सत्र में राज्य की आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का प्रस्ताव पक्ष-विपक्ष की सहमति से पारित हो चुका है।



## मंडी, कुल्लू व चम्बा जिलों का हवाई सर्वेक्षण करने का कार्यक्रम

जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री मोदी का दोपहर 3 बजे दिल्ली रवाना होने से पहले चम्बा, मंडी और कुल्लू सहित सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करने का कार्यक्रम है। इसके अलावा कांगड़ा के बाढ़ प्रभावित मंड मियाणी क्षेत्र में हुए नुकसान भी हवाई सर्वे करेंगे। वहीं कांगड़ा एयरपोर्ट पर ही प्रधानमंत्री का कुछ आपदा प्रभावितों से मिलने का अलग से शेड्यूल तय है।

## केंद्र की 2 टीमें पहले ही कुल्लू व चम्बा दौरे पर

प्रधानमंत्री के मंगलवार को प्रस्तावित दौरे से पहले नई दिल्ली से 2 केंद्रीय टीमें बाढ़ और भूस्खलन से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए पहले ही हिमाचल पहुंच चुकी हैं। एक टीम कुल्लू में आपदाग्रस्त इलाकों का दौरा कर रही है, जबकि दूसरी चम्बा में नुकसान का जायजा ले रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस टीम के निष्कर्ष के आधार पर केंद्र सरकार आपदा राहत को लेकर राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री को सौंपे जाने वाले प्रस्ताव को मजबूत आधार दे सकते हैं।

## प्रधानमंत्री कांगड़ा एयरपोर्ट में करेंगे समीक्षा बैठक, सरकार व विपक्ष बताएंगे हालात

## मोदी के साथ बैठक में ये होंगे शामिल

गग्गल स्थित कांगड़ा हवाई अड्डा में प्रधानमंत्री द्वारा ली जाने वाली समीक्षा बैठक में करीब 25 महानुभाव शामिल हो सकते हैं। इनमें राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, राज्य के सभी सांसद, नेता प्रतिपक्ष, राज्य के मुख्य सचिव, मिनिस्टर इन वेटिंग सहित केंद्र के सम्बंधित अधिकारी शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री सुक्खू आज सुबह धर्मशाला आएंगे, मांगेंगे विशेष राहत पैकेज

प्रधानमंत्री से बैठक के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मंगलवार की सुबह शिमला से धर्मशाला पहुंचेंगे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू प्रधानमंत्री मोदी से राज्य के लिए एक विशेष राहत पैकेज की घोषणा करने और हिमाचल को औपचारिक रूप से आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित करने का आग्रह करेंगे।



जानकारी अनुसार सरकार की ओर से प्रधानमंत्री को आपदा से अब तक नुक्सान को लेकर एक विस्तृत प्रस्तुति दी जा सकती है। इस दौरान मुख्यमंत्री पोस्ट-डिजास्टर नीड्स असैसमैंट (पी.डी.एन.ए.) के तहत 2023 में आई आपदा में हुए नुक्सान के एवज में अब तक बहुत कम बजट जारी होने का मुद्दा भी उठा सकते हैं। मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री का सोमवार शाम को धर्मशाला पहुंचने का कार्यक्रम था लेकिन शिमला में खराब मौसम के चलते उड़ान सम्भव नहीं हो सकी। मुख्यमंत्री अब मंगलवार की सुबह सड़क मार्ग द्वारा धर्मशाला पहुंचेंगे।

## प्रधानमंत्री के समक्ष रखूंगा एफ.सी.ए. में राहत का मुद्दा : जयराम

धर्मशाला पहुंचे नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पंजाब केसरी से खास बातचीत में कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष आपदा से बेघर हुए लोगों को नया घर बनाने के लिए एक बीघा तक भूमि उपलब्ध करवाने के लिए वन संरक्षण अधिनियम (एफ.सी.ए.) में राहत प्रदान करने का मुद्दा रखेंगे। जयराम बोले, इस साल प्रदेश में सबसे बड़ी आपदा आई है। प्रदेश सरकार अपने स्तर पर पीड़ितों को राहत देने में सक्षम नहीं है, लेकिन उलटा केंद्र सरकार को कोस रही है। यह समय राजनीति का नहीं है। राज्य सरकार प्रधानमंत्री से विशेष राहत पैकेज की डिमांड रखे, हम सरकार का साथ देंगे।



## मौसम के मिजाज पर रहेगी नजर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंगलवार को हिमाचल दौरे को लेकर मौसम के मिजाज पर सबकी नजर रहेगी। हालांकि, प्रदेश में बीते 2-3 दिन से मानसून की तीव्रता में कमी आई है, लेकिन जारी टूर प्रोग्राम के अनुसार दिल्ली में मंगलवार को तूफान के साथ बारिश और प्रदेश में बादलों के साथ हल्की बारिश की संभावनाएं व्यक्त की गई हैं। उधर, कांगड़ा के डी.सी. हेमराज बैरवा ने कहा कि जिला प्रशासन ने प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

पंजाब केसरी 0 9 SEP 2025



# हिमाचल को हरियाणा व त्रिपुरा सरकार ने दी 5-5 करोड़ की मदद

शिमला, 8 सितम्बर (ब्यूरो): हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैणी ने हिमाचल प्रदेश सरकार को प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए 5 करोड़ रुपए आपदा राहत कोष में दान किए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को लिखे पत्र में हरियाणा के मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में हरियाणा सरकार हिमाचल प्रदेश की जनता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी तरह की राहत सामग्री या सहायता की आवश्यकता है, तो मुख्य सचिव स्तर पर निःसंकोच संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की ओर से तुरंत राहत सामग्री भिजवा दी जाएगी।





## योगी भी देंगे 5 करोड़, राहत सामग्री भेजी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ने हिमाचल प्रदेश में आपदा राहत कोष के लिए 5 करोड़ रुपए देने की घोषणा की है। उन्होंने प्रदेश के लिए राहत सामग्री भी भेजी है।



वहीं त्रिपुरा सरकार की तरफ से हिमाचल प्रदेश को भारी वर्षा के कारण आई प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए 5 करोड़ रुपए की सहायता राशि आपदा राहत कोष में भेंट की है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इसके लिए त्रिपुरा सरकार का आभार व्यक्त कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावितों को मदद प्रदान करने में यह सहायता कारगर साबित होगी।

पंजाब केसरी 09 SEP 2025





शिमला : पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह और लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह घंडल पंचायत घर का लोकार्पण करते हुए। (नरेश)

# केंद्र से बजट में कटौती के बाद भी प्रदेश में तेज गति से करवाए जा रहे विकास कार्य : अनिरुद्ध

## पंचायतें स्वयं आय के स्त्रोत करें विकसित : विक्रमादित्य

शिमला, 8 सितम्बर (संतोष): शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के तहत घंडल के पंचायत घर का पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह और लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री ने संयुक्त रूप से लोकार्पण किया। इस दौरान दोनों मंत्रियों को स्थानीय पंचायत की ओर से सम्मानित भी किया गया। दोनों मंत्रियों ने स्थानीय लोगों की जन शिकायतें भी सुनीं।

पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्यों का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह को जाता है। उन्हीं के प्रयासों से आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर के शिक्षण संस्थान स्थापित हैं। घंडल पंचायत एक मात्र ऐसी पंचायत है, जहां पर राष्ट्रीय लॉ यूनिवर्सिटी, ज्यूडीशियल अकादमी, संस्कृत अकादमी, राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान, डिग्री कॉलेज धामी आदि स्थापित हैं। यह क्षेत्र शिक्षा हब बनता जा रहा है। शिमला ग्रामीण में इस तरह के 9 नए पंचायत घर बनाए जा रहे हैं। इन पर 14.72 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इनमें से 7 का लोकार्पण पंचायत चुनावों से पहले ही कर दिया जाएगा। उन्होंने ओगली पंचायत के लिए 10 लाख रुपए और घरियाणा पंचायत के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आत्मनिर्भर हिमाचल प्रदेश की दिशा में प्रभावी तरीके से आगे बढ़ रही है। केंद्र सरकार की ओर से बजट में कटौती के बाद भी प्रदेश के विकास कार्य तीव्र गति से करवाए जा रहे हैं।

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने घंडल में आयोजित मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि डिग्री कॉलेज धामी को भारी बारिश के कारण खतरा पैदा हो गया था, जिसका 5 करोड़ रुपए की लागत से रेस्टोरेशन कार्य करवाया जा रहा है। उन्होंने कि प्रदेश में इस वर्ष भी आपदा से भारी नुक्सान हुआ है। अकेले लोक निर्माण विभाग को 2400 करोड़ रुपए का नुक्सान हो चुका है।

विभाग की मशीनरी, कर्मचारी, अधिकारी दिन रात बाधित मार्गों को खोलने में लगे हुए हैं और सैंकड़ों मार्गों को बहाल कर दिया गया है। आज प्रदेश दूसरी तरफ आर्थिक संकट से गुजर रहा है। ऐसे में हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार प्रयास कर रही है। हम प्रदेश की आय बढ़ाने के लिए नवीन फैसलों को लागू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंचायतों को अपनी आय बढ़ाने के लिए विकल्प तैयार करने चाहिए। हर पंचायत अपने स्तर पर नए फैसलों को लागू करके अपनी आय को सुदृढ़ करने के लिए कार्य करें। प्रदेश में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस पंचायत घर बनाए जा रहे हैं। इससे पंचायत के आय के स्त्रोत विकसित होंगे। उन्होंने घंडल में सामुदायिक भवन का शिलान्यास भी किया।

## 1.14 करोड़ से बनकर तैयार हुआ पहला पंचायत घर-कम-सामुदायिक भवन

प्रदेश सरकार ने सत्ता में आते ही अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 150 पंचायत घरों को बनाने का निर्णय लिया था। वैसे तो हर पंचायत घर के निर्माण पर 33 लाख रुपए खर्च करने का प्रावधान था, लेकिन वर्तमान सरकार ने पंचायत घर की निर्माण राशि 1.14 करोड़ करने का फैसला लिया। इसके साथ ही हर पंचायत घर का यूनिफॉर्म डिजाइन लोक निर्माण विभाग की ओर से तय किया गया। इसी कड़ी के घंडल पंचायत घर का भवन 2023 में बनना शुरू हुआ था। यह प्रदेश का पहला अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस पंचायत घर है। यह भवन दो मंजिला है जिसके ग्राउंड फ्लोर में प्रतीक्षालय क्षेत्र, प्रधान अटैच्ड टॉयलेट रूम, पंचायत सचिव रूम, तकनीकी सहायक, मनरेगा सहायक रूम, पंचायत मासिक बैठक हॉल, कॉमन सर्विस सैंटर रूम और दो शौचालय की सुविधा रहेगी।

पंजाब केसरी
09 SEP 2025


# केंद्रीय टीम ने चम्बा में लिया नुक्सान का जायजा, दीर्घकालिक योजनाएं बनाने का दिया सुझाव

## केंद्र सरकार को भेजी जाएगी नुक्सान की रिपोर्ट, मनरेगा में मजदूरों के मैन डेज बढ़ाने का प्रस्ताव तुरंत भेजा जाए


चम्बा : अंतर मंत्रालयी केंद्रीय टीम चम्बा में विभिन्न आपदा प्रभावित इलाकों का जायजा लेती हुई। (ब्यूरो)

चम्बा, 8 सितम्बर (गायत्री): जिला चम्बा में वर्षा से हुए नुक्सान का आकलन करने के लिए केंद्र सरकार की एक अंतर मंत्रालयी केंद्रीय टीम ने सोमवार को आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। टीम ने विभिन्न उपमंडलों में मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेने के बाद जिला मुख्यालय चम्बा में प्रशासन व विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल ने टीम को जानकारी देते हुए बताया कि अब तक जिले में 434 करोड़ 32 लाख 73 हजार रुपए की क्षति आंकी गई है।

केंद्रीय टीम ने जिला प्रशासन को आश्वासन दिया कि नुक्सान की विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र ही केंद्र सरकार को भेजी जाएगी। साथ ही टीम ने सुझाव दिया कि मनरेगा में मजदूरों के मैन डेज बढ़ाने का प्रस्ताव तुरंत भेजा जाए। उन्होंने व रोकथाम के लिए दीर्घकालिक योजनाएं बनाने पर भी जोर दिया।

इस अवसर पर टीम का नेतृत्व व्यय मंत्रालय के उप सचिव कमलदीप वी. पटेल और ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंडर सैक्रेटरी दीप शेखर सिंघल ने किया। बैठक में एस.पी. चम्बा अभिषेक यादव, एस.डी.एम. प्रियांशु खाती, ए.सी. टू डी.सी. अपराजिता चंदेल, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग दिवाकर सिंह पठानिया, जल शक्ति विभाग से राजेश मोंगरा, एच.पी.एस.ई.बी.एल. से राजीव ठाकुर, सी.एम.ओ. चम्बा डा. विपिन ठाकुर, डी.एफ.ओ. कृतज्ञ कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# वोटर लिस्ट में नाम होने पर ही मतदाता पंचायती राज संस्थाओं व शहरी निकायों में डाल पाएंगे वोट

■ राज्य चुनाव आयोग ने ई.सी.आई. की वोटर लिस्ट की मैपिंग कर भेजी ग्राम सभा की वैरीफिकेशन को

शिमला, 8 सितम्बर (भूपिन्द्र): हिमाचल प्रदेश में इस वर्ष के अंत में होने वाले पंचायती राज संस्थाओं व शहरी निकायों के चुनावों में वह ही लोग वोट डाल पाएंगे, जिनके नाम राज्य चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट में होंगे। ऐसे में मतदाता ई.सी.आई. यानि भारतीय चुनाव आयोग या राज्य चुनाव विभाग की वोटर लिस्ट में नाम शामिल होने पर निश्चिंत न हो जाएं। वह अपने क्षेत्र की राज्य चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट को एक बार जरूर वैरीफाई कर दें।



राज्य चुनाव आयोग ने हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं व शहरी निकाय के चुनावों की तैयारियां शुरू कर दी हैं। राज्य चुनाव आयोग ने चुनाव विभाग द्वारा 30 अप्रैल, 2025 को तैयार अंतिम वोटर लिस्ट को आधार माना है। इस वोटर लिस्ट की मैपिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत वोटर लिस्ट को वार्ड के आधार पर बांटा गया है। इसके बाद इसे आगामी ग्राम सभा की वैरीफिकेशन के लिए भेजा गया है। इसमें यह देखा जाएगा कि संबंधित वार्ड में किसी का नाम छूटा तो नहीं है या किसी दूसरे वार्ड का नाम तो शामिल नहीं किया गया है।

ग्राम सभा में मतदाता सूची में यदि कोई गलती होगी तो उसे ठीक किया जा सकेगा। इसका उद्देश्य मतदाता सूची में पारदर्शिता लाना है। इसके बाद मतदाता सूची में एडीशन व डिलीशन का कार्य किया जाएगा। यह कार्य तब तक चलेगा, जब तक राज्य चुनाव आयोग चुनावों की घोषणा नहीं कर देते।

जो मतदाता पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों के लिए मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करना चाहते हैं वह फार्म नंबर 6 भरें। यदि कोई मतदाता एक स्थान से दूसरे स्थान के लिए भी अपना नाम ट्रांसफर कर रहा है तो उसे नए के स्थान पर पुराने मतदान केंद्र व वोटर नंबर का भी हवाला देना होगा, ताकि पुराने स्थान से उसका नाम कट जाए।

### बैलेट पेपर से होगी वोटिंग

पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में बैलेट पेपर के माध्यम से ही वोटिंग होगी। प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों के लिए करीब 22 हजार वार्ड हैं। इन वार्डों में आम तौर पर तीन चरणों में चुनाव होते हैं।

### दो किस्तों में दिए जाते हैं बैलेट पेपर

पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में व्यवस्था की गई है कि मतदाताओं की सुविधा के लिए दो किस्तों में बैलेट पेपर दिए जाते हैं। इसमें पहले पंच, उप प्रधान व प्रधान के बैलेट पेपर दिए जाएंगे तथा दूसरी किस्त में पंचायत समिति व जिला परिषद के बैलेट पेपर दिए जाएंगे। इससे मतदाताओं को वोट डालने में परेशानी नहीं होगी।

### वोटर लिस्ट में अपने नाम को अवश्य वैरीफाई करें वोटर

राज्य चुनाव आयुक्त अनिल खाची ने मतदाताओं से अपील की है कि वोटर लिस्ट में वह अपने नाम को अवश्य वैरीफाई करें। वह इस धारणा में न रहें कि ई.सी.आई. की वोटर लिस्ट में नाम है तो वह पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में वोट डाल सकते हैं। उनके नाम राज्य चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हालांकि वोटर लिस्ट तैयार करते समय पूरी एहतियात बरती गई है, लेकिन फिर भी गलती होने की संभावना रहती है। आयोग का प्रयास है कि किसी का नाम भी वोटर लिस्ट से न छूटे।

पंजाब केसरी
09 SEP 2025

44

# अब औसत बाजार मूल्य पर वसूला जाएगा भू-राजस्व

■ भू-राजस्व (विशेष निर्धारण) संशोधन नियम अधिसूचित

शिमला, 8 सितम्बर (ब्यूरो): प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश भू-राजस्व (विशेष निर्धारण) संशोधन नियम, 2025 को अधिसूचित किया है। सरकार ने इसको लेकर गत 11 अगस्त को आपत्तियां व सुझाव आमंत्रित किए थे। सरकार ने सभी को अस्वीकृत करते हुए इस नियम को लागू कर दिया है। इसके तहत गैर-कृषि के लिए उपयोग में लाई जाने वाली भूमि के लिए भू-राजस्व औसत बाजार मूल्य पर वसूला जाएगा।

भू-राजस्व का निर्धारण राजस्व अधिकारी करेगा। इसके अलावा राजस्व अधिकारी राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किसी प्राधिकरण या अभिकरण से परामर्श से बाजार मूल्य निर्धारित करेगा। भू-राजस्व का निर्धारण राजस्व अधिकारी परियोजना क्षेत्र के निर्धारण वृत नियत कर सकेगा।

## गौण खनिज व खनिज छठा संशोधन नियम अधिसूचित

हिमाचल प्रदेश गौण खनिज (रियायत) और खनिज (अवैध खनन, उसके परिवहन और भंडारण का निवारण) छठा संशोधन नियम-2025 अधिसूचित कर दिया है। इसके तहत नियम-19 में पट्टेदार को पट्टा क्षेत्र से निकाले जाने वाले गौण खनिजों पर द्वितीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट रॉयल्टी के साथ-साथ तृतीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट दर पर ऑनलाइन प्रभार, ई.वी. प्रभार और दुग्ध उपकर का अग्रिम भुगतान करना होगा।

45

पंजाब केसरी

09 SEP 2025

# पठानकोट-भरमौर व मनाली-लेह मार्ग छोटे वाहनों के लिए बहाल

## बड़े वाहनों के लिए जल्द खोली जाएगी सड़क, कोठी नेहरूकुंड बाहंग तक 200 से अधिक बड़े वाहन सड़क बहाली का कर रहे इंतजार

भरमौर/मनाली, 8 सितम्बर (उत्तम/सोनू): श्री मणिमहेश यात्रा के दौरान बरसात से क्षतिग्रस्त हुआ पठानकोट-चम्बा-भरमौर नैशनल हाईवे-154 ए अब छोटे वाहनों के लिए बहाल कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग की टीम ने दिन-रात की मेहनत से मात्र 14वें दिन मार्ग खोलकर असंभव प्रतीत हो रहे कार्य को संभव कर दिखाया। गौरतलब है कि 25 अगस्त को हुई मूसलाधार बरसात से चम्बा से भरमौर तक लगभग 60 किलोमीटर सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। कई स्थानों पर तो सड़क पूरी तरह बह गई थी, जिसे नए सिरे से बनाना पड़ा। जांघी, मैहला, कल्सुईं, बग्गा, रुगड़ी नाला, लोथल, त्रिलोचन महादेव, बत्ती हट्टी, लूणा, दुर्गैठी, ढकोग, खड़ामुख, परोह, दिनका घार, सूंकू टपरी व ददमा जैसे स्थान सबसे अधिक प्रभावित रहे। लगातार बारिश और गिरते पत्थरों की चुनौतियों के बावजूद विभागीय कर्मचारियों ने जोखिम उठाकर मार्ग बहाली का कार्य जारी रखा।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा मार्ग बहाली की जिम्मेदारी सौंपे गए अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग बिलासपुर जीत ठाकुर ने स्वयं स्थल पर डटे रहकर कार्य का नेतृत्व किया। उनकी देखरेख में अधिशासी अभियंता मीत शर्मा, सहायक अभियंता वीरेंद्र ठाकुर, कनिष्ठ अभियंता गजन राणा, मनोज ठाकुर सहित निरीक्षक अशोक कुमार व अन्य कर्मचारियों ने लगातार मेहनत कर मार्ग को समय से पहले खोलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फिलहाल चम्बा से गैहरा तक बड़े वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी गई है।

वहीं मनाली-लेह मार्ग को छोटे वाहनों के लिए बहाल कर दिया गया है जबकि बी.आर.ओ. इसे बड़े वाहनों के लिए जल्द खोलने का प्रयास कर रहा है। गौर रहे कि कोठी पलचान से नेहरूकुंड बाहंग तक 200 से अधिक बड़े वाहन सड़क बहाली का इंतजार कर रहे हैं।

बी.आर.ओ. की दीपक परियोजना के चीफ इंजीनियर राजीव कुमार ने सोमवार को समाहन का दौरा किया तथा कमांडर कर्नल गौरव सहित उनकी टीम का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने डोजर चालकों से भी बातचीत की। हालात का जायजा लेने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस बार बारिश ने 9 वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ा है। भारी बारिश से दीपक परियोजना की सड़कों को भारी नुक्सान हुआ है। उन्होंने कहा कि सड़कों की बहाली का कार्य युद्धस्तर पर किया गया है। जगह-जगह क्षतिग्रस्त हुई सड़कें बहाल कर दी गई हैं। हालांकि रोहतांग होते हुए सड़क बहाल है लेकिन अब अटल टनल से भी छोटे वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि मनाली के समाहन में बी.आर.ओ. को सड़क बहाल करने में दिक्कत हुई है। उन्होंने कहा कि युद्धस्तर पर बी.आर.ओ. का कार्य जारी है। छोटे वाहनों की आवाजाही आज शुरू हो जाएगी और बड़े वाहनों के लिए भी मार्ग जल्द बहाल होगा।

# कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की कवायद के बीच ए.ए.आई. ने सरकार को भेजी 3 आपत्तियां

## पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग ने आपत्तियों की जानकारी जिला कांगड़ा प्रशासन को भेजी, मानसून सीजन में हुई भारी बारिश के दृष्टिगत उठाई गई आपत्तियां

शिमला, 8 सितम्बर (अभिषेक): कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की कवायद के बीच आड़े आ रही अड़चनों को दूर करने के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जानकारी के अनुसार भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (ए.ए.आई.) ने 3 आपत्तियां प्रदेश सरकार को भेजी हैं। हिमाचल प्रदेश पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग ने इन आपत्तियों को दूर कर उचित समाधान के लिए जिला कांगड़ा प्रशासन को भेज दी है।



### कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य जारी

कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य जारी है। हाल ही में प्रदेश सरकार ने इस एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की कवायद के बीच भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा करने की अवधि 1 वर्ष के लिए बढ़ाकर 15 अगस्त 2026 तक बढ़ाई थी। विस्तारीकरण के लिए कुल 122-54-86 हैक्टेयर भूमि गग्गल हवाई अड्डे के विस्तारीकरण के लिए चाहिए है और इसके लिए तहसील कांगड़ा के अंतर्गत 10 गांवों व शाहपुर तहसील के अंतर्गत 4 गांवों में भूमि अधिग्रहण किया जाना है।

इन आपत्तियों में हवाई पट्टी की लंबाई बढ़ाने से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करने को कहा गया है। हवाई पट्टी की लंबाई बढ़ाने से समीपवर्ती नाले का तटीकरण कैसे किया जाएगा। प्राधिकरण ने इस बारे में विस्तृत योजना मांगी है ताकि मानसून के दौरान जलभराव और बाढ़ की स्थिति से निपटा जा सके। हवाई पट्टी की लंबाई बढ़ाने के लिए खुदाई में निकली मिट्टी की डंपिंग कैसे की जाएगी।

प्राधिकरण ने इसके लिए उपयुक्त व्यवस्था करने को कहा है ताकि पर्यावरण और स्थानीय निवासियों को कोई नुक्सान न हो। हवाई पट्टी पर जलभराव होने की स्थिति में क्या व्यवस्था होगी। प्राधिकरण ने इसके लिए प्रभावी जल निकासी प्रणाली की मांग की है ताकि हवाई अड्डे के संचालन में कोई व्यवधान न आए। उक्त आपत्तियां मानसून सीजन में हुई भारी बारिश के दृष्टिगत उठाई गई हैं। अब जिला कांगड़ा प्रशासन आगामी कदम उठाएगा।

09 SEP 2025

पंजाब केर

# पैंशन के मामलों को देरी के आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता

शिमला, 8 सितम्बर (मनोहर): प्रदेश हाईकोर्ट ने पैंशन से जुड़े मामले में महत्वपूर्ण व्यवस्था देते हुए कहा है कि पैंशन के मामलों को देरी के आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता। पैंशन पाने का अधिकार लगातार जारी रहता है और वह बिलंब से मांगे जाने से समाप्त नहीं हो जाता। न्यायाधीश संदीप शर्मा ने प्रार्थी जगत राम की याचिका को स्वीकारते हुए उसे चार सप्ताह के भीतर पैंशन का लाभ जारी करने के आदेश जारी किए। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्त्ता एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है, जो 7 वर्ष की नियमित सेवा करने के बाद 31.12.2000 को सेवानिवृत्त हो गया था। उसे सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए निर्णय के तहत पैंशन का लाभ दिया जाना चाहिए था।



कोर्ट ने कहा कि यदि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुंदर सिंह के मामले में पारित निर्णय को उसकी संपूर्णता में पढ़ा जाए, तो यह सुरक्षित रूप से निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि उपरोक्त मामले में पारित निर्णय, सर्वव्यापी है और इस प्रकार, इसे सभी समान स्थिति वाले व्यक्तियों के मामलों में लागू किया जाना आवश्यक है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुंदर सिंह के मामले में पारित निर्णय के अनुसरण में, हिमाचल प्रदेश सरकार ने दिनांक 14.02.2019 की अधिसूचना के माध्यम से हिमाचल प्रदेश सरकार के सभी प्रशासनिक सचिव (वित्त) को सुंदर सिंह के मामले में पारित निर्णय को लागू करने की सलाह दी, लेकिन फिर भी प्रतिवादी सुंदर सिंह के मामले में दिए गए आदेश का पालन करने में विफल रहे, जिसके परिणामस्वरूप, अधिकांश दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

कोर्ट ने याचिका में योग्यता पाते हुए प्रतिवादियों को निर्देश दिया कि वे सुंदर सिंह के मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय और बालो देवी के मामले में स्पष्ट किए गए निर्णय का लाभ प्रदान करके याचिकाकर्त्ता को पैंशन प्रदान करें। मामले के अनुसार वर्ष 1983 में, याचिकाकर्त्ता को कार्यकारी अभियंता, चक्कर, तहसील बल्ह, जिला मंडी के कार्यालय में दैनिक वेतन भोगी बेलदार के रूप में नियुक्त किया गया था। दैनिक वेतन के आधार पर नियुक्त होने के 11 वर्ष बाद 1193 में वर्क चार्ज और 1 जनवरी 1994 से नियमित कर दिया गया। 7 वर्षों तक नियमित/कार्यभारित कर्मचारी के रूप में सेवा करने के बाद, याचिकाकर्त्ता 31.12.2000 को सेवानिवृत्ति की आयु अर्थात 60 वर्ष प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त हो गया।

## विधायक संजय अवस्थी के खिलाफ मामले को वापस लेने की सुनवाई टली

हाईकोर्ट में राज्य सरकार की ओर से विधायक संजय अवस्थी के खिलाफ भ्रष्टाचार और जालसाजी से जुड़े आपराधिक मामले को वापस लेने से जुड़े आवेदन पर सुनवाई 15 सितम्बर के लिए टल गई है। संजय अवस्थी को कोर्ट से फिलहाल कोई राहत नहीं मिली है। राज्य सरकार ने सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश सोलन द्वारा उनके खिलाफ तय किए गए आरोपों से जुड़े आदेश रिकॉर्ड पर रखे। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ के समक्ष राज्य सरकार के आवेदन पर सुनवाई हुई जिसके तहत संजय अवस्थी के खिलाफ दर्ज मामले को वापस लेने की इजाजत मांगी गई है।

पंजाब के

0 9 SEP 2025

47

# पूर्ण साक्षर हिमाचल, 99.2 प्रतिशत पहुंची साक्षरता दर

**आईना**



**के.एस. तोमर**
राजनीतिक विश्लेषक व राष्ट्रीय स्तंभकार

हिमाचल प्रदेश ने चुपचाप एक ऐतिहासिक सफलता की गाथा लिख दी है, जब उसने पूर्ण साक्षर राज्य (99.2 प्रतिशत) का दर्जा हासिल कर लिया है। अब तक यह गौरव केवल छोटे राज्यों के पास था, जैसे- केरल (95.3 प्रतिशत), गोवा (93.6 प्रतिशत), मिजोरम (98.2 प्रतिशत), लक्षद्वीप (97.3 प्रतिशत) और त्रिपुरा (95.6 प्रतिशत)। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस (8 सितम्बर) के अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को यह अवसर मिला कि वे कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और दुर्गम भू-आकृतिक चुनौतियों के बावजूद पहाड़ी राज्य की इस ऐतिहासिक उपलब्धि की आधिकारिक घोषणा कर सकें।

5 सितम्बर का शिक्षक दिवस इस बार हिमाचल प्रदेश के लिए विशेष बन गया। केरल लक्षद्वीप, गोवा, मिजोरम और त्रिपुरा के बाद हिमाचल का नाम जुड़ना यह साबित करता है कि कठिन पहाड़ी भूगोल भी शिक्षा की लौ को बुझा नहीं सकता।

(क्रमशः)

## आंकड़ों की चमक

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार हिमाचल की साक्षरता दर अब 99.2 प्रतिशत है, जबकि केंद्र सरकार ने पूर्ण साक्षर राज्य घोषित करने के लिए 95 प्रतिशत का मानक तय किया है। यह उपलब्धि स्वतंत्रता के बाद से लगातार चली आ रही शिक्षा नीतियों, राजनीतिक इच्छाशक्ति और सामुदायिक भागीदारी का परिणाम है। भारत की राष्ट्रीय साक्षरता दर जहां 2011 की जनगणना में 74 प्रतिशत थी और 2023 तक बढ़कर लगभग 79 प्रतिशत हुई, वहीं हिमाचल ने 88 प्रतिशत से आगे बढ़ते हुए 95 प्रतिशत कार्यात्मक साक्षरता का आंकड़ा पार कर लिया है। आधी सदी पहले यह दर महज 30 प्रतिशत थी।

## उपलब्धि के पीछे पांच स्तंभ

### महिला शिक्षा की क्रांति

1971 में हिमाचल की महिला साक्षरता दर महज 21 प्रतिशत थी। यह आंकड़ा 2011 की जनगणना में 76 प्रतिशत तक पहुंचा और आज अनुमानित तौर पर 90 प्रतिशत से ऊपर है। इसके कारण राज्य का लिंगानुपात 2021 में 889 से सुधरकर 930 तक पहुंचा और मातृ-शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय गिरावट आई। महिला शिक्षा से न केवल परिवार नियोजन और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ बल्कि दूसरी पीढ़ी की लड़कियों को भी विद्यालय भेजने की प्रवृत्ति तेज हुई।

### राजनीतिक इच्छाशक्ति और निरंतरता

1971 से अब तक हिमाचल की सरकारें बदलती रहीं। कांग्रेस, भाजपा और गठबंधन सरकारें आईं, लेकिन शिक्षा हमेशा बजट का 17-19 प्रतिशत हिस्सा प्राप्त करती रही। मुफ्त पाठ्यपुस्तक योजना (1984), छात्रवृत्ति योजनाएं, और बालिका शिक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रम जैसी पहलें लगातार चलीं। इससे विद्यालय छोड़ने की दर जो 1991 में 35 प्रतिशत थी, वह 2021 में घटकर 7 प्रतिशत पर आ गई।

### प्राथमिक शिक्षा में शुरुआती निवेश

1971 में राज्य गठन के समय हिमाचल में लगभग 3,500 विद्यालय थे। सरकार ने तुरंत शिक्षा को प्राथमिकता दी और दो दशकों के भीतर यह संख्या कई गुना बढ़ा दी। आज राज्य में 15,000 से अधिक प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय हैं। आंकड़े बताते हैं कि हिमाचल में हर 1.5 किलोमीटर की परिधि में एक विद्यालय मौजूद है। यहां तक कि लाहौल-स्पीति, किन्नौर और पांगी घाटी जैसे दुर्गम इलाकों तक विद्यालय पहुंचाए गए। यही कारण है कि 6-14 वर्ष के आयु वर्ग में बच्चों का नामांकन लगभग सर्वव्यापी (100 प्रतिशत) हो चुका है।

### पंचायत और समुदाय का सहयोग

हिमाचल में लगभग 3,615 पंचायतें हैं और हर पंचायत ने विद्यालयों की निगरानी में सक्रिय भूमिका निभाई। पंचायत प्रतिनिधियों ने न केवल विद्यालयों के लिए भूमि उपलब्ध कराई बल्कि अध्यापकों की उपस्थिति पर भी नजर रखी। उन्होंने माता-पिता को बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया और संसाधन जुटाने में भी अहम भूमिका निभाई।

### वयस्क शिक्षा अभियान

1988 में शुरू हुए 'राष्ट्रीय साक्षरता मिशन' और बाद में लागू हुए 'उल्लास - नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' ने हिमाचल के ग्रामीण समाज में गहरी पैठ बनाई। इन अभियानों में लगभग 2.5 लाख स्वयंसेवक जुड़े, जिन्होंने गांव-गांव जाकर वयस्कों को पढ़ना-लिखना सिखाया। बुजुर्ग लोग मोबाइल चला पाते हैं। बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा पाते हैं और रोजमर्रा की जरूरतें बिना किसी पर निर्भर हुए पूरी कर पाते हैं।

पंजाब केसरी

0 9 SEP 2025

# केंद्र ने आपदा राहत के 5150 करोड़ भेजे, राज्य सरकार ने 300 करोड़ ही दिए : जयराम

**कहा : आपदा में तत्काल राहत का काम प्रदेश सरकार का**

धर्मशाला, 8 सितम्बर (सौरभ): विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल को आपदा राहत के लिए अब तक विभिन्न मदों में 5150 करोड़ रुपए की आर्थिक मदद दी है। विधानसभा सत्र के दौरान हमें यह पता चला कि राज्य सरकार ने आपदा प्रभावितों को अब तक मात्र 300 करोड़ रुपए ही दिए हैं।



धर्मशाला में पत्रकारों के साथ अन औपचारिक बातचीत में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आपदा में तत्काल राहत का काम प्रदेश सरकार का है, लेकिन सरकार सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। इस समय राजनीतिक बयानबाजी की बजाय युद्ध स्तर पर राहत का काम होना चाहिए। जयराम बोले कि जो सड़कें 2 मशीनों द्वारा एक-दो दिन में खोली जा सकती हैं, वे डेढ़-डेढ़ महीने तक बंद पड़ी हैं। बागवानों का करोड़ों का सेब रास्तों में फंसा है। उन्होंने कहा कि हमारी मुसीबत के समय हमारे बीच आकर, हमारे साथ खड़े होने और हमारा दुख बांटने के लिए वह प्रदेश की जनता की तरफ से प्रधानमंत्री के आभारी हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने आपदा से प्रभावित हिमाचल प्रदेश के लोगों की मदद के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा जी का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त किया।

## आपदा के कारणों का अभी निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सितम्बर में मानसून की वापसी होती है लेकिन इस वर्ष भारी बारिश, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। ये घटनाएं बार-बार हो रही हैं। आपदा के कारणों का तत्काल निष्कर्ष निकालना अभी जल्दबाजी है। गहन अध्ययन से इसके कारण जानने और उसी के हिसाब से निवारण की योजनाएं बनाने की आवश्यकता है। आपदाओं के अध्ययन के लिए गृह मंत्री द्वारा मल्टी सैक्ट्रल टीमें बनाई गई हैं।

# हर राज्य में कांग्रेस का गवर्नेंस रिकार्ड रहा बेहद खराब : रवि शंकर



शिमला, 8 सितम्बर (ब्यूरो): भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सांसद रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जब भाजपा की सरकार थी, तो उन्होंने सरकारी कर्मचारियों की सैलरी बढ़ा कर राहत दी थी, लेकिन कांग्रेस की वर्तमान सरकार ने सरकारी कर्मचारियों की सैलरी में कटौती करने वाली थी। हालांकि इस अधिसूचना को अस्थायी रूप से रोक दिया है। शिमला से जारी बयान में उन्होंने कहा कि क्या चुनाव से पहले जनता को खटाखट धोखा देने का यही तरीका है? क्या कांग्रेस खटाखट मॉडल से किसानों की समस्याओं को हल कर सकती है? क्या कांग्रेस खटाखट मॉडल युवाओं की रोजगार समस्या सुलझा सकती है? चाहे कर्नाटक हो, हिमाचल हो या तेलंगाना, हर जगह कांग्रेस का गवर्नेंस रिकार्ड बेहद खराब है।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप एवं विधायक, वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि प्रदेश के 10 हजार से अधिक कर्मचारी सड़कों पर आ गए और जो अधिसूचना प्रदेश सरकार द्वारा निकाली गई थी उस अधिसूचना को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। शिमला से जारी बयान में उन्होंने संदेह जताते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने इस अधिसूचना को केवल अस्थायी रूप से रोका है। आने वाले समय में क्या पता वर्तमान सरकार के मुखिया के अंदर फिर से कर्मचारी विरोधी भावनाएं जाग जाएं और वह इस अधिसूचना को फिर से लागू कर दें। भाजपा आशा करती है कि ऐसे फैसले कभी आने वाले समय में लागू न हों।

49

09 SEP 2025

दिव्य हिमाचल

# बधाई हो, पूर्ण साक्षर राज्य बन गया हमारा हिमाचल

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने पीटरहॉफ में की घोषणा, निर्धारित समय सीमा से पहले ही उपलब्धि हासिल करने में सफल

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो – शिमला**



- राष्ट्रीय मानक से ज्यादा 99.30 प्रतिशत साक्षरता दर हासिल
- विद्यार्थी-अध्यापक अनुपात में हिमाचल देशभर में अग्रणी
- शिक्षा के क्षेत्र में कई सकारात्मक बदलाव लाए जाएंगे

हिमाचल प्रदेश ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता हासिल करते हुए सोमवार को पूर्ण साक्षर राज्यों की सूची में अपना नाम अंकित करवाने की उपलब्धि हासिल की। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर शिमला में आयोजित 'पूर्ण साक्षर हिमाचल समारोह एवं उल्लास मेला-2025' में हिमाचल प्रदेश को 'पूर्ण साक्षर राज्य' घोषित किया। यह कार्यक्रम निदेशालय स्कूल शिक्षा द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'पूर्ण साक्षर राज्य' बनने पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य इस उपलब्धि को निर्धारित समय सीमा से पूर्व हासिल करने में सफल रहा है। उन्होंने कहा कि निरक्षर से पूर्ण साक्षर का सफर चुनौतियों भरा रहा है। हिमाचल प्रदेश गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लक्ष्य के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। समय के

बधाई हो, पूर्ण : पृष्ठ आठ पर

### केंद्रीय सचिव शिक्षा ने भेजा वीडियो मैसेज

केंद्रीय सचिव शिक्षा संजय कुमार ने वीडियो संदेश द्वारा हिमाचल को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने नव साक्षरों को कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया। शिक्षा सचिव राकेश कंवर ने कहा कि पूर्ण साक्षर राज्य का दर्जा प्राप्त करने के लिए हिमाचल ने विभिन्न मापदंडों के तहत उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न क्षमताओं में वृद्धि की जाएगी। निदेशक स्कूल शिक्षा आशीष कोहली ने उल्लास मेला के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उल्लास कार्यक्रम के तहत 'जन-जन साक्षर' के ध्येय से कार्य करते हुए अनेक महत्त्वाकांक्षी कार्यक्रमों को लागू किया गया है।

### शिक्षा में अब पूरे देश में सबसे आगे हम

हिमाचल देश का चौथा पूर्ण साक्षर राज्य बना है। इससे पहले त्रिपुरा, मिजोरम और लक्षद्वीप पूर्ण साक्षर राज्य घोषित थे। इन तीनों को पछाड़कर हिमाचल प्रदेश 99.30 फीसदी साक्षरता दर के साथ देश में शीर्ष पर पहुंच गया है। अभी तक मिजोरम 98.02 प्रतिशत साक्षरता दर के साथ पहले पायदान पर, लक्षद्वीप 97.3 फीसदी के साथ दूसरे और त्रिपुरा 97.3 प्रतिशत साक्षरता के साथ तीसरे नंबर पर था, मगर अब हिमाचल नंबर-वन हो गया है।



### मुख्यमंत्री का कार्यक्रम बदला, आज पहुंचेंगे कांगड़ा

धर्मशाला – मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का सोमवार को धर्मशाला आने का प्रस्तावित कार्यक्रम टल गया। अब वह मंगलवार को सुबह ही धर्मशाला आएंगे। सीएम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर गगल हवाई अड्डे पर होने वाली बैठक में शिरकत करेंगे। पहले उनका सोमवार को दोपहर बाद धर्मशाला आने का कार्यक्रम था, लेकिन शिमला में मौसम ठीक न होने के कारण उनका कार्यक्रम बदल गया। हालांकि राज्यपाल सोमवार देर शाम को धर्मशाला पहुंच गए हैं...

**बधाई हो, पूर्ण...**

साथ-साथ शिक्षा की सार्थकता बनाए रखने के लिए आधुनिक दौर के अनुसार शिक्षा प्रणाली में बदलाव लाना आवश्यक होता है। हिमाचल को यदि पूर्ण साक्षर राज्य के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में हर स्तर पर अग्रणी बनाए रखना है, तो इस क्षेत्र में निरंतर सुधार करने होंगे। प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए गए सुधारों के फलस्वरूप हिमाचल में साक्षरता 99.30 प्रतिशत पहुंच गई है, जो राष्ट्रीय मानक 95 प्रतिशत से कहीं अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न क्षमताओं में कमी को पहचाना और उन्हें दूर करने के लिए सार्थक कदम उठाए। वर्तमान में विद्यार्थी-अध्यापक अनुपात में प्रदेश देश भर में अव्वल स्थान पर है। आगामी वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में अनेक सकारात्मक बदलाव लाए जाएंगे। सरकारी शिक्षण संस्थानों को श्रेष्ठ संस्थानों के रूप में बदला जाएगा। हमारी सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रही है। परिवर्तन की राह पर आगे बढ़ते हुए हम राज्य में विश्वस्तरीय शैक्षणिक संस्थान विकसित करने के लिए प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्ण साक्षर राज्य के दृष्टिगत योगदान देने वाले अधिकारियों, स्वयं सेवकों और नव साक्षरों को सम्मानित किया। उन्होंने उल्लास कार्यक्रम के तहत लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि यह दिन हिमाचल के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। देश द्वारा आजादी प्राप्त करने के बाद हिमाचल शिक्षा के क्षेत्र में लगभग अंतिम पायदान पर था। प्रदेश की सभी सरकारों ने अपने-अपने कार्यकाल में ज्ञान की अलख जगाए रखी। प्रदेश में शिक्षा का सफर लगभग सात प्रतिशत साक्षरता की दर से आरंभ हुआ था। हमें गर्व है कि अब हिमाचल संपूर्ण भारत में पूर्ण साक्षर राज्यों की श्रेणी में अपना मकाम बनाने में सफल रहा है। इस अवसर पर स्वयंसेवी अध्यापकों और नव साक्षरों ने अपने अनुभव साझा किए।

दिव्य हिमाचल

09 SEP 2025



# किसी कर्मचारी का नहीं कटेगा वेतन

## मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कर्मचारियों से बोले, हायर ग्रेड-पे पर जारी आर्डर वापस लेंगे

राज्य ब्यूरो प्रमुख — शिमला



**आश्वासन**

- सीएम बोले, सरकार एक बार जो दे देती है, वह वापस नहीं लेती
- छह सितंबर की नोटिफिकेशन में हुई गलती में सुधार करेगी सरकार

**नोटिफिकेशन होल्ड**

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद वित्त विभाग ने उस नोटिफिकेशन को होल्ड कर दिया है, जिसमें विभाग ने कर्मचारियों के हायर ग्रेड-पे को वापस लेने के आदेश जारी किए थे। अधिसूचना के मुताबिक, विभिन्न विभागों में 89 श्रेणी के कर्मचारियों की सैलरी 10 से 20 हजार रुपए कम हो रही थी।

हिमाचल में सरकारी कर्मचारियों को वर्ष 2022 में मिला हायर ग्रेड-पे वापस लेने से उठे विवाद का हल हो गया है। सोमवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कर्मचारियों के लिए जारी एक नोटिफिकेशन गलत हो गई है, जिसको रेक्टिफाई करने का निर्णय लिया है। इसमें कर्मचारियों को जो डबल इन्क्रीमेंट लगी थी, उसको विदड्रा करने की बात की गई है। मुख्यमंत्री पीटरहॉफ में मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 से पहले के सभी कर्मचारियों को यह इन्क्रीमेंट दे दी है। इसको अब वापस नहीं लिया जाएगा। सरकार से जब पैसा एक बार किसी कर्मचारी को दे दिया जाता है, उसको वापस नहीं लेते हैं। अगर उसमें क्लेरिफिकेशन में कोई गलती हुई है, उसको रेक्टिफाई करेंगे। जिन कर्मचारियों की मए सिरे से पे-फिक्सेशन करने को कहा था, वह भी हम बोल देंगे कि ऐसा बिल्कुल नहीं करना है। किसी कर्मचारी के लिए सरकार कोई अड़चन नहीं आने देगी। जो सुधार इस नोटिफिकेशन में करना होगा, करेंगे। यदि इसे विदड्रा करना है, तो भी करेंगे। जो कर्मचारी के हित में होगा, सरकार वह फैसला करेगी। किसी कर्मचारी के वेतन में कट नहीं लगेगा। मुख्यमंत्री शिक्षा विभाग के कार्यक्रम के लिए पीटरहॉफ आए थे। यहां मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के आदेश के बाद कर्मचारियों की प्रतिक्रिया उन्हें मिली है और कर्मचारियों की बात को सुना जाएगा। पीटरहॉफ में ही अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर, अराजपत्रित कर्मचारी सेवाएं महासंघ के अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर ने भी कर्मचारियों के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात की। प्रदीप ठाकुर की अगवाई में मिले कर्मचारियों से मुख्यमंत्री ने नई पेंशन स्कीम का दिल्ली में जमा पैसा

किसी कर्मचारी का : पृष्ठ आठ पर

**किसी कर्मचारी का...**

वापस लाने को लेकर भी मदद करने को कहा। कर्मचारियों ने कहा कि इसके लिए वे दिल्ली चलने को तैयार हैं। सरकार भी इसमें कुछ पहल करे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से पहले कर्मचारी नेता पहले सचिवालय की तरफ गए, लेकिन फिर पीटरहॉफ में कार्यक्रम का पता चलने के बाद यहां आ गए थे। सीएम ने जब यह घोषणा की कि किसी कर्मी के वेतन में कटौती नहीं होगी, तो कर्मचारियों ने नारों के साथ सीएम का स्वागत किया।

# शिक्षक-नव साक्षरों ने साझा किए अनुभव

## राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के सामने रखे आपने विचार

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-रामपुर बुशहर

पीटर हॉफ में सोमबार को आयोजित राज्य स्तरीय पूर्ण साक्षरता समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश को पूर्ण साक्षर राज्य घोषित किया। इस समारोह में रामपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत फूजा की प्रधान शशि जिंटा द्रोहा को उनकी व्यक्तिगत कार्यकुशलता के कारण संपूर्ण जिले से एकमात्र प्रधान के रूप में समारोह में आमंत्रित किया गया था। जिस से इस क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर है और लोगों द्वारा शशि जिंटा द्रोहा को बधाई देने का तांता लगा है। इस समारोह में रामपुर क्षेत्र के शिक्षा खंड सराहन से ब्लॉक नोडल ऑफिसर ओम प्रकाश नेगी, ग्राम पंचायत प्रधान फूंजा शशि जिंटा द्रोहा, वीटी तारा देवी, नव साक्षर बुध राम और नारायण दासी उपस्थित रहे। ओम प्रकाश नेगी ने बताया कि इस मिशन के तहत रामपुर क्षेत्र के सराहन खंड के शिक्षकों ने असाक्षर लोगों का उल्लास ऐप में पंजीकरण करवाया और उन्हें वीटी के साथ टैग किया। उन्होंने बताया कि एनसीईआरटी सोलन से प्राप्त प्रशिक्षण के आधार पर खंड के सभी वीटी असाक्षर लोगों को बुनियादी, डिजिटल और क्रिटिकल लाइफ स्किल्स पर शिक्षित करने के लिए प्रशिक्षित हुए। इस खंड के सभी वीटी ने इस मिशन पर पूरे तन-मन से कार्य किया। ओम प्रकाश नेगी और ग्राम पंचायत क्रियाओं के नव साक्षर बुध राम को मुख्यमंत्री के सामने अपने अनुभव साझा करने का अवसर मिला। ग्राम पंचायत प्रधान फूंजा श्रीमती शशि जिंटा द्रोहा को उनकी व्यक्तिगत कार्यकुशलता के कारण संपूर्ण जिले से एकमात्र प्रधान के रूप में समारोह में आमंत्रित किया गया। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने शिक्षा खंड सराहन के सभी शिक्षकों, वीटी और नव साक्षरों का हिमाचल प्रदेश को पूर्ण साक्षर राज्य बनाने में योगदान देने और अहम भूमिका निभाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।



# सरकार ने होल्ड की हायर ग्रेड-पे की अधिसूचना

- सीएम सुक्खू बोले, कर्मचारी हितों का संरक्षण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता
- फाइनांस सेक्रेटरी देवेश कुमार ने दोबारा जारी किए आदेश

**राज्य ब्यूरो प्रमुख — शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सक्खू के निर्देशों के उपरांत वित्त विभाग ने छह सितंबर, 2025 को हिमाचल प्रदेश सिविल सेवाएं (संशोधित वेतन) नियम, 2022 में नियम 7ए को हटाने की अधिसूचना को स्थगित कर दिया गया है। प्रधान सचिव देवेश कुमार ने इस बारे में सोमवार शाम को ऑर्डर भी जारी कर दिए। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सक्खू ने कहा कि कर्मचारियों का कल्याण सुनिश्चित करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए इस तरह के आदेश जारी करना न्यायोचित नहीं है। नियम-कानून से संबंधित मामलों में संशोधन के दौरान मानवीय सरोकार को ध्यान में रखा जाना चाहिए। सोमवार को शिमला में इस संबंध में मुख्यमंत्री से कई कर्मचारी संगठनों ने भेंट की तथा इस अधिसूचना को वापस लेने का आग्रह किया था। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सक्खू ने उन्हें आश्वासन दिया कि वर्तमान राज्य सरकार की प्राथमिकता कर्मचारियों के हितों को संरक्षित करना है। श्री सुक्खू ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने सत्ता संभालते ही अपने कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम बहाल की। इसके अलावा सरकार द्वारा समय-समय पर उन्हें आर्थिक लाभ प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी प्रदेश सरकार कर्मचारियों के हितों की रक्षा करेगी।



शिमला। हायर ग्रेड-पे संबंधी आदेश रद्द करवाने पहुंचे प्रदेश सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी

## हायर ग्रेड-पे से कर्मचारी राजनीति फिर जिंदा

### मुख्यमंत्री सुक्खू से मिलकर कर्मचारी धड़ों के अलग दावे

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो — शिमला**

हायर ग्रेड-पे को लेकर अचानक उठे बवाल के बाद कर्मचारी राजनीति फिर से जिंदा हो गई है। मुख्यमंत्री से मिलने के लिए हजारों कर्मचारी सोमवार को शिमला पहुंच गए। साथ ही राजपत्रित कर्मचारी महासंघ के अलग-अलग धड़ों ने सीएम से मुलाकात के बाद अलग-अलग दावे भी किए। राजपत्रित कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने वादा किया है कि इस अधिसूचना में संशोधन हो रहा है। इस नोटिफिकेशन का असर सिर्फ कर्मचारियों पर नहीं, बल्कि उसके परिवार पर भी था, क्योंकि सैलरी कम हो रही थी, ऐसे में परिवार का गुजारा इससे



जुड़ा हुआ था। अब क्योंकि मुख्यमंत्री ने कह दिया है कि अधिसूचना वापस ले ली है, इसलिए ब्यूरोक्रेसी इसके अनुसार काम करे। मुख्यमंत्री कर्मचारी हितैषी रहे हैं और इसका प्रमाण उन्होंने ओल्ड पेंशन को लागू करके दिया है, लेकिन इस बार की अधिसूचना ने कर्मचारियों को परेशानी में डाल दिया था। दूसरी तरफ राजपत्रित कर्मचारी सेवाएं महासंघ के अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री से

- अधिकारियों की मंशा पर उठाए सवाल

मुलाकात की है और मुख्यमंत्री ने कह दिया था कि छह सितंबर की जो नोटिफिकेशन हायर ग्रेड-पे को वापस लेने की हुई है, इसे सरकार वापस ले रही है। कर्मचारी महासंघ उन अधिकारियों को भी चेतावनी देना चाहता है, जिन्होंने हिमाचल के कर्मचारियों को हल्के में लेने की कोशिश की है। मुख्यमंत्री के सामने सही तथ्य पेश नहीं किए गए। इस तरह के फैसले कर्मचारियों और सरकार के बीच खाई पैदा करने की कोशिश के तहत किया जा रहे हैं। राज्य सरकार को भी ऐसे अधिकारियों से अलर्ट रहने की जरूरत है।

## नोटिफिकेशन करवाने ओक ओवर पहुंचे कर्मचारी नेता

शिमला। शिमला में सोमवार को कर्मचारियों से संबंधित हायर ग्रेड-पे के आदेशों को लेकर काफी हलचल रही। मुख्यमंत्री ने सुबह पीटर हाफ में आयोजित कार्यक्रम के बाद जब कह दिया कि यह आदेश वापस ले लिए जाएंगे, तो कर्मचारी नेता सचिवालय की तरफ आ गए। जब दोपहर बाद चार बजे तक इस आदेश को रोकने की अधिसूचना नहीं मिली, तो प्रदेश सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष संजीव शर्मा अपने साथियों के साथ मुख्यमंत्री आवास ओक ओवर पहुंचे और उन्हें सारी वस्तु स्थिति से अवगत करवाया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने फाइनेंस सेक्रेटरी को उसी समय नोटिफिकेशन जारी करने को कहा। बाद अधिसूचना की कापी मिलने के बाद संजीव शर्मा ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया।

## हायर ग्रेड-पे पर मिली राहत से कर्मचारी गदगद

- राजकीय टीजीटी कला संघ ने मुख्यमंत्री सुक्खू का जताया आभार

**स्टाफ रिपोर्टर — शिमला**

राजकीय टीजीटी कला संघ ने हायर ग्रेड-पे के मामले में कर्मचारियों को राहत देने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि हायर ग्रेड-पे के मामले में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि कर्मचारियों के वेतन में कोई कटौती नहीं होगी। प्रदेश सरकार के इस कदम हेतु राजकीय टीजीटी कला संघ ने सराहनीय बताया है। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने बताया कि पंजाब में 30 सितंबर, 2020 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को छठे पंजाब वेतन आयोग का लाभ देने के स्थान पर केंद्रीय सातवें वेतन आयोग का पैटर्न थोप दिया गया। प्रदेश में ऐसा नहीं किया जाना सही कदम है। पंजाब की नई व्यवस्था को लेकर कर्मचारियों ने पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय में केस दर्ज किया है क्योंकि केंद्र का वेतनमान कम है और इसमें वह अतिरिक्त लाभ नहीं मिलता जो पंजाब वेतन आयोग के तहत दिया जाता था। नई व्यवस्था से समान कार्य करने वाले कर्मचारियों को अलग-अलग वेतनमान दिए जा रहे हैं, जो सीधे तौर पर भेदभाव है। पंजाब कैबिनेट ने 30 दिसंबर 2020 को पंजाब सिविल सेवा नियमों में संशोधन के बाद सभी नई नियुक्तियों के लिए वेतनमान सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुरूप दिए हैं।

दिव्य हिमाचल

# पीएम को हिमाचल के जख्म दिखाएंगे सीएम

## मुख्यमंत्री सुक्खू को उम्मीद, हवाई सर्वेक्षण के बाद प्रदेश को राहत पैकेज देंगे प्रधानमंत्री

**राजेश मंढोत्रा — शिमला**

हिमाचल में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने प्रेजेंटेशन देंगे। साथ ही हिमाचल के लिए विशेष राहत पैकेज की मांग भी करेंगे। शिमला से धर्मशाला रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री ने यह बात मीडिया से कही। सीएम ने कहा कि पीएम मंगलवार को धर्मशाला आ रहे है। प्रधानमंत्री पहले नुकसान का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। अच्छी बात है कि हिमाचल प्रदेश में यह सर्वे होगा। हिमाचल प्रदेश को जिस प्रकार से आपदा ग्रसित राज्य घोषित किया गया है, उसे देखते हुए केंद्र सरकार से राहत पैकेज की उम्मीद हर प्रदेशवासी कर रहा है। जिस तरह से प्रदेश अभी आर्थिक तंगी झेल रहा है, ऐसे में हमें कुछ न कुछ स्पेशल पैकेज मिलने की उम्मीद है। सीएम ने कहा कि राहत के मामले में जो मैदानी राज्यों के नियम हैं, वे हिमाचल प्रदेश में न लागू किए जाएं। जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, नॉर्थ ईस्ट स्टेट के लिए नियम अलग होने चाहिएं। केंद्र सरकार एक किलोमीटर सड़क के बदले 75000 रुपए देती है, इससे हिमाचल प्रदेश में 10 मीटर सड़क नहीं बनती। सीएम ने कहा कि कितनी ही सड़कें टूट चुकी हैं, कितनी पीने की पानी की योजनाएं टूट चुकी हैं, कितनी सिंचाई की योजनाएं टूट चुकी हैं, कितनी बिजली की योजनाएं ठप हैं, इन सब योजनाओं को बहाल करने में पैसा लगता है। एक साल कम से कम रिपेयर के लिए लगेगा। जो भी हेलिकॉप्टर प्रदेश में आते हैं, उनके बिल केंद्र सरकार राज्य सरकार से क्लेम करती है। भाजपा के नेता एयरफोर्स का दावा करते हैं। चिनूक हों या एमआई 17, सबके लिए पहले राज्य सरकार डिमांड करती है और फिर पैसे भरती है। इसलिए मैं केंद्र सरकार से आग्रह करूंगा कि हमें राहत पैकेज दिया जाए।



### वन भूमि आवंटन का अधिकार मिले

सीएम ने कहा कि जो वन भूमि है, उसमें भी हिमाचल को छूट मिलनी चाहिए। हिमाचल प्रदेश की 67 फीसदी वनभूमि है। बेघर हुए लोगों को बसाने के लिए यदि एक बीघा के आबंटन की अनुमति राज्य सरकार को मिल जाए, तो उनके घर बनाने को पैसे सरकार देगी। यह बहुत बड़ा मुद्दा है।

### सेब को निकालना बड़ी चुनौती

सीएम ने कहा कि 2023 की आपदा का जो पोस्ट डिजास्टर नीड असेस्मेंट है, वह 10000 करोड़ का था। यह आकलन हमने नहीं, केंद्रीय टीम ने ही किया था। दो साल बाद मिला 2006 करोड़। उसमें भी जब 25 फीसदी हिस्सा हम देंगे। उसकी अभी पहली इंस्टालमेंट आई है 451 करोड़ की, उसके लिए भी पिछले बिल मांगे जा रहे हैं। इस बार जो नुकसान हुआ है, उसमें सेब अभी बागीचों में फंसा हैं। शिक्षा मंत्री अपने चुनाव क्षेत्र में सड़कों को खोलने में लगे हैं। मैं खुद मनाली गया था। वहां सेब फंसा पड़ा है। इस सारे काम में पैसा और समय लगेगा। उम्मीद है केंद्र सरकार इस बात को समझेगी।



शिमला — 'पूर्ण साक्षर हिमाचल समारोह और उल्लास मेला-2025' के अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी का मुआयना करते सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू

# दिल्ली जा रहे सीएम, पनगढ़िया से फिर मिलेंगे

## मुख्यमंत्री बोले, प्राकृतिक आपदा को देखते हुए और मदद मांगेंगे

**राज्य ब्यूरो प्रमुख — शिमला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हिमाचल दौरे के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू दिल्ली जा रहे हैं। इस बार उनका दिल्ली दौरे का लक्ष्य 16वें वित्त आयोग में मुलाकात करना है। यह मुलाकात 12 सितंबर को हो सकती है। इससे पहले मुख्यमंत्री केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में राज्य के मसले उठाएंगे। शिमला में मीडिया से बातचीत के दौरान सीएम ने कहा कि वह इस बार 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डा. अरविंद पनगढ़िया से चौथी बार मिल रहे हैं। यह मुलाकात इसलिए जरूरी है, क्योंकि अब वित्त आयोग अपनी रिपोर्ट बनाने जा रहा है। यह रिपोर्ट अगले पांच साल तक हिमाचल की आर्थिक स्थिति को तय करेगी। इसलिए अपने अधिकार की बात अभी करना जरूरी है। वह वित्त आयोग से भी अनुरोध करेंगे कि प्राकृतिक आपदा को देखते हुए हिमाचल के साथ सहानुभूति रखी जाए। हिमाचल में 28 फीसदी फॉरेस्ट कवर है, जबकि वन भूमि 67 फीसदी है। लाहुल स्पीति का कोल्ड डेजर्ट भी वन भूमि की कैटेगरी में है, लेकिन इसका लाभ वित्त आयोग की अलॉटमेंट में नहीं मिलता। वह यह प्वाइंट वित्त आयोग को समझा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार के दिल्ली दौरे में पार्टी लीडरशिप के साथ मुलाकात अभी तय नहीं है। यदि इस बार फाइनांस कमीशन की रिपोर्ट हिमाचल के पक्ष में नहीं आई, तो हमें इसका खामियाजा बाद में भुगतना पड़ेगा। वित्त आयोग की यह रिपोर्ट 2026 से 2031 तक लागू होगी।

### लौटते ही कैबिनेट मीटिंग

दिल्ली से लौटने के बाद मुख्यमंत्री कैबिनेट की बैठक लेंगे। बता दें कि 15 सितंबर सुबह 11:00 बजे मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई गई है। विधानसभा के मानसून सत्र के बाद यह बैठक होगी। दिवाली के फेस्टिवल सीजन से पहले होने वाली इस बैठक में कई महत्त्वपूर्ण फैसले लिए जाने की संभावना है।

# पीडीएनए के 565.71 करोड़ सरकारी विभागों को जारी

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो — शिमला**

हिमाचल सरकार ने 2023 में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के बदले पोस्ट डिजास्टर नीड असेस्मेंट के तहत केंद्र सरकार से मिले पैकेज की पहली किस्त के तौर पर सभी विभागों को 565.71 करोड़ जारी कर दिए हैं। सोमवार को इस बारे में अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व कमलेश कुमार पंत ने अलॉटमेंट ऑर्डर साइन किया। इस राशि में से केंद्र का हिस्सा 424 करोड़ और राज्य सरकार का शेयर 141 करोड़ रुपए का है। इस आबंटन में सबसे ज्यादा 365 करोड़ लोक निर्माण विभाग को मिले हैं, जबकि जलशक्ति विभाग को 132 करोड़, बिजली बोर्ड को 13.66 करोड़, कृषि विभाग को 21.85 करोड़, बागबानी विभाग को 11.14 करोड़, शिक्षा विभाग को 5.96 करोड़, स्वास्थ्य विभाग को 4.76 करोड़, पशुपालन विभाग को 2.47 करोड़, पर्यटन विभाग को 4.82 करोड़ और महिला एवं बाल विकास विभाग को 2.11 करोड़ का बजट जारी हुआ है। इस पैसे को खर्च करने को लेकर कहा गया है कि यह खर्चा रिकवरी एंड रिकंस्ट्रक्शन वर्क के तहत बताए गए कामों पर ही होगाए जिसमें 2023 की बाढ़ के दौरान नुकसान हुआ है।

# एयरपोर्ट के अराइवल हाल में होगी मीटिंग

## हवाईअड्डे के अंदर नहीं मिलेगी किसी को एंट्री, बाहर भी चुनिंदा लोगों का ही होगा आवागमन

**पवन कुमार शर्मा — धर्मशाला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कांगड़ा एयरपोर्ट दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने हवाईअड्डे के चारों ओर बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मी तैनात कर दिए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से सोमवार को पूर्वाभ्यास भी किए गए। प्रधानमंत्री दौरे के चलते हवाईअड्डे को विशेष रूप से तैयार किया गया है। सुरक्षा इतनी सख्त होगी कि पठानकोट-मंडी सड़क मार्ग पर मुख्य सड़क से अंदर किसी को भी जाने की इजाजत नहीं होगी। सड़क मार्ग पर ही कार्यकर्ता व नेता मौजूद रहेंगे। सुरक्षा घेरा इतना सख्त होगा कि हवाईअड्डे के अंदर मात्र पीएमओ से चयनित होकर आने वाली सूची के नाम वालों को ही एंट्री मिलेगी। सुरक्षा की दृष्टि से सोमवार को फायर ब्रिगेड व एंबुलेंस के वाहनों ने पूर्वाभ्यास किया।

### ...तो धर्मशाला में होती बैठक

धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम या विधानसभा परिसर के बाहर बनने वाला इंटरनेशनल कनवेंशन सेंटर यदि बन गया होता, तो यह अहम बैठक धर्मशाला में भी हो सकती थी, लेकिन अभी तक इसका काम ही शुरू नहीं हो पाया है। ऐसे में पीएम की बैठक को एयरपोर्ट पर ही करवाया जा रहा है।

### आपदा प्रभावितों से मिलाने का प्लान

भाजपा करीब 20 आपदा प्रभावितों को भी प्रधानमंत्री से मिलाने की योजना कर रही थी, लेकिन सुरक्षा कारणों और पीएम के समय को देखते हुए ही इन सब बातों पर निर्णय हो सकता है। भाजपाई भी अपने नेता से मिलने के लिए आतुर हैं, लेकिन बताया जा रहा है कि पीएमओ से फाइनल होकर आने वाली सूची के अलावा कोई भी व्यक्ति प्रधानमंत्री मोदी से नहीं मिल पाएगा। हालांकि बताया जा रहा है कि पीएम कुछ समय एनडीआरफ व एसडीआरएफ जैसे आपदा मित्रों से बात कर सकते हैं

### तैयारियों को लेकर बैठक

प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर सोमवार को जिला प्रशासन ने एयरपोर्ट अथॉरिटी और सुरक्षा एजेंसियों के साथ हवाई अड्डा परिसर में एक बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। इस दौरान डीसी व एसपी कांगड़ा सहित अन्य अधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे।

53

0 9 SEP 2025

## आपदा में त्रिपुरा ने की हिमाचल की मदद

शिमला — मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने त्रिपुरा राज्य सरकार का हिमाचल प्रदेश को पांच करोड़ रुपए की सहायता राशि आपदा राहत कोष में प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावितों को मदद प्रदान करने में यह सहायता कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युद्ध स्तर पर राहत एवं पुनर्वास कार्य चला रही है। उन्होंने प्रदेश की खुले मन से मदद करने वाले सभी अंशदाताओं का भी आभार व्यक्त किया।

## यूपी, असम, हरियाणा ने दिए पांच-पांच करोड़

धर्मशाला — नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आपदा से प्रभावित हिमाचल प्रदेश के लोगों की मदद के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तीनों प्रदेशों से हिमाचल प्रदेश को पांच-पांच करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता के साथ-साथ भारी मात्रा में आपदा राहत सामग्री भेजी गई है, जो आपदाग्रस्त लोगों के लिए बहुत बड़ी राहत का काम करेगी। मुसीबत वक्त में प्रदेशवासियों के साथ खड़े होने और सहयोग करने के लिए उन्होंने हिमाचल प्रदेश की तरफ से सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी महानुभावों का यह स्नेह, सहयोग और समर्पण हम सदैव याद रखेंगे।

# गगल एयरपोर्ट पर ही सीएम संग मीटिंग करेंगे प्रधानमंत्री

दिव्य हिमाचल ब्यूरो — शिमला



- आधे घंटे की बैठक में लेंगे नुकसान की जानकारी
- मुख्यमंत्री सुक्खू आज सुबह पहुंचेंगे गगल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को भारी बरसात और बादल फटने के कारण हिमाचल में हुए नुकसान का जायजा लेंगे। वह पंजाब से वायु सेना के हेलिकाप्टर के माध्यम से मंडी और कुल्लू का हवाई सर्वेक्षण करेंगे और 12:30 बजे गगल एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद एयरपोर्ट परिसर में ही राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक के लिए राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल कांगड़ा पहुंच गए हैं, जबकि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मंगलवार सुबह हेलिकाप्टर के माध्यम से धर्मशाला आएंगे। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पहले ही धर्मशाला पहुंच चुके हैं। उनके साथ कांगड़ा चंबा संसदीय क्षेत्र के सांसद राजीव भारद्वाज भी प्रधानमंत्री की बैठक में शामिल होंगे। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के अलावा मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना अपने अधिकारियों, एनएचएआई और एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के अफसरों के साथ मौजूद रहेंगे। सिर्फ आधा घंटा बैठक करने के बाद प्रधानमंत्री चंबा का हवाई सर्वेक्षण करेंगे और जम्मू होते हुए उत्तराखंड चले जाएंगे।

दिव्य हिमाचल 09 SEP 2025



# पीएम मोदी आधे घंटे में जानेंगे हिमाचल का हाल

दिव्य हिमाचल ब्यूरो – धर्मशाला

- आज कांगड़ा एयरपोर्ट पर होगा आपदा से हुए नुकसान का आकलन
- राज्यपाल, सीएम और नेता प्रतिपक्ष सहित 20 लोग करेंगे पीएम से मंत्रणा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा आएंगे। पीएम मोदी भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ के कारण हुए नुकसान का जायजा लेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद करीब आधे घंटे तक गगल हवाई अड्डे में बैठक करेंगे, जहां पर पूरी रिपोर्ट ली जाएगी। इस दौरान पीएम मोदी मंडी, कुल्लू व चंबा में आपदा से हुए नुकसान का हवाई सर्वेक्षण भी करेंगे। पीएम मोदी के आगमन के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के दृष्टि से पुख्ता इंतजाम किए हैं। सूत्रों की मानें, तो पीएम मोदी करीब एक बजे गगल एयरपोर्ट पर उतरेंगे और यहां पर हाई लेवल मीटिंग करेंगे। इसमें आपदा से हुए नुकसान के बारे में जानकारी ली जाएगी। हिमाचल लगातार तीन साल से आपदा का दंश झेल रहा है, लेकिन इस साल आपदा ने जमकर कहर बरपाया है। इस साल हिमाचल प्रदेश में बरसात में आई आपदा से 4000 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हो चुका है, जबकि 366 लोग जान गंवा चुके हैं, जबकि 426 लोग जख्मी हैं। हिमाचल में जगह-जगह बाढ़ और भू-स्खलन से 478 पक्के और 746 कच्चे भवन ध्वस्त हुए हैं। सबसे ज्यादा नुकसान कांगड़ा, मंडी, चंबा, ऊना व कुल्लू जिलों में हुआ है।

## तीन एसपी और 400 जवानों ने संभाला मोर्चा

*पीएम मोदी के दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया है। इसके लिए बाकायदा तीन एसपी रैंक के अधिकारी और करीब 400 पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। इतना ही नहीं, एसपीजी सहित अन्य सभी सुरक्षा एजेंसियों ने अपने अपने स्तर पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।*

## हवाई उड़ानों का बदलेगा शेड्यूल

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रवास और कांगड़ा एयरपोर्ट पर बैठक होने के कारण हवाई अड्डे पर आने वाली फ्लाइट्स का शेड्यूल भी आगे पीछे कर दिया है। दोपहर 11:30 बजे से तीन बजे तक एयरपोर्ट कोई मूवमेंट नहीं होगी। तीन बजे आने वाले फ्लाइट भी पांच बजे कर दी गई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि दोपहर बाद आने वाली फ्लाइट्स को रद्द भी किया जा सकता है।*

## पीएम के साथ ये दिग्गज करेंगे मंत्रणा

*प्रधानमंत्री के साथ बैठक में करीब 20 लोग बैठेंगे। इनमें राज्यपाल, मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, डिप्टी सीएम, कुछ कैबिनेट मंत्री, हिमाचल के सांसद व चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी सहित कुछ अन्य चुनिंदा उच्च अधिकारी इस बैठक में शामिल हो सकते हैं।*

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का छठा कांगड़ा दौरा

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कांगड़ा का यह छठा दौरा है। इससे पहले वह 2017 में दो बार चुनावी रैलियों, 2018 में तत्कालीन भाजपा सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे थे। इसके अलावा 2019 में इन्वेस्टर मीट के लिए तथा 2022 में सचिवों की बैठक के लिए धर्मशाला आए थे और अब नौ सितंबर को आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने आ रहे हैं।*

## पीएम मोदी से हिमाचल को राहत की आस

*धर्मशाला। बाढ़ और भू-स्खलन में अपना सबकुछ खो चुके प्रभावितों की नजरें अब पीएम मोदी पर टिकी है। आपदा प्रभावितों की नजर में पीएम मोदी फरिश्ते से कम नहीं हैं, जो अपने दौरे के दौरान उन्हें विशेष राहत पैकेज दे जाएं। पीएम के कांगड़ा दौरे ने आपदा प्रभावितों की आंखों में फिर से संभलने की आस बंधा दी है। लोगों को उम्मीद है कि पीएम मोदी उनके लिए कोई बड़ी घोषणा जरूर करेंगे।*

55

# शिमला ग्रामीण में 14.72 करोड़ से बनेंगे नौ पंचायत घर

## मंत्री अनिरुद्ध सिंह और विक्रमादित्य सिंह ने किया घंडल पंचायत घर का उद्घाटन, ओगली और घरियाना पंचायत को 10-10 लाख देने की घोषणा

स्टाफ रिपोर्टर-शिमला

पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह और लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री ने सोमवार संयुक्त रूप से घंडल पंचायत घर का लोकार्पण किया। इस दौरान दोनों मंत्रियों को स्थानीय पंचायत की ओर से सम्मानित भी किया। दोनों मंत्रियों ने स्थानीय लोगों को जन शिकायतें भी सुनी। इस दौरान काफी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याओं के बार में बताया। इस पर मंत्रियों ने उन्हेंने जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्यों का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह को जाता है। उन्हीं के प्रयासों से आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर के शिक्षण संस्थान स्थापित है। घंडल पंचायत एक मात्र ऐसी पंचायत है जहां कर राष्ट्रीय लॉ यूनिवर्सिटी, ज्यूडिशियल अकादमी, संस्कृत अकादमी, राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान, डिग्री कॉलेज धामी आदि स्थापित हो रहे हैं। यह क्षेत्र शिक्षा हब बनता जा रहा है। हमें गर्व है घंडल पंचायत घर प्रदेश का पहला अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस पंचायत घर है। प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के दिशा-निर्देशों के अनुसार ही एक समान पंचायत घर निर्मित किए जा रहे है। शिमला ग्रामीण में इस तरह के नौ नए पंचायत घर बनाए जा रहे हैं। इन पर 14.72 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। इनमें से सात का लोकार्पण पंचायत चुनावों से पहले ही कर दिया जाएगा। उन्होंने ओगली पंचायत के लिए 10 लाख रुपए और घरियाना पंचायत के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि चमियाना सुपर स्पेशियलिटी के लिए भविष्य में 2000 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इससे लोगों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। सरकार आत्मनिर्भर हिमाचल प्रदेश की दिशा में प्रभावी तरीके से आगे बढ़ रही है। केंद्र सरकार की ओर से बजट में कटौती के बाद भी प्रदेश के विकास कार्य तीव्र गति से करवाए जा रहें है।



शिमला : सोमवार को घंडल पंचायत घर का लोकार्पण करते पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह और लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह

### कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद

इस मौके पर खंड विकास अधिकारी कार्तिकेय शर्मा, डीआरडीए एक्सईएन राजेश चंदेल, एक्सईएन लोक निर्माण विभाग राजेश गुप्ता, एक्सईएन जल शक्ति विभाग कपिल, नायब तहसीलदार राकेश शर्मा, जिला परिषद सदस्य प्रभा वर्मा, बीडीसी चेयरमैन सरोज शर्मा, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिमला ग्रामीण गोपाल शर्मा, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम्पटी राम कृष्ण शांडिल, पूर्व जिला परिषद सदस्य राजेश शर्मा, प्रधान परिषद अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, बीडीसी सदस्य प्रेम लाल, पार्षद मोनिका भारद्वाज, पार्षद नरेंद्र नीटू, बीडीसी सदस्य सीता शर्मा, बीडीसी सदस्य आशा, प्रधान मनोज कुमार, प्रधान ऊषा, प्रधान सुमन, प्रधान हेमवती, प्रधान राहुल, उप प्रधान प्रवीण, शिमला ग्रामीण युवा कांग्रेस अध्यक्ष अरुण ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे 150 पंचायत घर

मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सता में आते ही अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 150 पंचायत घरों को बनाने का निर्णय लिया था। वैसे तो हर पंचायत घर के निर्माण पर 33 लाख रुपए खर्च करने का प्रावधान था लेकिन वर्तमान सरकार ने पंचायत घर की निर्माण राशि 1 करोड़ 14 लाख रुपए करने का फैसला लिया। इसके साथ ही हर पंचायत घर का यूनिफॉर्म डिजाइन लोक निर्माण विभाग की ओर से तय किया गया। इसी कड़ी के घंडल पंचायत घर का भवन 2023 में बनना शुरू हुआ था। यह प्रदेश का पहला अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस पंचायत घर है। यह भवन दो मंजिला है जिसके ग्राउंड फ्लोर में प्रतीक्षालय क्षेत्र, प्रधान अटैच्ड टॉयलेट रूम, पंचायत सचिव रूम, तकनीकी सहायक, मनरेगा सहायक रूम, पंचायत मासिक बैठक हॉल, कॉमन सर्विस सेंटर रूम और दो शौचालय की सुविधा रहेगी। इसके साथ दूसरी मंजिल में ग्राम सभा हाल, लाइब्रेरी और शौचालय की सुविधा रहेगी। इसके अतिरिक्त मनरेगा के तहत रेन वाटर हार्वेस्टिंग टैंक का निर्माण भी किया जाएगा।

### आय के स्रोत विकसित करें पंचायतें : विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने घंडल में आयोजित 'मंत्री आपके द्वार' कार्यक्रम के दौरान कहा कि शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2012 में जब पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह ने चुनाव लड़ा तो अपने कार्यकाल के दौरान 1500 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य करवाए थे। आज अकेले घंडल पंचायत में लोक निर्माण विभाग के तहत 33 करोड़ रुपए के विकासात्मक कार्य चल रहे हैं। इसके अलावा 11 लाख रुपए के कार्य विभिन्न मतों के तहत पंचायत के अधिकार क्षेत्र में चल रहे है। डिग्री कॉलेज धामी को भारी बारिश के कारण खतरा पैदा हो गया था जिसका पांच करोड़ रुपए की लागत से रेस्टोरेशन कार्य करवाया जा रहा है। उन्होंने कि प्रदेश में इस वर्ष भी आपदा से भारी नुकसान हुआ है। अकेले लोक निर्माण विभाग को 2400 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। विभाग की मशीनरी, कर्मचारी, अधिकारी दिन रात बाधित मार्गों को खोलने में लगे हुए हैं और सैकड़ों मार्गों को बहाल कर दिया है। आज प्रदेश दूसरी तरफ आर्थिक संकट से गुजर रहा है। ऐसे में हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार प्रयास कर रही है। हम प्रदेश की आय बढ़ाने के लिए नवीन फैसलों को लागू कर रहे है। उन्होंने कहा कि पंचायतों को अपनी आय बढ़ाने के लिए विकल्प तैयार करने चाहिए। हर पंचायत अपने स्तर पर नए फैसलों को लागू करके अपनी आय को सुदृढ़ करने के लिए कार्य करें। प्रदेश में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस पंचायत घर बनाए जा रहे है। इससे पंचायत के आय के स्रोत विकसित होंगे। मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री ने जन समस्याएं भी सुनी। इसके साथ ही घंडल में सामुदायिक भवन का शिलान्यास भी किया।



दिव्य हिमाचल 09 SEP 2025

# शांता बोले, जीएसटी सरलीकरण आपदा के समय बहुत बड़ी राहत

**कार्यालय संवाददाता — पालमपुर**

भयंकर आपदा के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धर्मशाला आना बहुत महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने अपने दूसरे घर हिमाचल की सुध लेने का कार्यक्रम बनाया, इसके लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद करते हैं। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कही। शांता कुमार ने कहा कि जीएसटी सरलीकरण से इस भयंकर आपदा के समय भारत के लोगों को बहुत बड़ी राहत मिली है, बहुत सी जरूरी चीजें सस्ती हो गई हैं। उन्होंने इसके लिए बधाई और अरुण जेतली को श्रद्धांजलि दी है। शांता कुमार ने कहा कि पूरे देश में जीएसटी लागू करवाने के लिए लगातार कठिन संघर्ष किया था। विपक्ष शासक प्रदेश विरोध करते थे। अरुण जेतली ने एक बार नहीं, कई बार अलग-अलग प्रदेशों की बैठकें की और भारत को एक बहुत बढ़िया कर प्रणाली दी। ऐसे समय पर इतनी



बड़ी राहत मिलने के लिए उन्होंने भारत की जनता को भी बधाई दी है और अरुण जेतली को श्रद्धांजली अर्पित की है। शांता कुमार ने राष्ट्रीय लक्ष्य से पांच साल पहले पूर्ण साक्षरता प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू और हिमाचल सरकार को बधाई दी है। हिमाचल की जनता भी बधाई की पात्र है और हिमाचल की पुरानी सरकारें भी बधाई की पात्र हैं।

दिव्य हिमाचल 09 SEP 2025

मुआयना

जिला के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा, नुकसान का लिया जायजा; पीड़ित लोगों की सुनी समस्याएं, जल्द राहत का आश्वासन

# केंद्रीय टीम ने कुल्लू-चंबा में लिया नुकसान का जायजा

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-कुल्लू

जिला मुख्यालय के बहुउद्देश्यीय भवन में सोमवार को अंतर मंत्रालयी केंद्रीय टीम (आईएमसीटी) ने जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिला में आपदा के दौरान हुए नुकसान की समीक्षा की। केंद्रीय टीम में गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव जी पार्थसारथी, केंद्रीय जल निगम (जल शक्ति मंत्रालय) के निदेशक वसीम अशरफ, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मुख्य अभियंता अनिल कुमार कुशवाहा, प्रदेश सरकार की ओर से संयुक्त सचिव (डिजास्टर मैनेजमेंट) निशांत ठाकुर, एचआरटीसी के कार्यकारी निदेशक मुरारी



लाल और टीसीबी स्पेशलिस्ट डा.कृष्ण चंद शामिल रहे। बैठक में लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति, विद्युत, कृषि, बागबानी, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, शिक्षा, स्वास्थ्य, राष्ट्रीय उच्च मार्ग और अन्य विभागों से नुकसान संबंधित विस्तृत जानकारी हासिल की गई। बैठक में केंद्रीय कमेटी को जिला में विभागनुसार हुए नुकसान की जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में उपायुक्त कुल्लू तोरुल रवीश ने जिला में सड़कों, पुलों, बिजली लाइनों, ट्रांसफार्मरों, पेयजल योजनाओं, शिक्षण संस्थानों, कृषि और बागबानी भूमि तथा विभिन्न सरकारी भवनों को हुए नुकसान की सचित्र जानकारी उपलब्ध करवाई। केंद्रीय टीम ने बैठक के उपरांत मानसून के दौरान विभिन्न आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान टीम ने सोलंग गांव, बाहंग व ओल्ड मनाली स्थित मनालसु नाले, अलेयू वग्रीन टैक्स बैरियर के नजदीक वियनिमित उपसब्जी मंडी चौरीबिहाल, आलू ग्राउंड, पतलीकूहल, छरुडु, लंका बेकर, इनर अखाड़ा बाजार और सुम्मा में जाकर हालात और नुकसान का जायजा लिया। टीम ने प्रभावित ग्रामीणों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं और नुकसान की जानकारी ली। केंद्रीय टीम के अध्यक्ष एवं केंद्रीय गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव जी पार्थसारथी ने कहा कि केंद्र सरकार जिला कुल्लू और चंबा में मानसून से हुए नुकसान का जायजा लेने तथा आंकलन करने के लिए दो टीम प्रदेश के दौरे पर भेजी हैं। उन्होंने कहा कि टीम ए जिला चंबा और कांगड़ा के प्रवास पर है। टीम बी ने सोमवार को जिला कुल्लू के मनाली में हुए नुकसान निरीक्षण किया है

## मानसून के दिए जख्म देखे

डलहौजी। जिला चंबा में भारी बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए केंद्रीय टीम चंबा दौरे पर पहुंची है। इस टीम ने रविवार व सोमवार को जिला के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर आपदा से हुए नुकसान का विस्तृत जायजा लिया। इस टीम में विश्व मंत्रालय के उप सचिव कमलदीप वी पटेल व ग्रामीण विकास मंत्रालय के अवर सचिव दीपा शेखर सिंघल शामिल हैं, जबकि राहुल चौहान रजिस्ट्रार सहकारी संभाएं धर्मशाला समन्वयक के तौर पर शामिल हैं। केंद्रीय टीम संग विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

दिव्य हिमाचल 09 SEP 2025



# आलू की चार नई किस्मों को कृषि मंत्रालय से मंजूरी

## सीपीआरआई शिमला के प्रस्ताव पर लगाई मुहर, मैदानी राज्यों में सबसे अधिक उत्पादन की संभावना

चीफ रिपोर्टर-शिमला

हिमाचल प्रदेश में विकसित आलू की चार और किस्मों को कृषि मंत्रालय ने अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। सीपीआरआई शिमला के प्रस्ताव को सोमवार को मंत्रालय से मंजूरी मिली है। सीपीआरआई शिमला द्वारा विकसित चार नई आलू किस्मों को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बीज उत्पादन और प्रवर्धन के लिए आधिकारिक रूप से अधिसूचित किया गया है। केंद्रीय बीज समिति की सिफारिशों के आधार पर, नई जारी की गई किस्मों कुफरी रतन, कुफरी चिप भारत-1,



कुफरी चिपभारत-2 और कुफरी तेजस को अब भारत के कई क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण बीज के रूप में कृषि उपयोग के लिए अनुमोदित किया गया है। सीपीआरआई के निदेशक डा. ब्रजेश सिंह ने देश के कृषक समुदाय और आलू आधारित उद्योगों के प्रति समर्पित और निरंतर योगदान के लिए वैज्ञानिकों की टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि चार नई किस्मों की अधिसूचना भारत के आलू क्षेत्र को मजबूत करने में एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर है। सीपीआरआई के आलू प्रजनक डा. सलेज सूद ने उल्लेख किया कि इस तरह के विकास आईसीएआर-सीपीआरआई की नवीन, क्षेत्र-विशिष्ट समाधान प्रदान करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं, जो समग्र रूप से देश की कृषि को लाभान्वित करते हैं। उन्होंने कहा कि यह नव अधिसूचित किस्में, पहली सितंबर से प्रभावी होंगी, भारतीय कृषि के लिए दूरगामी लाभ लाने के लिए तैयार हैं।

**कुफरी रतन:-** उत्तर भारतीय मैदानी और पठारी क्षेत्रों हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड के मैदान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक में व्यापक रूप से अनुकूलता वाली एक मध्यम परिपक्वता 90 दिन, उच्च उपज 37.39 टन हेक्टेयर वाली लाल छिलके वाली खाने योग्य आलू की किस्म है।

**कुफरी तेजस:-** एक ताप सहनशील, मध्यम परिपक्वता 90 दिन और उच्च उपज 37.40 टन हेक्टेयर वाली खाने योग्य आलू के लिए किस्म है। इसे भारतीय मैदानी क्षेत्रों हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड प्रारंभिक मौसम, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, मुख्य मौसम के लिए अधिसूचित और अनुशंसित किया गया है।

**कुफरी चिपभारत 1 :-** मध्यम परिपक्वता; 100 दिन उच्च उपज 35.38 टन हेक्टेयर चिप प्रसंस्करण आलू किस्म है। इसे मुख्य मौसम में भारतीय मैदानी इलाकों हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और कर्नाटक, तेलंगाना और तमिलनाडु के लिए अनुशंसित किया है।

**कुफरी चिपभारत-2 :-** एक शीघ्र परिपक्वता 90 दिन उच्च उपज 35.37 टन हेक्टेयर चिप प्रसंस्करण आलू किस्म है। इसे मुख्य मौसम में भारतीय मैदानी इलाकों हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और कर्नाटक तेलंगाना और तमिलनाडु के लिए अधिसूचित और अनुशंसित किया गया है।

# बरसात ने जलशक्ति मंडल सुन्नी के बहाए 11 करोड़

स्टाफ रिपोर्टर-सुन्नी

शिमला ग्रामीण के जलशक्ति मंडल सुन्नी के तहत अब तक बरसात के चलते 117 योजनाएं बाधित हुई हैं। इन योजनाओं के बाधित होने से विभाग को लगभग 11करोड़ का नुकसान अब तक हो चुका है। अनुसार प्रदेश में आई आपदा से जलशक्ति विभाग की योजनाओं को भी खासा नुकसान झेलना पड़ा है।भारी वर्षा के कारण जगह जगह हुए भूस्खलन से पाइपें, पम्प ,टैंक इत्यादि भूस्खलन की चपेट में आ गए। सड़कें एवं रास्ते पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण कई योजनाएं बाधित है। इस दौरान कई योजनाओं को दुरुस्त करने के लिए कर्मचारियों की छुट्टियां कैंसिल की गई। क्षतिग्रस्त लाइनों को जोड़ने के लिए कर्मचारियो ने दिन रात मेहनत करके कार्य को अंजाम दिया। इसका सबसे बड़ा उदाहरण शिमला ग्रामीण की तहसील सुन्नी में उठाऊ पेयजल योजना न्यासेर जुब्बड़ टिक्कर का भुस्खलन की चपेट में आना रहा। सुन्नी जलशक्ति मंडल के तहत सुन्नी, गुम्मा, जलोग,घनाहट्टी एवं तारादेवी पांच उपमंडलों में 92 उठाऊ पेयजल,18 सिंचाई एवं एक सीवरेज योजना आपदा में बाधित हुई हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार मौसम साफ होने एवं वांछित धनराशि मिलने के बाद ही कई योजनाएं दुरुस्त हो पाएगी। अधिशासी अभियंता सुन्नी जल शक्ति मंडल के आर कपिल ने बताया कि विभाग को आपदा से करोड़ो का नुकसान हुआ है। कई योजनाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं तथा कई योजनाओं को दुरुस्त भी किया गया है। हालांकि इस दौरान उपभोक्ताओं को पेयजलापूर्ति की समस्या नहीं आने दी विभाग ने वैकल्पिक व्यवस्था करवाकर पेयजलापूर्ति सुचारू रखी गई।

## बागीपुल-जाओं सड़क को बहाल करने का कार्य शुरू



निरमंड। बागीपुल-जाओं सड़क मार्गजो पिछले माह 13 अगस्त से यातायात के लिए बंद पड़ा है की बहाली का कार्य लोक निर्माण विभाग मंडल निरमंड द्वारा युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दिया गया है। लैंडस्लाइड होने से सड़क यातायात के लिए बंद पड़ी थी। वहां पर से एलएनटी मशीन को क्रॉस कर दिया गया है। टूटे प्वाइंट पर से छोटे वाहनों के लिए सड़क बना दी गई है तथा आगामी कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इसके चलते अब ग्रामीणों को वहा से आगे की सड़क को जल्द सगोफा तक बहाल होने की उम्मीद जग गई है। लोगों ने लोक निर्माण विभाग मंडल निरमंड के नए अधिशासी अभियंता ईरआनंद शर्मा का आभार जताया है।

0 9 SEP 2025

59

# पीएम दौरे के बहाने भाजपा का मंथन

## जयराम ठाकुर, सिद्धार्थन, राजीव बिंदल के साथ कांगड़ा के नेताओं ने की चर्चा

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो – धर्मशाला**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंगलवार को कांगड़ा आने वाले हैं। इससे पहले सोमवार को प्रदेश भाजपा नेताओं ने धर्मशाला के एक निजी होटल में मंत्रणा कर पीएम दौरे सहित प्रदेश से जुड़े विभिन्न मसलों पर घंटो मंत्रणा की। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल और प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन ने जिला के नेताओं के साथ आपदा सहित अन्य पहलुओं पर मंत्रणा की। प्रधानमंत्री के दौरे के चलते नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सहित अन्य भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। इसके बाद बरिष्ठ भाजपा नेताओं ने पार्टी नेताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर चर्चा भी की। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल में आपदा से हुए भारी नुकसान के मद्देनजर मंगलवार को कांगड़ा पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए एक बैठक आयोजन करेंगे। बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित अन्य प्रतिनिधि और पार्टी की ओर से वह खुद भी बैठक में मौजूद रहेंगे। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि वह प्रधानमंत्री को प्रदेश में हुए भारी नुकसान खासकर चंबा, मंडी और कुल्लू जिला में हुए नुकसान के बारे में जानकारी देंगे। प्रधानमंत्री का आपदाग्रस्त क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करने का भी कार्यक्रम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री के दौरे के बाद हिमाचल को एक बड़ी राहत मिलेगी। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक विपिन सिंह परमार, सुधीर शर्मा, पवन काजल, विशाल नैहरिया, सचिन शर्मा, संजय शर्मा, राकेश शर्मा, विश्व चक्षु, विशाल नैहरिया, सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

# हिमाचल को केंद्र ने अब तक दिए 5000 करोड़

## जयराम बोले; सरकार पीड़ितों को नहीं बांट रही राहत, पीएम के समक्ष रखेंगे प्रदेश का पक्ष

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो – धर्मशाला**

नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कांगड़ा दौरे से पहले सोमवार को धर्मशाला पहुंचकर कांग्रेस की सुक्खू सरकार पर बड़ा सियासी हमला बोला। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार आपदा में भी झूठ का सहारा ले रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 से लेकर अब तक केंद्र से हिमाचल को 5000 करोड़ के करीब की राहत मिल चुकी है, जिसमें एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की राशि भी शामिल है। जयराम ठाकुर ने धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और सरकार में कुछ मंत्री झूठ पर झूठ बोले जा रहे हैं। आपदा पर राजनीति की बात करने वाली कांग्रेस को यह भी बताना पड़ेगा कि वर्ष 2023 में 4500 करोड़ के पैकेज की घोषणा के बावजूद अभी तक कितना पैसा सरकार ने आपदा प्रभावितों के लिए खर्च किया है। उन्होंने कहा कि जहां तक बात केंद्र की मोदी सरकार की तरफ से मिली 5000 करोड़ की राहत की बात है, तो उसमें से भी पात्र व्यक्तियों को क्या सही मायने में धनराशि मिल पाई है, यह एक बड़ा सवाल है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में आई भीषण आपदा को मद्देनजर रखते हुए मंगलवार को प्रधानमंत्री खुद कांगड़ा पहुंच रहे हैं। इस दौरान सरकार भी उनके समक्ष अपना पक्ष रखेगी और बतौर नेता प्रतिपक्ष वह भी प्रदेश में नुकसान के बारे में प्रधानमंत्री को अवगत करवाएंगे। उन्होंने कहा कि यह समय राजनीति का नहीं है। हिमाचल में इस बार बरसात में जिस तरह से भीषण तबाही हुई है, उसके लिए विपक्ष और सत्ता पक्ष को एक साथ काम करना है और इसके लिए विपक्ष हमेशा तैयार रहा है। विधानसभा सत्र में प्रदेश को आपदाग्रस्त राज्य घोषित करने के प्रस्ताव को लेकर भी विपक्ष ने अपना पूरा समर्थन दिया है। वह खुद दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री से मिले हैं। सभी सांसदों के साथ केंद्रीय मंत्रियों के साथ भी मुलाकात कर हिमाचल की तबाही की बात उनके समक्ष उठाई है।

### नेता प्रतिपक्ष बोले, यह समय राजनीति का नहीं

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह समय राजनीति का नहीं है। प्रदेश में भारी बरसात से हजारों लोगों के घर, खेत, बागीचे और व्यापार सब तबाह हो गया है। 350 से अधिक लोगों की जिंदगी चली गई। ऐसे में इस समय हम सभी को उन लोगों के लिए काम करना है, जिन्होंने अपना सब कुछ खो दिया है।

# हायर ग्रेड-पे पर फैसला सिर्फ रोका, रद्द नहीं

## सुरेश कश्यप; त्रिलोक जम्वाल बोले, यह निर्णय कभी लागू न हो

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो – शिमला**





भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप व विधायक, वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि सरकार प्रदेश के कर्मचारियों के हित को वापस लेने में असफल साबित हुई। जब प्रदेश के कर्मचारी सड़कों पर आ गए और जो अधिसूचना प्रदेश सरकार द्वारा निकाली गई थी, उस अधिसूचना को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। आने वाले समय में क्या पता वर्तमान सरकार के मुखिया के अंदर फिर से कर्मचारी विरोधी भावनाएं जाग जाए और वह इस अधिसूचना को फिर से लागू कर दें। भाजपा आशा करती है कि ऐसे फैसले कभी आने वाले समय में लागू न हो, सरकार को वह फैसला करने चाहिए जिससे जनता, युवा और कर्मचारी उत्साहित हो, न कि पीड़ित। उन्होंने कहा कि इस सारे प्रकरण से एक बात तो स्पष्ट हो गई है कि वर्तमान कांग्रेस सरकार कर्मचारी विरोधी है, निश्चित रूप से पूर्व में भी इस सरकार ने अनेकों कर्मचारी विरोधी फैसले लिए हैं।

60

09 SEP 2025

# 744 सड़कें 3 एनएच बंद

## आपदा से हिमाचल प्रदेश को 4122 करोड़ का नुकसान




चीफ रिपोर्टर-शिमला

हिमाचल प्रदेश को आपदा से अब तक 4122 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। नुकसान का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। राज्य में पर यह मानसून भारी पड़ चुका है। यहां पर नुकसान का जायजा लेने के लिए एक बार फिर से केंद्रीय टीमें आई हैं, जिनके साथ मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हिमाचल आ रहे हैं। अब देखना होगा कि केंद्र की तरफ से कितनी मदद मिलती है, लेकिन इससे पहले आपदा के कारण यहां सोमवार को भी तीन नेशनल हाई-वे के साथ 744 सड़कें बंद पड़ी हुई हैं, जिन पर यातायात बहाल नहीं हो सका है। इसके साथ प्रदेश के 959 बिजली ट्रांसफार्मर भी बंद पड़े हुए हैं, तो 472 पेयजल की योजनाएं भी बंद हैं। जिलावार सड़कों की स्थिति पर चर्चा करें तो बिलासपुर में 18, चंबा में 42, हमीरपुर में तीन, कांगड़ा में 44, किन्नौर में चार सड़कें और नेशनल हाई-वे 03 व 305 के अलावा 223 सड़कों पर यातायात सुचारू नहीं हो पाया है। कुल्लू व चंबा में हालात काफी ज्यादा खराब है, वहीं मंडी में भी इसी तरह के हालात हैं। लाहुल-स्पीति में नौ सड़कें पूरी तरह से बंद हैं, तो मंडी की 183 सड़कें अब तक खुल नहीं पाई हैं। शिमला जिला की बात करें, तो यहां पर 137 सड़कों पर यातायात बंद बताया जा रहा है। इसी तरह से

- प्रदेश में 959 बिजली ट्रांसफार्मर, 472 पेयजल योजनाएं बनी शोपीस
- मंडी जिला में सबसे ज्यादा 183 सड़कें ठप
- आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लेंगे नुकसान का जायजा

सिरमौर में 39 सड़कें बंद हैं, तो सोलन की 18 सड़कें और ऊना जिला में नेशनल हाई-वे 70 के साथ कुल 24 सड़कें पूरी तरह से बंद पड़ी हुई हैं।

0 9 SEP 2025

61

दिव्य हिमाचल

# आपदा का अपराधी पहाड़ ही क्यों

**सड़क** पर विकराल होती बारिश ने कहर ढहाया या विकास ने आगे दौड़ पीछे चौड़ कर दी। जो भी हो मुसीबत के इस समय आंखों में सुरमा लगाए भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने पहाड़ के पत्थर नहीं कोसे, बल्कि कोसी लापरवाही जो जिंदा विकास के मुर्दाघरों को नीलाम करने पर तुली रही। गडकरी ने फोरलेन की डीपीआर के कान पकड़े हैं, तो हिमाचल को भी विकास के आईने साफ कर लेने चाहिएं। केंद्रीय मंत्री ने न आपदा के बीच क्रंदन किया और न ही तोहमतें इधर उछालीं, बल्कि पहाड़ पर निर्माण की ऐसी व्याख्या की जो विज्ञान और विमर्श के बीच अगली कई सदियों को माप सकती है, बशर्ते हर इंच पर आगे बढ़ने की चुनौती को समझा जाए। अभी तो हमने पहाड़ पर विकास को केवल चिना है, न कि पहाड़ के लायक विकास को चुना है। पर्वतीय विकास की जिस इंजीनियरिंग की तरफ नितिन गडकरी इशारा कर रहे हैं, वह तो अभी शुरू ही नहीं हुई। फोरलेन परियोजनाओं के संदर्भ में केंद्रीय मंत्री का खुलासा सरासर लापरवाही तथा सार्वजनिक धन की सौदेबाजी है, लेकिन यह एक नियम के तहत बने तो मजमून बदलेगा। इस वक्त जलवायु परिवर्तन की सारी चुनौतियों का ठीकरा पहाड़ के सिर पर फोड़ा जा रहा है, क्योंकि देश आफत को समझने में अभी तक सचेत नहीं हुआ। आपदा का अपराधी हिमाचल ही क्यों बने। बेशक पहाड़ों को चीरा जा रहा है ताकि धूप आए और परिश्रम के गंतव्य में आर्थिक भूख मिट जाए, लेकिन यहां हर पेड़ अवैध तरीके से नहीं कटता। पेड़ भी काटता है हमारी रोजी रोटी और कहीं अचानक गिरकर तोड़ देता है जीने की राह पर सारी हड्डियां। जंगल या तो ज्यादा जंगली हो गए या जंगल को पर्यावरण का एकमात्र चिन्ह-प्रतीक मानने वालों ने सारे ताले पर्वतीय राज्यों पर लगा दिए। अपराधी पर्वत, जिसने अपनी तकदीर को जंगल बना लिया, उसे क्या मालूम बादलों का खेल। क्या समुद्र ने अपने भीतर सारी गर्मी को पहाड़ की तरफ धकेल दिया। क्या मैदानी इलाके जब तपते हैं तो किसी ने पर्वत को रोका कि अपने हिमनद को मत पिघलाओ। पर्वत की छाती से निकलती नदियों को देश की लू जब सुखाती है, तो कौन मैदानी इलाकों को कहता है कि पर्यावरण के लिए प्रचंड गर्मी को रोकें। क्या बरसात के दो-तीन महीनों में ही पर्यावरण का चिंतन मनन का दरिया बहने लगता है। शेष नौ महीनों के पर्यावरण संरक्षण के लिए कौन दोषी। हिमाचल-उत्तराखंड की तरह सभी राज्यों को भी निर्देश दीजिए कि सभी आइंदा 70 फीसदी क्षेत्र में केवल वन उगाएं। हिमाचल के पड़ोसी मैदानी राज्य अगर 70 फीसदी जमीन में जंगलों की पैमाइश करें, तो मालूम हो जाएगा पर्यावरण संरक्षण की धार कितनी नुकीली और कितने दबाव से भरी होती है। पर्वत के दबाव, पर्वत की आर्थिकी, पर्वत के रोजगार और पर्वत के विकास को समझने के इस आपदा का घर्षण काम नहीं आएगा। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने फोरलेन के परिप्रेक्ष्य में संभावना और सद्भावना का अलख जगा कर हिमाचल पर दोषारोपण नहीं किया, बल्कि यह स्वीकार किया है कि डीपीआर बनाने वालों ने विकास का सही आधार ढूंढने में कोताही बरती है। बेशक हिमाचल में हर तरफ के विकास में कोताही हुई। दूसरी ओर भारत सरकार पर्वतीय राज्यों के लगभग 45 लोकसभा क्षेत्रों की आवाज, जरूरतों और मजबूरियों को समझने में नाकाम रही है। अगर आपदा की लानतें पहाड़ पर थोपी जा रही हैं, तो इसके विकास और संरक्षण के लिए एक विशेष दृष्टि क्यों नहीं। इन इलाकों की भौगोलिक, आर्थिक व सामाजिक पहचान व संरक्षण के लिए अलग मानदंड बनाने के लिए, एक स्वतंत्र पर्वतीय विकास मंत्रालय का गठन जरूरी हो जाता है।

दिव्य हिमाचल

09 SEP 2025

62

हिमाचल : कुदरती आपदा

# घायल चंबा की प्रधानमंत्री से उम्मीदें व पुकार

उत्तम सूर्यवंशी

स्वतंत्र लेखक



इस वर्ष हिमाचल प्रदेश ने ऐसी प्राकृतिक आपदा का सामना किया जिसने न सिर्फ यहां की धरती को छलनी किया, बल्कि पूरे देश और विदेश तक को झकझोर दिया। लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने चंबा जिले को गहरे जख्म दिए। उसी समय पवित्र मणिमहेश कैलाश यात्रा चल रही थी, जिसमें हजारों यात्री देश-विदेश से शामिल हुए थे। बारिश थमने का नाम नहीं ले रही थी और प्रशासन को मजबूरन यात्रा रोकनी पड़ी। यात्रियों को जहां भी ठिकाना मिला- गांवों, मंदिरों, गुरुद्वारों, पंचायत घरों, स्कूलों, आईटीआई संस्थानों, कॉलेजों और यहां तक कि स्थानीय लोगों के घरों में भी- वहीं रुकना पड़ा। इस विकट घड़ी में प्रशासन, सामाजिक संस्थाओं और आम जन ने यात्रियों को भोजन-पानी और आश्रय उपलब्ध कराया। चंबा की जनता ने हर फंसे यात्री को परिवार का हिस्सा समझकर सेवा दी। यह मानवता का अनुपम उदाहरण था, जिसने चंबा को 'प्रेरणा' बना दिया। लेकिन हालात इतने सरल नहीं थे। जगह-जगह भूस्खलन ने सड़कें तोड़ीं, बिजली और संचार व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई। चंबा देश-दुनिया से कट गया। हजारों यात्रियों और स्थानीय लोगों की सुरक्षा प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गई। इसी बीच मैं स्वयं अपने पारिवारिक कारणों से टांडा मेडिकल कॉलेज में था। बाहर से बैठा-बैठा मैं भीतरी बेचैनी और असहायता महसूस कर रहा था। रिश्तेदारों और यात्रियों के परिजनों के लगातार फोन आते, लेकिन चंबा से संपर्क टूट चुका था। मैंने सोशल मीडिया के जरिये और अन्य माध्यमों से सूचनाएं साझा कर, लोगों को धैर्य बंधाने का छोटा-सा प्रयास किया।

पांच दिन, दिन-रात यही कोशिश रही कि सही और प्रमाणिक समाचार परिजनों तक पहुंचे। धीरे-धीरे मौसम खुला। नेटवर्क और सड़कें बहाल हुईं। यात्रियों के सकुशल वापस लौटने की खबरों से लोगों ने राहत की सांस ली। फिर भी यह यात्रा बहुत कठिन रही और कुछ अमूल्य जीवन छिन भी गए। भगवान शिव की कृपा रही कि बड़ी जनहानि नहीं हुई, लेकिन जिले ने गहरे घाव जरूर सहे। जब चंबा से तस्वीरें सामने आईं तो लगा मानो पूरा जिला घायल और जर्जर हो गया हो- सड़कें नदारद, खेत बह गए, गांव बर्बाद हो गए, घर ढह गए। हर कोना यह पुकार रहा था कि कोई है जो मरहम लगाए, सहारा दे, बैसाखी थमाए। इस बीच प्रशासन और सरकार की भूमिका पर बहस भी हुई। कोई तारीफ करता, कोई आलोचना। लेकिन यह मानना होगा कि प्रशासन भी हम जैसे लोग ही होते हैं- सीमित साधनों के बावजूद उन्होंने दिन-रात पैदल चलकर, भूखे रहकर यात्रियों और प्रभावितों तक पहुंचने का प्रयास किया। उनके इस समर्पण को सलाम है। सरकार के प्रतिनिधि भी चंबा पहुंचे, यात्रियों और स्थानीय लोगों का हाल जाना, राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को चंबा भेजा और स्वयं भी यहां आकर हालात पर नजर रखी। राहत व बचाव कार्य तेज हुआ, हवाई सेवाएं भी मुहैया करवाई गईं जिसके जरिये बहुत सारे यात्रियों को भरमौर से चंबा पहुंचाया गया। चंबा से पठानकोट-कांगड़ा के लिए सरकार ने हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में मुफ्त सेवा दी। विधानसभा का मानसून सत्र बीच में छोड़ कर चंबा के सभी विधायक चंबा आ गए, जो अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में इस आपदा का जायजा लेकर पीड़ितों से मिले। लेकिन चंबा सदर के विधायक का इस पूरे प्रकरण में अपनी विधानसभा के साथ-साथ मणिमहेश यात्रा पर व समस्त जिले पर विशेष सहयोग व कार्य सराहनीय रहा जो दिन-रात इस आपदा में कार्य करते नजर आए। कांगड़ा-चंबा के सांसद राजीव भारद्वाज ने भी इस दौरान चंबा में आकर स्थिति का जायजा लिया। मंडी लोकसभा से निर्वाचित सांसद कंगना रणौत का सिर्फ सोशल मीडिया पर बयान ही नजर आया, क्योंकि भरमौर विधानसभा का क्षेत्र मंडी लोकसभा का हिस्सा है, तो लोगों की आकांक्षाएं अपने सांसद से होती ही हैं। चंबा के बहुत लोकप्रिय कहे जाने वाले नेता राज्यसभा सांसद का भी इस दौरान सोशल मीडिया पर ही बयान सुनने को मिला जो व्यवस्थाओं को लेकर सरकार को कोसते रहे, लेकिन इस आपदा में चंबा उन्हें भी दूर लगा। राजनीति से जुड़े सभी पार्टियों के नेताओं सहित पूर्व विधायक व मंत्री भी इस आपदा में सक्रिय रहे और इस आपदा में अपनी भूमिका अदा की। फिर भी एक सवाल बना रहा- क्या चंबा की पीड़ा केवल राज्य सरकार की जिम्मेदारी है? चंबा बार-बार केंद्र में विश्वास जताता है, भाजपा को चुनता है। तो केंद्र सरकार की विशेष नजर इस पिछड़े और आपदाग्रस्त जिले पर क्यों नहीं है? राजनीतिक सफर पर नजर डालें तो हिमाचल में मौजूदा सरकार कांग्रेस की है और केंद्र में लगातार तीसरा कार्यकाल भाजपा का चला हुआ है। बात चंबा की करें तो चंबा में पांच विधानसभा क्षेत्र हैं जिनमें मौजूदा समय में तीन क्षेत्रों पर भाजपा का कब्जा है। लोकसभा की बात करें तो लगातार तीन कार्यकालों से मंडी-चंबा लोकसभा में भी भाजपा का कब्जा है। यहां से लोकसभा सदस्य हर बार रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करते हैं। सीधा-सीधा कहा जाए तो ये आंकड़े दर्शाते हैं कि चंबा के लोग भाजपा को पहली पसंद मानते हैं, और दिल खोल कर समर्थन करते हैं।

> मैं यहां के सांसद-विधायकों से आग्रह करता हूं कि वे प्रधानमंत्री को इस आपदा के बारे में अवगत करवाएं जो यहां का दौरा कर जायजा लेकर, इस घायल आकांक्षी जिले को उठाने में मदद करें...

हम सब जानते हैं कि जिला चंबा आकांक्षी जिलों में शामिल है और रही सही जो कसर थी इस आपदा ने पूरी कर दी। चंबा में जो विकास के कार्य हुए भी थे, वो सब इस आपदा की भेंट चढ़ गए। सभी सड़कें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। चंबा का एक-एक गांव इस आपदा में जर्जर हो गया है। फसलें-जमीनें सब बर्बाद हो गई हैं। ऊपर उठने की बजाय चंबा बहुत नीचे धंसता नजर आ रहा है। आज चंबा को आवश्यकता है कि राज्य और केंद्र दोनों मिलकर चंबा को विशेष राहत और पुनर्निर्माण पैकेज दें। यह धरती सिर्फ हिमाचल की नहीं, पूरे देश की है। मणिमहेश यात्रा पूरे भारत और विदेश तक की आस्था से जुड़ी है। मैं यहां के सांसद-विधायकों से उम्मीद-आग्रह करता हूं कि वे प्रधानमंत्री को इस आपदा के बारे में अवगत करवाएं जो यहां का दौरा कर जायजा लेकर, इस घायल आकांक्षी जिले को उठाने में मदद करें जो हमेशा चंबा को अपना घर मानते हैं। मेरा विशेष आग्रह रहेगा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री से कि आइए श्रीमान जी, चंबा बुला रहा है, यहां की टूटी सड़कों को नया जीवन दीजिए। उनसे चंबा को कई उम्मीदें हैं।

# पूर्ण साक्षर राज्य बनने के साथ शीर्ष पर हिमाचल

## ऐतिहासिक पल ● देश में सबसे ज्यादा 99.30 प्रतिशत साक्षरता दर, विद्यार्थी-अध्यापक अनुपात में अग्रणी

- निरक्षर से पूर्ण साक्षर बनने का सफर रहा चुनौतीपूर्ण : सुक्खू
- शिक्षा से भावनात्मक संबंध, दादा भी संभाल चुके विभाग : रोहित
- साक्षरता के स्वयंसेवक के रूप में कार्य कर चुके शिक्षा सचिव

**राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला :** किसी भी देश की खुशहाली और विकास इस बात पर निर्भर करता है कि वहां के लोग कितने शिक्षित हैं। शिक्षा व्यक्ति के व्यक्तित्व को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सोमवार को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। हिमाचल **अब पूर्ण साक्षर राज्य बनने के साथ शीर्ष पर पहुंचा गया है।**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस अवसर पर शिमला में आयोजित 'पूर्ण साक्षर हिमाचल समारोह एवं उल्लास मेला-2025' में हिमाचल प्रदेश को 'पूर्ण साक्षर राज्य' घोषित किया। उन्होंने बताया कि जब देश 1947 में आजाद हुआ था, तब प्रदेश की साक्षरता दर केवल सात प्रतिशत थी। पहाड़ जैसी चुनौतियों को पार करते हुए हिमाचल ने यह उपलब्धि हासिल की है। यह कार्यक्रम स्कूल शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित किया गया था।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य ने यह उपलब्धि निर्धारित समय सीमा से पहले प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि निरक्षरता से पूर्ण साक्षरता का सफर चुनौतियों से भरा रहा है। वर्तमान में, विद्यार्थी-अध्यापक अनुपात में प्रदेश देश में अव्वल स्थान पर है। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे सुझाव दें कि कौन से स्कूलों का विलय होना चाहिए। उन्होंने बताया कि 200 स्कूलों को सीबीएसई में शामिल किया जाएगा और छात्र-छात्राओं के स्कूलों का भी विलय किया जाएगा।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि उनका विभाग के साथ भावनात्मक संबंध है। उनके दादा पूर्व मुख्यमंत्री स्व. रामलाल ठाकुर शिक्षा मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विद्यार्थियों की ड्राप आउट दर अब लगभग शून्य तक पहुंच चुकी है। उन्होंने इस उपलब्धि में योगदान देने वाले सभी व्यक्तियों का आभार भी व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय सचिव शिक्षा संजय कुमार ने वीडियो संदेश के माध्यम से हिमाचल को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्वयंसेवी अध्यापकों और नव साक्षरों के अनुभव साझा करने की सराहना की। राज्य के शिक्षा सचिव राकेश कंवर ने 1990 में साक्षरता मिशन में स्वयंसेवक के रूप में कार्य किया था।




शिमला में सोमवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व अधिकारी लोगों को साक्षरता प्रमाणपत्र देते • जागरण

### हिमाचल प्रदेश शीर्ष पर

| राज्य | साक्षरता दर |
|---|---|
| हिमाचल | 99.30 |
| मिजोरम | 98.02 |
| लक्षदीप | 97.03 |
| त्रिपुरा | 95.07 |

### निमंत्रण पत्र से किरकिरी

हिमाचल प्रदेश पूर्ण साक्षर राज्य बना, लेकिन शिक्षा विभाग की निमंत्रण पत्र को लेकर इंटरनेट मीडिया में खूब किरकिरी हुई। इस निमंत्रण पत्र में तीन प्रमुख गलतियां थीं, जिनमें अंतरराष्ट्रीय, उपलक्ष्य और मुख्यमंत्री का उपनाम गलत लिखा गया। इंटरनेट मीडिया पर यूजर्स ने इन गलतियों को चिह्नित कर विभाग पर तंज कसे।




### ऐसे हुए साक्षर, उल्लास योजना से मिली मदद

हिमाचल में प्रौढ़ शिक्षा की साक्षर भारत योजना के तहत 2017 में 67,500 निरक्षर साक्षर हुए। पढ़ाई के अभियान के तहत 2022 तक 1,00,000 निरक्षर साक्षर हो चुके हैं। नव भारत साक्षरता अभियान उल्लास योजना के अंतर्गत 2022-23 और 2023-24 में बीईईओ के माध्यम से ग्राम स्तर पर सर्वेक्षण किया गया, जिसमें 95,252 निरक्षरों को पंजीकृत किया गया। इनमें से 43,885 निरक्षर साक्षर हो चुके हैं, जबकि 56,960 निरक्षरों की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### हर जनगणना में बढ़ती रही प्रदेश की साक्षरता दर

| वर्ष | साक्षरता | पुरुष | महिला |
|---|---|---|---|
| 1951 | 7.98 | 12.97 | 2.49 |
| 1961 | 21.30 | 32.30 | 9.50 |
| 1971 | 31.96 | 43.19 | 20.23 |
| 1981 | 42.48 | 64.27 | 37.72 |
| 1991 | 63.54 | 75.36 | 52.13 |
| 2001 | 76.05 | 05.03 | 67.04 |
| 2011 | 82.80 | 89.53 | 75.93 |



हिमाचल प्रदेश, मिजोरम, गोवा और त्रिपुरा को पूर्ण साक्षरता प्राप्त करने पर बधाई। यह सरकार, समाज और स्वयंसेवकों के सामूहिक प्रयास के कारण ही संभव हो पाया।

**-धर्मेंद्र प्रधान,** केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### किसी भी राज्य को साक्षर घोषित करने के मानक

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, किसी राज्य को पूर्ण साक्षर राज्य तब घोषित किया जाता है जब उसकी 95 प्रतिशत या उससे अधिक आबादी साक्षर हो जाती है। हिमाचल प्रदेश ने केंद्र को भेजे पत्र में बताया है कि राज्य में 99.03 प्रतिशत लोग साक्षर हो चुके हैं। शिक्षा मंत्रालय के मानदंडों के अनुसार, एक व्यक्ति तब साक्षर माना जाता है जब वह साधारण शब्द पढ़ और लिख सकता है तथा गणित की साधारण गणनाएं कर सकता है। हिमाचल की कुल आबादी लगभग 75.5 लाख है, जिसमें एक लाख लोग निरक्षर थे। इन्हें साक्षर बनाने के लिए उल्लास कार्यक्रम चलाया जा रहा है। सितंबर के अंतिम सप्ताह में एक बार फिर परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें वे लोग शामिल होंगे जो अभी तक साक्षर नहीं हो पाए हैं।

दैनिक जागरण 09 SEP 2025

# कर्मचारियों के वेतन में नहीं होगी कटौती, आदेश पर रोक

## सीएम बोले, गलत हो गई थी अधिसूचना, संशोधन का लिया निर्णय

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : हिमाचल प्रदेश के सरकारी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन में किसी प्रकार की कटौती नहीं की जाएगी। छह सितंबर को जारी अधिसूचना पर सरकार ने अगले आदेश तक रोक लगा दी है। सचिव वित्त देवेश कुमार ने संबंध में अधिसूचना जारी कर दी।



सुखविंदर सुक्खू • जागरण आर्काइव

शिमला में सोमवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया था कि इन आदेश में संशोधन किया जाएगा। कर्मचारी इस मांग पर अड़े रहे कि पहले सरकार अधिसूचना जारी करें तभी वे लौटेंगे। दोपहर बाद इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके तहत जिन 89 श्रेणियों को उच्च वेतनमान मिला है उन्हें वह पूर्व की तरह ही मिलता रहेगा। इन श्रेणियों में 10000 से अधिक कर्मचारी बताए जा रहे हैं। हालांकि भविष्य में नई भर्तियों में 89 श्रेणियों के इन कर्मचारियों को उच्च वेतनमान का लाभ नहीं मिलेगा।

- वित्त विभाग की अधिसूचना के दो दिन बाद प्रदेश सरकार ने निर्णय पर लगाई रोक
- भविष्य में 89 श्रेणियों के 10000 से अधिक कर्मचारियों को उच्च वेतनमान नहीं मिलेगा

### क्या था मामला

वित्त विभाग की ओर से छह सितंबर (शनिवार) को एक अधिसूचना जारी की गई थी। इसके अनुसार हिमाचल प्रदेश सिविल सेवा (संशोधित वेतन) नियम, 2022 की नियम 7(ए) को तीन जनवरी, 2022 से प्रभावी रूप से हटा दिया गया है। इससे पूर्व नियुक्त हुए 89 श्रेणियों के 10000 से अधिक कर्मचारियों को दो साल का नियमित कार्यकाल पूरा होने पर जो उच्च वेतनमान दिया गया था उसे वापस लिया गया था। इस निर्णय से प्रदेश के हजारों कर्मचारियों को मासिक औसतन 15,000–20,000 का वित्तीय नुकसान हो रहा है।

### भाजपा बोली-कर्मी विरोधी निर्णय पर रोक अस्थायी

भाजपा ने कहा कि जब सोमवार को हिमाचल के 10 हजार से अधिक कर्मचारी सड़कों पर आ गए तो सरकार ने अधिसूचना पर अस्थायी रोक लगा दी। इससे पता चलता है कि सरकार की मंशा साफ नहीं है, आने वाले समय में क्या पता सरकार फिर लागू कर दे। भाजपा सांसद सुरेश कश्यप व विधायक एवं वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि सरकार कर्मचारियों पर दबाव बनाकर काम करवाना चाहती है।

वित्त विभाग ने दो दिन पहले उच्च वेतनमान का निर्णय वापस लेने की अधिसूचना जारी की थी, इसके बाद कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त था। सोमवार को हिमाचल प्रदेश सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन, अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के दोनों धड़ों के अलावा संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। प्रदेशभर से कर्मचारी सचिवालय व राज्य अतिथिगृह पीटरहाफ पहुंचे थे। सचिवालय कर्मचारी संगठन ने ओकओवर में मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अधिसूचना गलत हो गई थी, सरकार ने इसमें संशोधन करने का निर्णय लिया है। सुक्खू ने कहा कि जो भी लाभ कर्मियों को दे दिए हैं उसे वापस नहीं लिया जाएगा।

> कर्मचारियों का कल्याण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए इस तरह के आदेश जारी करना उचित नहीं है। नियमों में संशोधन करते समय मानवीय सरोकारों का ध्यान रखना आवश्यक है। सरकार कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी कर्मचारियों के हितों की रक्षा की जाएगी।
>
> **सुखविंदर सिंह सुक्खू**, मुख्यमंत्री

> महासंघ ने मुख्यमंत्री सुक्खू से मुलाकात कर कर्मचारियों को हो रहे नुकसान के बारे में उन्हें बताया। विभाग ने इस अधिसूचना को रोक दिया है। इसके लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद।
>
> **-त्रिलोक ठाकुर**, अध्यक्ष, अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (त्रिलोक गुट)

> महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के साथ विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था कि इस अधिसूचना को वापस लिया जाएगा। दोपहर बाद इसे वापस लिया गया। इसके लिए सीएम का आभार।
>
> **-प्रदीप ठाकुर**, अध्यक्ष, अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (प्रदीप गुट)

संबंधित समाचार›› पेज 2

64

65

दैनिक ...

09 SEP 2025

# कई धड़ों में बंटे कर्मचारी, फिर भी पूरी करवा ली मांग

- मुख्यमंत्री सुक्खू से पीटरहाफ में हुई मुलाकात में दिखी धड़ेबाजी
- पहले गुस्सा, सीएम के घोषणा करते ही लगे जिंदाबाद के नारे

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : हिमाचल के सरकारी कर्मचारियों में छह सितंबर को उच्च वेतन वापस लेने संबंधी वित्त सचिव द्वारा जारी अधिसूचना के बाद से असंतोष बढ़ गया। प्रदेशभर से कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर सोमवार को शिमला पहुंचे। राज्य सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन को छोड़कर अन्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के सदस्य विभिन्न धड़ों में बंटे हुए नजर आए। सभी ने अलग-अलग गुटों में मुख्यमंत्री से मुलाकात की और अधिसूचना को वापस लेने की मांग की। सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से सुबह ओक ओवर में मुलाकात की। उन्होंने इस अधिसूचना के कारण कर्मचारियों को होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी।

सचिवालय परिसर में विरोध प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें अन्य विभागों के कर्मचारी भी शामिल हुए। संजीव शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि अधिसूचना वापस नहीं ली गई, तो निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री ने इस अधिसूचना को वापस लेने का आश्वासन दिया। कर्मचारी पीटरहाफ में पहुंचे और सीएम से मुलाकात का इंतजार करते रहे।

मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद वहां जिंदाबाद के नारे लगे। दोपहर बाद, सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष संजीव शर्मा और अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर सहित अन्य कर्मचारी नेताओं ने सचिव वित्त से मुलाकात की और अधिसूचना को वापस लेने की मांग उठाई। प्रदीप ठाकुर गुट ने भी अलग से सचिव वित्त से मुलाकात की।

## संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने भी मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

संयुक्त कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान व महासचिव हीरालाल वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर इस अधिसूचना को वापस लेने की मांग उठाई। चौहान ने कहा कि वित्त विभाग की अधिसूचना से कर्मचारियों को नुकसान हो रहा था। मुख्यमंत्री ने इस अधिसूचना को वापस लेने के आदेश दिए थे जिसके बाद विभाग ने अधिसूचना निरस्त की। इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हैं।



शिमला में सोमवार को अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर मुख्यमंत्री सुक्खू से मुलाकात करते हुए • जागरण





शिमला स्थित पीटरहाफ में सोमवार को अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर व (बायें) सचिवालय सेवाएं कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष संजीव ठाकुर की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू से ओकओवर में भेंट करता • जागरण

# वित्तायोग के अध्यक्ष से मिलने जाएंगे मुख्यमंत्री सुक्खू

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वह 11 सितंबर को दिल्ली में जा रहे हैं। 16वें वित्त आयोग चेयरमैन डा. अरविंद पनगढ़िया से मुलाकात करेंगे। तीसरी बार वह उनसे मुलाकात करने जा रहे हैं। बैठक में हिमाचल के हकों की पैरवी की जाएगी, ताकि वित्त आयोग के तहत हिमाचल को पूरा हक मिल सके। दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू अन्य केंद्रीय मंत्रियों से भी मुलाकात कर राज्य के लिए ज्यादा से ज्यादा बजट लाने का प्रयास करेंगे। खासकर आपदा से बाहर निकलने को विशेष पैकेज की मांग मुख्यमंत्री केंद्र सरकार से करेंगे। मुख्यमंत्री पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से भी मुलाकात कर सकते हैं। प्रदेश में तीन महीने बाद कभी भी पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव का बिगुल बज सकता है। ऐसे में सीएम सुक्खू हाईकमान से कांग्रेस संगठन के जल्द गठन मांग कर सकते हैं।

**अप्रैल 2026 से लागू होंगी अगले वित्त आयोग की सिफारिशें :** पहली अप्रैल, 2026 से 16वें वित्त आयोग की सिफारिशें लागू होंगी। इन्हीं सिफारिशों के तहत राज्य को अगले पांच साल के लिए राजस्व का वितरण होगा। यदि हिमाचल सरकार को ज्यादा राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) मिलता है तो 2026 के बाद अगले पांच साल हिमाचल को इसका लाभ मिलेगा। यदि इसमें कटौती की गई तो राज्य सरकार की आर्थिक सेहत तेजी से खराब होगी।

# यूपी, हरियाणा व त्रिपुरा से पांच-पांच करोड़ की मदद

जागरण संवाददाता, सहारनपुर : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड को मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच-पांच करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता राशि देने का ऐलान किया है। सोमवार को योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज देश के विभिन्न राज्यों में प्राकृतिक आपदा ने परेशानी खड़ी कर रखी है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब आपदा से घिरे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए सहारनपुर के साथ लखनऊ और बलिया भी परेशानी में उनके साथ खड़े हैं। अन्य सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी तो उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता उनके साथ है। सोमवार को होटल सरोवर पोर्टिको से मुख्यमंत्री योगी ने हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड राज्यों के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री से भरे 48 ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने राज्यमंत्री जसवंत सैनी को हिमाचल प्रदेश, राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह को उत्तराखंड तथा विधायक राजीव गुंबर को पंजाब के लिए राहत सामग्री ले जाने की जिम्मेदारी सौंपी।



योगी आदित्यनाथ • जागरण

## सुक्खू ने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री का जताया आभार

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को त्रिपुरा सरकार का पांच करोड़ रुपये की सहायता राशि आपदा राहत कोष में प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावितों को मदद प्रदान करने में यह सहायता कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युद्ध स्तर पर राहत एवं पुनर्वास कार्य चला रही है।

कसौली से कांग्रेस विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने एमटी आटोक्राफ्ट सिस्टम की ओर से आपदा राहत कोष के लिए सुक्खू को 2.51 लाख का चेक भेंट किया।

## हरियाणा के सीएम नायब सैनी ने भेजा पत्र

जागरण संवाददाता, शिमला : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हिमाचल के आपदा प्रभावितों की मदद के लिए पांच करोड़ रुपये राहत कोष में दिए हैं। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को एक पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की सरकार व जनता पूरी संवेदना से लोगों को सहायता पहुंचाने के खड़ी है।

67

09 SEP 2025

# प्रधानमंत्री मोदी को आज अपना हाल बताएगा हिमाचल प्रदेश

**जागरण टीम, शिमला/धर्मशाला :** आपदा से बुरी तरह प्रभावित हिमाचल प्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मंगलवार को अपना हाल बताएगा। प्रधानमंत्री हिमाचल के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद कांगड़ा हवाई अड्डे के हाल में उच्चस्तरीय बैठक लेंगे, जिसमें राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश के सांसद व प्रदेश सरकार के अधिकारी हिमाचल का पक्ष रखेंगे।

आशा यही है कि प्रधानमंत्री, जो हिमाचल प्रदेश को अपना घर मानते हैं, यहां के लोगों को मिले



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी • जागरण आर्काइव

जख्मों पर राहत देने के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा कर सकते हैं। प्रधानमंत्री हिमाचल के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद डेढ़ बजे कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। यहां वह करीब एक घंटे तक बैठक लेंगे। इस दौरान पीएम आपदा प्रभावित कुछ परिवारों, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और आपदा मित्र टीम से भी मुलाकात करेंगे। इसके बाद पंजाब के गुरदासपुर जाएंगे। कांगड़ा हवाई अड्डे के बैठक हाल की सीटिंग क्षमता 20 है, ऐसे में अधिकतम 20 लोग ही बैठक में शामिल हो सकेंगे। एहतियात के तौर पर दोपहर 12 बजे से लेकर तीन बजे तक यहां कोई भी उड़ान नहीं होगी। स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) ने कांगड़ा हवाई अड्डे की सुरक्षा व्यवस्था की रणनीति बनाई है। सड़क यातायात बाधित नहीं होगा। पठानकोट-मंडी फोरलेन में कांगड़ा हवाई अड्डे के पास भी यातायात चलता रहेगा।

एसपीजी के अलावा प्रदेश पुलिस के 400 जवान तैनात रहेंगे। सांसद राजीव भारद्वाज ने बताया कि उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने के बाद प्रदेश के सांसद प्रधानमंत्री मोदी के साथ ही आ सकते हैं। राज्यसभा व लोकसभा में प्रदेश से सात सांसद हैं।

## प्रधानमंत्री से विशेष राहत पैकेज की मांग करेंगे : सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला में सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री से विशेष राहत पैकेज जारी करने की मांग करेगी। सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों को समय पर राहत राशि उपलब्ध कराने का आग्रह भी करेगी, ताकि प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता मिल सके। धर्मशाला में प्रधानमंत्री को प्रस्तुति के माध्यम से बताया जाएगा कि मानसून में प्रदेश को कितनी क्षति झेलनी पड़ी है। प्रधानमंत्री से नियमों में परिवर्तन करने की मांग की जाएगी ताकि प्रभावित लोगों को राहत मिल सके। प्राकृतिक आपदा के कारण बेघर हुए लोगों को मकान बनाने के लिए एक बीघा भूमि देने के लिए वन अधिकार कानून में छूट देने का आग्रह भी करेंगे। राज्य सरकार ने प्रदेश से जुड़े सभी मुद्दों पर एक मांगपत्र तैयार किया है, जिसे प्रधानमंत्री को सौंपा जाएगा।

- **आपदा प्रभावित क्षेत्रों के हवाई सर्वेक्षण के बाद कांगड़ा हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री करेंगे बैठक**
- **अधिकतम 20 लोग ही पीएम के साथ बैठक में हो सकेंगे शामिल एक घंटे तक चलेगी बैठक**
- **मोदी करीब डेढ़ घंटा रुकेंगे, तीन घंटे तक नहीं होगी कोई उड़ान**

संपादकीय ›› प्रधानमंत्री का दौरा

दैनिक जागरण 0 9 SEP 2025

# घंडल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस पहला पंचायत घर : अनिरुद्ध

## अनिरुद्ध व विक्रमादित्य ने किया घंडल पंचायत घर का लोकार्पण

जागरण संवाददाता, शिमला : पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह को जाता है। घंडल एकमात्र ऐसी पंचायत है जहां राष्ट्रीय ला यूनिवर्सिटी, ज्यूडिशियल अकादमी, संस्कृत अकादमी, राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान, डिग्री कालेज धामी आदि स्थापित हो रहे हैं। हमें गर्व है प्रदेश का पहला अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस पंचायत घर घंडल है। अनिरुद्ध सिंह और लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सोमवार को संयुक्त रूप से घंडल पंचायत घर का लोकार्पण किया।

अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के दिशानिर्देशों के अनुसार एक समान पंचायत घर निर्मित किए जा रहे हैं। शिमला ग्रामीण में इस तरह के नौ पंचायत घर 14.72 करोड़ रुपये से बनाए जा रहे हैं। चमियाना सुपर स्पेशिलिटी के लिए 2000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इससे लोगों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। केंद्र सरकार की ओर से बजट में कटौती के बाद भी प्रदेश में विकास कार्य तीव्र हो रहे हैं।



पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह और लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह घंडल पंचायत घर का लोकार्पण करने के दौरान • सौ. डीपीआर

### पंचायतें स्वयं आय के स्रोत विकसित करें : विक्रमादित्य

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने घंडल में आयोजित मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान जनसभा में कहा कि पंचायतें आय के स्रोत स्वयं विकसित करें। शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2012 में जब पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह ने चुनाव लड़ा तो अपने कार्यकाल के दौरान 1500 करोड़ रुपये से विकास कार्य करवाए थे। घंडल पंचायत में लोक निर्माण विभाग के तहत 33 करोड़ रुपये के विकास कार्य हो रहे हैं। भारी वर्षा के कारण लोक निर्माण विभाग को 2400 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। विभाग की मशीनरी, कर्मचारी व अधिकारी दिन-रात बाधित मार्गों को खोलने में जुटे हैं। इस दौरान घंडल में सामुदायिक भवन का शिलान्यास भी किया गया।

दैनिक जागरण SEP 2025



# प्राकृतिक आपदा के जख्म देख कर केंद्रीय टीम भी रह गई दंग

## गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव की अगुआई में आई है टीम

- 10:12 बजे कुल्लू से चले सदस्य दोपहर 12 बजे पहुंचे सोलंग
- नुकसान को देखकर जताई हैरानी, ग्रामीणों से भी की बात

दविंद्र ठाकुर • जागरण

कुल्लू : बादल फटने, बाढ़ व भूस्खलन से कुल्लू जिला में हुए नुकसान को देखकर केंद्रीय टीम के सदस्य भी दंग रह गए। जिला मुख्यालय गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव जी पार्थसारथी की अगुआई में आई छह सदस्यीय टीम 10:12 बजे कुल्लू से रवाना हुई और दोपहर 12 बजे मनाली के सोलंग गांव पहुंची। मनाली के बाहंग और सोलंग गांव में आपदा से हुए नुकसान को देखकर टीम के सदस्य भी हैरान रह गए। उन्होंने ग्रामीणों से बात भी की।

केंद्रीय टीम रविवार रात को कुल्लू पहुंची है। सोमवार सुबह नौ बजे अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने बताया कि कहां कितना नुकसान हुआ है। कुल्लू से अलेउ पहुंचने तक रास्ते में ऊबड़ खाबड़ सड़क में हिचकोले खाते हुए टीम के सदस्य कई जगह जाम में भी फंसे। टीम सदस्य 10:30 बजे अलेउ में पहुंचे तो वहां पर सभी अपने-अपने वाहन से निकले। एसडीएम मनाली रमन कुमार शर्मा ने बताया कि यहां दूसरी ओर फोरलेन का नामोनिशान मिट गया है। 10:38 बजे मनाली पहुंचे। सड़क की खस्ताहालत के कारण आगे जाने के लिए केंद्रीय दल को इनोवा की जगह जिमनी गाड़ी में बैठाया गया। मनालसु नाले में दुकानें, मकान, पुल क्षतिग्रस्त हुए हैं। यहां पर टीम सदस्यों ने फोटो भी खींचे। हिमाचल के अधिकारी ने बताया कि नदी में ड्रेजिंग करना जरूरी है। 12:28 बजे टीम सोलंग पहुंची और ग्रामीणों से बातचीत भी की।

ग्रामीण कौशल्या देवी, गोकुल चंद ने बताया कि सोलंग गांव पहले आग लगने से नष्ट हुआ अब आपदा से गांव खतरे की जद में आ गया है। 70 घरों में से चार ध्वस्त हो गए हैं। अन्य घर भी खतरे की जद में हैं। गांव को सुरक्षित किया जाए। वापसी में मनाली से परिधि गृह जाते समय केंद्रीय टीम करीब एक घंटा जाम में फंसी रही। इसके बाद प्रधान मोनिका भारती सहित ग्रामीणों मनाली की सड़कों को लेकर अधिकारियों को जानकारी दी। टीम के वशिष्ठ चौक पहुंचने तक वर्षा शुरू हो गई। इसके बाद पतलीकूहल, छरुड्डू, लंकाबेकर का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने ज्यादातर सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान का जायजा लिया।

देर सायं केंद्रीय टीम ने कुल्लू के इनर अखाड़ा बाजार का दौरा किया। यहां भूस्खलन से आए मलबे की चपेट में 12 लोग आ गए थे। इनमें तीन घायल अस्पताल में उपचाराधीन हैं। सात के शव मिले थे और दो लापता हैं।



कुल्लू के सोलंग में गांव की तस्वीर लेते हुए केंद्र से आई टीम के सदस्य • जागरण



ओल्ड मनाली के मनालसु नाले के ऊपर पहाड़ी पर लटके मकान व दुकानें • जागरण

### ये रहे केंद्रीय टीम में शामिल

केंद्रीय दल में गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव जी पार्थसारथी, केंद्रीय जल निगम एवं जलशक्ति मंत्रालय के निदेशक वसीम अशरफ, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मुख्य अभियंता अनिल कुमार कुशवाहा, हिमाचल सरकार के संयुक्त सचिव (डिजास्टर मैनेजमेंट) निशांत ठाकुर, एचआरटीसी के कार्यकारी निदेशक मुरारी लाल और टीसीबी स्पेशलिस्ट डा. कृष्ण चंद शामिल रहे।

### ओल्ड मनाली में रुकी टीम, लिया जायजा

केंद्रीय दल की टीम जैसे ही कुल्लू जिला मे ओल्ड मनाली पहुंची वहां सभी अधिकारी गाड़ी से बाहर उतरे। उन्होंने घर, पुल व क्षतिग्रस्त सड़क का जायजा लिया। ओल्ड मनाली से आगे सड़क बहुत तंग होने के कारण टीम सदस्यों को परेशानी हुई।

> सोमवार को जिला कुल्लू के मनाली क्षेत्र में सड़कों, पुलों, स्वास्थ्य संस्थानों, शिक्षण संस्थानों, बिजली और पानी की योजनाओं का निरीक्षण किया है। जिला प्रशासन ने भी मानसून सीजन में नुकसान की रिपोर्ट प्रस्तुत की है। दूसरी टीम चंबा में है, दोनों टीमें नुकसान का जायजा लेकर इसका आकलन कर रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपेंगी।
>
> **-जी पार्थसारथी,** अध्यक्ष एवं संयुक्त सचिव केंद्रीय गृह मंत्रालय।

दैनिक जागरण
0 9 SEP 2025



# पेंशन मामलों को देरी के आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता

## हाई कोर्ट ने कर्मचारी को चार सप्ताह में पेंशन का दिया आदेश

विधि संवाददाता, जागरण • शिमला : प्रदेश हाई कोर्ट ने पेंशन से जुड़े मामले में कहा है कि पेंशन के मामलों को देरी के आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता। पेंशन पाने का अधिकार लगातार जारी रहता है और वह विलंब से मांगे जाने से समाप्त नहीं हो जाता। न्यायाधीश संदीप शर्मा ने प्रार्थी जगत राम की याचिका को स्वीकारते हुए उसे चार सप्ताह के भीतर पेंशन का लाभ जारी करने के आदेश जारी किए हैं।



कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है, जो सात वर्ष की नियमित सेवा करने के बाद 31 दिसंबर 2000 को सेवानिवृत्त हो गया था। उसे सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के तहत पेंशन का लाभ दिया जाना चाहिए था। कोर्ट ने कहा कि यदि सर्वोच्च न्यायालय की सुंदर सिंह के मामले में पारित निर्णय को उसकी संपूर्णता में पढ़ा जाए तो यह सुरक्षित रूप से निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि उपरोक्त मामले में पारित निर्णय सर्वव्यापी है और इस प्रकार इसे सभी समान स्थिति वाले व्यक्तियों के मामलों में लागू किया जाना आवश्यक है। सर्वोच्च न्यायालय की ओर से सुंदर सिंह मामले में पारित निर्णय के अनुसरण में प्रदेश सरकार ने 14 फरवरी 2019 की अधिसूचना के माध्यम से सभी प्रशासनिक सचिव (वित्त) को सुंदर सिंह के मामले में पारित निर्णय को लागू करने की सलाह दी, लेकिन फिर भी प्रतिवादी सुंदर सिंह के मामले में दिए गए आदेश का पालन करने में विफल रहे। इसके परिणामस्वरूप अधिकांश दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कोर्ट ने याचिका में योग्यता पाते हुए प्रतिवादियों को निर्देश दिया कि वे सुंदर सिंह के मामले में सर्वोच्च न्यायालय की ओर से पारित निर्णय का लाभ प्रदान करके याचिकाकर्ता को पेंशन प्रदान करें।

1983 में याचिकाकर्ता को कार्यकारी अभियंता चक्कर तहसील बल्ह जिला मंडी के कार्यालय में दैनिक वेतन भोगी बेलदार के रूप में नियुक्त किया था। दैनिक वेतन के आधार पर नियुक्त होने के 11 वर्ष बाद पहली जनवरी 1994 से नियमित कर दिया गया। सात वर्षों तक नियमित/कार्यभारित कर्मचारी के रूप में सेवा करने के बाद याचिकाकर्ता 31 दिसंबर 2000 को सेवानिवृत्त हो गया।

## हरिकेश की अंतरिम राहत 26 तक बढ़ी

प्रदेश हाई कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश ऊर्जा निगम के मुख्य अभियंता विमल नेगी मौत मामले में पूर्व एमडी हरिकेश मीणा को मिली अंतरिम राहत 26 सितंबर तक बढ़ा दी है। इसी से जुड़े मामले में अन्य आरोपित देसराज को सुप्रीम कोर्ट ने 25 सितंबर तक राहत प्रदान कर रखी है। सात अप्रैल को हाई कोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए जांच टीम को प्रार्थी हरिकेश मीणा के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई न करने के आदेश दिए थे, उस समय से उन्हें यह रात लगातार मिल रही है। मामले पर सुनवाई न्यायाधीश विरेंदर सिंह के समक्ष हुई। इसी वर्ष 10 मार्च से लापता विमल नेगी का शव 18 मार्च को बिलासपुर स्थित गोबिंदसागर झील में मिला था। विमल नेगी के लापता होने के बाद उनकी पत्नी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ऊर्जा निगम के एमडी हरिकेश मीणा, निदेशक देसराज समेत अन्य उच्च अधिकारियों पर उनके पति को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। नेगी की पत्नी की शिकायत पर न्यू शिमला पुलिस थाना में मामला दर्ज हुआ है। अब मामले की जांच सीबीआइ को सौंपी गई है।

## अवस्थी से जुड़े केस पर सुनवाई 15 तक टली

प्रदेश हाई कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से विधायक संजय अवस्थी के खिलाफ भ्रष्टाचार और जालसाजी से जुड़े आपराधिक मामले को वापस लेने से जुड़े आवेदन पर सुनवाई 15 सितंबर तक टल गई है। सरकार ने सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश सोलन की ओर से संजय अवस्थी के खिलाफ तय आरोपों से जुड़े आदेश रिकार्ड पर रखे। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ के समक्ष राज्य सरकार के आवेदन पर सुनवाई हुई। इसके तहत संजय अवस्थी के खिलाफ दर्ज मामले को वापस लेने की इजाजत मांगी है। एकलपीठ के समक्ष संजय अवस्थी ने मामले को खारिज करने के लिए याचिका दायर की है। अवस्थी ने दलील दी थी कि सरकार ने मामले को वापस लेने की प्रक्रिया शुरु कर दी है। इसके बाद कोर्ट ने सरकार को दलील के संबंध में जरूरी निर्देश पेश करने के आदेश दिए हैं। इस बीच सरकार ने खंडपीठ के समक्ष आवेदन दायर कर अवस्थी के खिलाफ मामले को वापस लेने की इजाजत मांगी है।

# प्रधानमंत्री का दौरा

बरसात में आपदाओं के कई चरण झेल चुके हिमाचल प्रदेश का हाल जानने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को आ रहे हैं। चंबा, कांगड़ा, मंडी और कुल्लू का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद कांगड़ा में ही वह मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, सांसदों और अधिकारियों के साथ संवाद करेंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू कह चुके हैं कि वह विशेष पैकेज साथ ही वन अधिकार अधिनियम में छूट देने की मांग रखेंगे ताकि भूमिहीन हुए लोगों को मकान बनाने के लिए एक बीघा तक भूमि दी जा सके। सरकार वास्तव में एक प्रेजेंटेशन देगी कि हानि कहां और किस स्तर पर हुई है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का मानना है कि प्रधानमंत्री का मुसीबत के समय आने के लिए समय देना बड़ी बात है। वह केंद्र से अब तक मिली सहायता को पात्रों तक पहुंचाने की बात कर रहे हैं। इस विमर्श के बीच, कि ये आपदाएं प्राकृतिक हैं या मानव निर्मित... राज्य में आपदाएं पहले आती रही हैं। दो दशकों से इनकी बारंबारता और प्रभाव दोनों बढ़े हैं। स्वाभाविक है कि हिमालयी राज्यों को अपने भविष्य के बारे में तत्काल सोचना होगा। केंद्रीय सहायता इसलिए आवश्यक है क्योंकि प्रदेश बहुत पीछे चला गया है। इसके बाद विकास का खाका सतत संरक्षण की दृष्टि के साथ हो, यह अब अनिवार्य हो चला है। बहरहाल, आशा है, प्रदेश अपना पक्ष प्रधानमंत्री के सामने प्रभावी रूप से रखेगा और केंद्र सरकार उसके अनुरूप सहायक होगी।

आशा है प्रदेश अपना पक्ष प्रभावी रूप से रखेगा और केंद्र सरकार उसके अनुरूप सहायक होगी

दैनिक जागरण 09 SE

72

विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष पद के लिए साक्षात्कार 13 सितंबर को

# प्रबोध सक्सेना की एंट्री, मुकाबले में राम सुभग सिंह और संजय गुप्ता भी

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष पद के लिए जोरदार लाबिंग चल रही है। इस पद के चयन हेतु 13 सितंबर को दिल्ली से चयन समिति के सदस्य आवदेनकर्ताओं का साक्षात्कार लेंगे। पूर्व मुख्य सचिव राम सुभग सिंह, वर्तमान मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और बिजली बोर्ड के अध्यक्ष संजय गुप्ता इस पद के लिए प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं।



**प्रबोध सक्सेना :** वर्तमान मुख्य सचिव का अनुभव और योग्यता में मजबूत दावा है। मुख्य सचिव पद से मार्च में सेवानिवृत्त होने के बाद छह महीने का सेवाविस्तार प्राप्त हुआ था।



**राम सुभग सिंह :** मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार पद पर दूसरी बार नियुक्त हुए हैं। पूर्व मुख्य सचिव का प्रशासनिक अनुभव पद के लिए उपयोगी हो सकता है।



**संजय गुप्ता :** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड के अध्यक्ष हैं। इनका भी ऊर्जा क्षेत्र में विशेषज्ञता और अनुभव उन्हें इस पद के लिए उपयुक्त दावा बनाता है।

सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह पहले एकमात्र दावेदार थे। लेकिन, मुख्य सचिव को मिले सेवाविस्तार के संदर्भ में उत्पन्न परिस्थितियों के चलते प्रबोध सक्सेना ने राम सुभग सिंह की राह में व्यवधान उत्पन्न कर दिया है। संजय गुप्ता ने राज्य सरकार को आवेदन आमंत्रित करने के विज्ञापन को लेकर शिकायत पत्र सौंपा है, जिससे मुकाबला और भी रोचक हो गया है। आयोग के अध्यक्ष डीके शर्मा का कार्यकाल इस माह के अंत में समाप्त हो रहा है।

# गैर कृषि भूमि की परियोजनाओं से सरकार को होगी करोड़ों की आय

- भूराजस्व नियमों में किया गया संशोधन, अधिसूचना जारी
- भूराजस्व निर्धारण पारदर्शी बनाने के लिए लिया निर्णय

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : प्रदेश सरकार ने संसाधन बढ़ाने के लिए अब गैर कृषि भूमि पर दिए जाने वाले भूराजस्व (मामला) को बाजार मूल्य के आधार पर निर्धारित कर दिया है। हिमाचल प्रदेश भूराजस्व नियमों में संशोधन कर दिया है। इस संबंध में अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व केके पंत ने अधिसूचना जारी कर दी है। प्रदेश में करोड़ों रुपये से स्थापित ऐसे हजारों उद्योग हैं जो अभी भी कृषि भूमि के लिए निर्धारित भूराजस्व दो से पांच रुपये ही दे रहे हैं।



केके पंत • जागरण आर्काइव

सरकार ने भूराजस्व निर्धारण की प्रक्रिया को और स्पष्ट एवं पारदर्शी बनाने का निर्णय लिया है। इसके तहत अब भूमि अधिग्रहण अथवा गैर-कृषि प्रयोजनों के लिए भूमि उपयोग के मामलों में औसत बाजार मूल्य के आधार पर भूराजस्व तय किया जाएगा। नए संशोधन के तहत कोई उद्योग जिसकी लागत बाजार मूल्य के तहत 100 करोड़ रुपये है तो कम से कम उसका एक प्रतिशत के आधार एक करोड़ जबकि चार प्रतिशत के तहत चार करोड़ रुपये सालाना राजस्व प्राप्त होगा। ऐसे में हजारों करोड़ की आय होने की उम्मीद है।

# कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार में आड़े आ रही तीन आपत्तियां

डीजीसीए ने विभाग से कहा, नाले का तटीकरण, मिट्टी की डंपिंग और जलभराव की स्थिति का करें समाधान

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : गगल स्थित कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तारीकरण को लेकर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने पर्यटन विभाग को तीन आपत्तियां भेजी हैं। ये आपत्तियां मानसून में भारी वर्षा के मद्देनजर उठाई गईं और इनमें हवाई पट्टी की लंबाई बढ़ाने से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करने को कहा गया है।

प्राधिकरण ने यह स्पष्ट किया है कि हवाई पट्टी की लंबाई बढ़ाने के लिए समीपवर्ती नाले का तटीकरण कैसे किया जाएगा, इस पर विस्तृत योजना की आवश्यकता है ताकि मानसून के दौरान जलभराव और बाढ़ की स्थिति से निपटा जा सके। इसके अलावा, खुदाई में निकली मिट्टी की डंपिंग के लिए उपयुक्त व्यवस्था करने की मांग की गई है, ताकि पर्यावरण और स्थानीय निवासियों को कोई नुकसान न हो। हवाई पट्टी पर जलभराव की स्थिति में प्रभावी जल निकासी प्रणाली की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया है, ताकि हवाई अड्डे के संचालन में कोई व्यवधान न आए। पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग ने सभी आपत्तियां जिला प्रशासन कांगड़ा को समाधान के लिए भेज दी हैं।

कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तारीकरण पहाड़ी राज्य हिमाचल की तस्वीर बदलने की क्षमता रखता है। इससे धर्मशाला देश-दुनिया के बड़े शहरों से सीधे जुड़ जाएगा, जिससे पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। सुरक्षा और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण इस हवाई अड्डे के विस्तार से प्रदेश की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। प्रदेश सरकार ने वर्तमान वित्त वर्ष के लिए एक हजार करोड़ का प्रविधान किया है।



गगल स्थित कांगड़ा हवाई अड्डा, जिसका विस्तार प्रस्तावित है • जागरण आर्काइव

## विस्तारीकरण पर 11 हजार करोड़ रुपये होंगे खर्च

कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तारीकरण पर लगभग 11 हजार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इस परियोजना के पूरा होने से हवाई अड्डे की हवाई पट्टी की लंबाई 1376 मीटर से बढ़कर 3010 मीटर हो जाएगी। जिससे बड़े विमानों की उड़ानों का संचालन संभव हो सकेगा। इससे न केवल पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

## लैंड सर्वे का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा

कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तारीकरण के लिए लैंड सर्वे का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। मौसम की बेरुखी के बावजूद इस कार्य में लगी एजेंसियों ने मैपिंग का करीब 70 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया है। इतना ही नहीं, एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया ने हवाई अड्डे के लिए प्रस्तावित भूमि पर बाउंड्री मार्किंग का कार्य भी पूरा कर लिया है।

# कांग्रेस सरकार कर्मी विरोधी : कश्यप

## प्रदेश को पीछे की ओर धकेलने का काम कर रही, लाभ भी नहीं दे रही

जागरण संवाददाता, शिमला : भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि कांग्रेस सरकार कर्मचारी विरोधी है। पुरानी पेंशन योजना का वादा कर सत्ता में आई कांग्रेस लगातार कर्मचारी विरोधी निर्णय लेकर प्रदेश को पीछे की ओर धकेलने का काम कर रही है। कांग्रेस सरकार में पेंशन, महंगाई भत्ता (डीए), वेतनवृद्धि और किसी प्रकार का लाभ कर्मचारियों को नहीं दिया जा रहा है।



सुरेश कश्यप • जागरण आर्काइव

उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने छह सितंबर 2022 को अधिसूचना जारी कर नियमित होने के बाद हायर ग्रेड-पे के लिए लगी दो साल के राइडर की शर्त हटा दी थी। इससे कर्मचारियों के वेतन में 10 से 20 हजार रुपये की बढ़ोतरी हुई थी।

कांग्रेस सरकार की छह सितंबर की अधिसूचना से इतना ही वेतन कम होना था। इससे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। हालांकि छह सितंबर को जारी अधिसूचना पर सरकार ने अगले आदेश तक रोक लगा दी है मगर यह साफ है कि भाजपा कर्मचारियों के हक में और कांग्रेस सरकार कर्मचारियों के विरोध में काम करती है।

यदि हायर ग्रेड-पे कम करने की अधिसूचना पर रोक नहीं लगाई जाती तो इससे प्रदेश में हो रहे कामकाज पर रोक लग जाएगी। कर्मचारियों ने काम रोका तो जनता का काम भी रुक जाएगा।

उन्होंने कहा कि अफसरशाही ने मुख्यमंत्री के समक्ष गलत तथ्य पेश किए। ऐसा करके अफसरशाही ने कर्मचारियों और सरकार के बीच खाई पैदा करने की कोशिश की है।

## कर्मियों की मेहनत का प्रतिफल घटाना अनुचित व अन्यायपूर्ण

संवाद सहयोगी, जागरण, अर्की : प्रदेश सरकार की ओर से उच्च वेतनमान का निर्णय वापस लेने की अधिसूचना पर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ अर्की ने रोष व्यक्त करता है। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ अर्की के प्रधान योगेश वर्मा व महासचिव विनय भार्गव ने कहा कि हालांकि इस अधिसूचना पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी गई है मगर सरकार को यह समझना चाहिए कि कर्मचारी पूरे मनोयोग और निष्ठा के साथ सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। ऐसे समय में उनकी मेहनत का प्रतिफल घटाना अनुचित और अन्यायपूर्ण है। उच्च वेतनमान का निर्णय वापस लिया जाना न केवल कर्मचारियों के हितों के विरुद्ध है बल्कि उनके मनोबल को भी गंभीर रूप से प्रभावित करेगा। प्राथमिक शिक्षक संघ ने सरकार से आग्रह किया है कि कर्मचारियों के मनोबल को ऊंचा बनाए रखने का प्रयास करें।

## भाजपा ने हमेशा कर्मचारियों के कल्याण के लिए काम किया : विनय गुप्ता

जागरण संवाददाता, नाहन : प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विनय गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पूर्व भाजपा सरकार द्वारा जारी एक महत्वपूर्ण अधिसूचना को वापस लिया जिससे कर्मचारियों को दो साल की सेवा के बाद ग्रेड पे मिलती था। यह फैसला कर्मचारियों की कमर तोड़ने वाला कदम है। दिन-रात मेहनत करने वाले लाखों कर्मचारियों का वेतन घटाया जा रहा है। इसके विपरीत पूर्व भाजपा सरकार ने हमेशा कर्मचारियों के कल्याण के लिए काम किया। विनय गुप्ता ने नाहन में जारी बयान में कहा कि महंगाई के इस दौर में सरकार को वेतन बढ़ाना चाहिए था। वहीं, सरकार ने कर्मचारियों के वेतन में कटौती करने का प्रयास किया है। देश और प्रदेश के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी सरकार ने कर्मचारियों का वेतन घटाने का आदेश जारी किया है।



विनय गुप्ता • जागरण

75

# प्रभावितों तक पांच हजार करोड़ रुपये पहुंचाएं सीएम : जयराम

- नेता प्रतिपक्ष ने मुसीबत में हिमाचल प्रदेश का साथ देने के लिए पीएम का आभार जताया
- कहा, आपदा ने हिमाचल प्रदेश की आमदनी और आर्थिकी को भी पहुंचाया नुकसान



जयराम ठाकुर • जागरण आर्काइव

**जागरण संवाददाता, धर्मशाला :** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश आकर आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हमारी मुसीबत के समय हमारे बीच आकर, हमारे साथ खड़े होने और हमारा दुःख बांटने के लिए हिमाचल प्रदेश की तरफ से प्रधानमंत्री के आभारी हैं। कहा, वह प्रधानमंत्री को हिमाचल में हुए नुकसान के बारे में अवगत कराएंगे। केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को आपदा राहत के लिए विभिन्न मदों में 5150 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी है। विधानसभा सत्र के दौरान यह पता चला कि सरकार ने आपदा प्रभावितों को मात्र 300 करोड़ रुपये ही दिए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री सारी राशि आपदा प्रभावितों तक पहुंचाएं।

इस बार की आपदा ने हमें न भरने वाले जख्म दिए हैं। सितंबर में मानसून की वापसी होती है लेकिन इस बार अभी तक भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। इस कारण हिमाचल प्रदेश को जनधन की हानि हो रही है। यह घटनाएं बार-बार हो रही हैं, इसके कारण जानने और उसी के हिसाब से निवारण की योजनाएं बनाने की जरूरत है। इसको हमने पहले भी केंद्र के समक्ष उठाया था। आपदाओं के अध्ययन के लिए गृह मंत्री ने मल्टी सेक्ट्रल टीमें बनाई हैं। जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित विषय विशेषज्ञ शामिल थे। 30 जून की रात जब मानसून की शुरुआत थी तब भी मंडी जिला में भारी तबाही हुई। एक ही दिन में 42 लोगों की जिंदगी चली गई और हजारों लोग बेघर हो गए। मणिमहेश यात्रा में 15000 से ज्यादा लोग वर्षा की वजह से फंसे रहे। हजारों की संख्या में लोगों को सेना के चिनूक हेलीकाप्टर से रेस्क्यू किया। पर्यटन के लिहाज पर जो क्षेत्र बेहतर माने जाते थे वहां तबाही की वजह से वहां कारोबार पूरी तरीके से ठप है। आपदा की वजह से एक तरफ से प्रदेश को हजारों करोड़ के इंफ्रास्ट्रक्चर का नुकसान हो रहा है तो दूसरी तरफ आय के साधन भी बंद हो रहे हैं। आपदा के समय तत्कालीन राहत का काम प्रदेश सरकार का है लेकिन प्रदेश सरकार राहत के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति कर रही है।

# कर्मचारी विरोधी निर्णय पर अस्थायी रोक, लागू न होने की आशा : भाजपा

**जागरण संवाददाता, शिमला :** भाजपा सांसद सुरेश कश्यप व विधायक एवं वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि सरकार प्रदेश के कर्मचारियों के हित को वापस लेने में असफल साबित हुई। जब सोमवार को हिमाचल के 10 हजार से अधिक कर्मचारी सड़कों पर आ गए तो सरकार ने उच्च वेतनमान देने की अधिसूचना अस्थायी रूप से रोक दी।

सरकार ने अधिसूचना को केवल अस्थायी रूप से रोका है। आने वाले समय में क्या पता सरकार फिर लागू कर दे। ऐसे फैसले कभी लागू नहीं होने चाहिए और सरकार को वह फैसला करने चाहिए जिससे जनता, युवा और कर्मचारी उत्साहित हों न कि पीड़ित।

उन्होंने कह कि प्रदेश सरकार कर्मचारी विरोधी है। जब कर्मचारियों ने आंदोलन किया तब कर्मचारियों पर दबाव बनाया गया। शिक्षकों के ऊपर केस दर्ज किया और फिर जब दबाव ज्यादा बनाया गया तो वापस लिए गए। सरकार सभी कर्मचारियों पर दबाव बनाकर काम करवाना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने स पहले प्रदेश की जनता से कई वादे किए थे जोकि आज तक पूरे नहीं हुए हैं। सरकार कर्मचारी हित में निर्णय ले।

# कांग्रेस सरकार कर्मी विरोधी : कश्यप

## प्रदेश को पीछे की ओर धकेलने का काम कर रही, लाभ भी नहीं दे रही

जागरण संवाददाता, शिमला : भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि कांग्रेस सरकार कर्मचारी विरोधी है। पुरानी पेंशन योजना का वादा कर सत्ता में आई कांग्रेस लगातार कर्मचारी विरोधी निर्णय लेकर प्रदेश को पीछे की ओर धकेलने का काम कर रही है। कांग्रेस सरकार में पेंशन, महंगाई भत्ता (डीए), वेतनवृद्धि और किसी प्रकार का लाभ कर्मचारियों को नहीं दिया जा रहा है।



सुरेश कश्यप • जागरण आर्काइव

उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने छह सितंबर 2022 को अधिसूचना जारी कर नियमित होने के बाद हायर ग्रेड-पे के लिए लगी दो साल के राइडर की शर्त हटा दी थी। इससे कर्मचारियों के वेतन में 10 से 20 हजार रुपये की बढ़ोतरी हुई थी।

कांग्रेस सरकार की छह सितंबर की अधिसूचना से इतना ही वेतन कम होना था। इससे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। हालांकि छह सितंबर को जारी अधिसूचना पर सरकार ने अगले आदेश तक रोक लगा दी है मगर यह साफ है कि भाजपा कर्मचारियों के हक में और कांग्रेस सरकार कर्मचारियों के विरोध में काम करती है।

यदि हायर ग्रेड-पे कम करने की अधिसूचना पर रोक नहीं लगाई जाती तो इससे प्रदेश में हो रहे कामकाज पर रोक लग जाएगी। कर्मचारियों ने काम रोका तो जनता का काम भी रुक जाएगा।

उन्होंने कहा कि अफसरशाही ने मुख्यमंत्री के समक्ष गलत तथ्य पेश किए। ऐसा करके अफसरशाही ने कर्मचारियों और सरकार के बीच खाई पैदा करने की कोशिश की है।

## कर्मियों की मेहनत का प्रतिफल घटाना अनुचित व अन्यायपूर्ण

संवाद सहयोगी, जागरण, अर्की : प्रदेश सरकार की ओर से उच्च वेतनमान का निर्णय वापस लेने की अधिसूचना पर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ अर्की ने रोष व्यक्त करता है। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ अर्की के प्रधान योगेश वर्मा व महासचिव विनय भार्गव ने कहा कि हालांकि इस अधिसूचना पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी गई है मगर सरकार को यह समझना चाहिए कि कर्मचारी पूरे मनोयोग और निष्ठा के साथ सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। ऐसे समय में उनकी मेहनत का प्रतिफल घटाना अनुचित और अन्यायपूर्ण है। उच्च वेतनमान का निर्णय वापस लिया जाना न केवल कर्मचारियों के हितों के विरुद्ध है बल्कि उनके मनोबल को भी गंभीर रूप से प्रभावित करेगा। प्राथमिक शिक्षक संघ ने सरकार से आग्रह किया है कि कर्मचारियों के मनोबल को ऊंचा बनाए रखने का प्रयास करें।

## भाजपा ने हमेशा कर्मचारियों के कल्याण के लिए काम किया : विनय गुप्ता

जागरण संवाददाता, नाहन : प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विनय गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पूर्व भाजपा सरकार द्वारा जारी एक महत्वपूर्ण अधिसूचना को वापस लिया जिससे कर्मचारियों को दो साल की सेवा के बाद ग्रेड पे मिलती था। यह फैसला कर्मचारियों की कमर तोड़ने वाला कदम है। दिन-रात मेहनत करने वाले लाखों कर्मचारियों का वेतन घटाया जा रहा है। इसके विपरीत पूर्व भाजपा सरकार ने हमेशा कर्मचारियों के कल्याण के लिए काम किया। विनय गुप्ता ने नाहन में जारी बयान में कहा कि महंगाई के इस दौर में सरकार को वेतन बढ़ाना चाहिए था। वहीं, सरकार ने कर्मचारियों के वेतन में कटौती करने का प्रयास किया है। देश और प्रदेश के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी सरकार ने कर्मचारियों का वेतन घटाने का आदेश जारी किया है।



विनय गुप्ता • जागरण

दैनिक जागरण



# हिमाचल को स्विट्जरलैंड न बनाएं

खजियार, हिमाचल प्रदेश के चंबा जिला का रमणीय पर्यटक स्थल, को मिनी स्विट्जरलैंड आफ हिमाचल की उपाधि दी गई है। एक आकर्षक दिशा और दूरी सूचक बोर्ड है वहां जो इस उपाधि के प्रदर्शन के साथ ही स्विट्जरलैंड की दिशा दर्शाने के अतिरिक्त यह भी बताता है कि वह देश यहां से 6,194 किलोमीटर दूर है। बोर्ड और जानकारी मात्र संकेतात्मक हैं; मैं नहीं समझता यह सूचना कभी व्यावहारिक भी रही हो। कई वर्ष पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री शांता कुमार ने परिकल्पना की थी हिमाचल को स्विट्जरलैंड बनाने की; धूमधाम से खजियार में समारोह हुआ जहां इस सूचक बोर्ड का अनावरण भी हुआ। जहां तक याद है, स्विस दूतावास के प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए थे। प्रारंभ हुए प्रयास हिमाचल को स्विट्जरलैंड सरीखा अंतराष्ट्रीय पर्यटक गंतव्य बनाने के।

शुभारंभ के लिए खजियार से अधिक उपयुक्त क्या हो सकता था? प्रकृति ने कोमलता और सहजता से संवारा है यहां के आलौकिक सौंदर्य को। पर्यटन विकास के नाम पर सुंदरीकरण और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए प्रचार-प्रसार के परिणाम शीघ्र ही सामने आने लगे: खजियार के विशाल हरे भरे मैदान के मध्य स्थित आकर्षक झील सिकुड़ने लगी और धीरे धीरे गाद व जंगली घास ने भी उस पर आक्रमण शुरू कर दिया। इस सब के बीच हमारा केंद्र बिंदु रहा पर्यटकों की संख्या में वृद्धि और उनके लिए अधिक सुविधाएं; सुविधा का अर्थ भी हमने सिविल निर्माण तक ही सीमित कर दिया। अब मिनी स्विट्जरलैंड में ढाबों के दबदबे के अतिरिक्त दिखती है घोड़ों की लीद, और उसकी दुर्गंध देवदार के वन की भीनी सुगंध पर हावी रहती है। कचरा तो पूरे प्रदेश की ही समस्या है। हमारे इस हस्तक्षेप, निसंदेह नेकनीयत, के बावजूद खजियार आज भी सबसे सुंदर एवं आकर्षक स्थानों में एक है। अब उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पुनः संकल्प व्यक्त किया है हिमाचल पर्यटन को स्विट्जरलैंड की तर्ज पर विकसित करने का। माडल वही है, विभिन्न निर्माण कार्य और उन पर निवेश के लिए आमंत्रण। स्विट्जरलैंड की ही धुन क्यों? क्या हमारी पर्यटन नीति और योजना के मानदंड के लिए यही देश सबसे उपयुक्त है? और क्या है वहां की 'तर्ज'?



तरुण श्रीधर

**हिमालय की गोद में बसे पर्वतीय प्रदेश को स्वच्छ और संरक्षित रखकर हिमाचल प्रदेश ही बना रहने दें तो बेहतर होगा**

मैं अनेक बार स्विट्जरलैंड गया हूं, और आखिरी बार कुछ माह पहले ही गया था, और अधिकतर समय किसी शहर या चिन्हित पर्यटक स्थल पर ना ठहर दूरदराज गांव में ठहरा था। इससे पूर्व भी गांव में ठहर चुका हूं, अतः वहां के शहर और देहात दोनों से परिचित हूं। इसलिए कह सकता हूं कि यदि हम स्विट्जरलैंड को माडल बनाएंगे तो यह व्यावहारिक ना होकर भ्रामक होगा; हां, ऐसी महत्वाकांक्षा में कोई हर्ज नहीं। हिमाचल और स्विट्जरलैंड की भौगोलिक स्थिति और वातावरण में नजदीकी समानता है। लेकिन समानता यहीं तक सीमित है। प्रकृति हम पर अधिक मेहरबान रही है। स्विट्जरलैंड ऐल्प्स पर्वत शृंखला में बसा है और हम हिमालय में। ऐल्प्स पुराना, अर्थात् बूढ़ा। हिमालय नया है, यानी युवा। हिमालय के यौवन में जो भव्यता और सम्मोहन है, वह किसी अन्य पर्वत शृंखला में कहां! हिमालय में स्वाभाविक प्राकृतिक सुंदरता और आकर्षण दिखता है जब कि ऐल्प्स के सौंदर्य में कुछ बनावटीपन। लेकिन जहां स्विट्जरलैंड ने बुजुर्ग को प्रेम और सम्मान से देखभाल के चलते स्वस्थ रखा है, हमने अपने युवा को ही झुर्रियां दे दी हैं। क्या सीखना है हमें स्विट्जरलैंड से? पर्यटन? जी नहीं, सिर्फ कुछ साधारण बातें। सबसे महत्वपूर्ण है सफाई। राजमार्ग, उच्चमार्ग, ग्रामीण सड़कें या फिर पगडंडियां; शहर या गांव के सार्वजनिक स्थल; कहीं भी जाएं आपको एक कागज का टुकड़ा भी नीचे पड़ा नहीं मिलेगा। यही नहीं, घर के आंगन और पिछवाड़े भी चमकते हुए दिखेंगे। स्वच्छता के नियम हैं, मानक हैं और इनसे समझौता कोई नहीं; दंड कठोर हैं। यह एक मुख्य कारण है कि स्विट्जरलैंड का हर गांव और शहर ही पर्यटन स्थल है। क्यों ना कूड़ा इकट्ठा कर उसके निष्पादन की ऐसी प्रणाली बनाएं कि प्रदेश के किसी भी कोने में गंदगी ना हो। यकीन मानिए, इस कार्य के लिए भी निवेशक मिल सकते हैं क्योंकि अब कूड़ा कचरा धन उत्पन्न करता है। हमारे पहाड़, नदी नाले पुनः मुस्कुराने लगेंगे। पब्लिक ट्रांसपोर्ट और ट्रैफिक प्रबंधन दूसरा अहम विषय है। क्या हम ऐसी परिस्थिति अपने प्रमुख पर्यटक स्थलों पर कर सकते हैं कि ट्रैफिक जाम मात्र एक अपवाद हो, सड़क किनारे कहीं भी कोई गाड़ी पार्क की हुई ना दिखे? स्विट्जरलैंड में पब्लिक ट्रांसपोर्ट मुख्यतः ट्रेन है; समुद्र तल से 12,000 फुट की ऊंचाई तक भी ट्रेन जाती है। मुख्य मार्गों पर अधिकतम प्रतीक्षा पांच मिनट और दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 30 मिनट। हां, यह अवश्य है कि इस प्रकार की व्यवस्था एवं सुविधा का शुल्क भी उसी स्तर का होगा। उदाहरणार्थ सोचिए, इस स्तर की ट्रांसपोर्ट में पालमपुर से धर्मशाला बिना प्रतीक्षा या कष्ट आप आधे घंटे में तो पहुंच जाएंगे लेकिन क्या रोज टिकट के, एक ओर की यात्रा के, 1000 रुपये खर्च कर पाएंगे। यकीनन नहीं। तो क्या सरकार यह बोझ उठाने में सक्षम है? जी नहीं। पर्यटन के संदर्भ में इससे आगे स्विट्जरलैंड की बात करना व्यर्थ है, क्योंकि मौलिक बात पर ही हमारा टिकना कठिन है। बेहतर है हम अपने गुण और बल समझें, और उसी पर केंद्रित रणनीति बनाएं।

प्रकृति ने हिमाचल को हिमालय पर्वत के रूप में अद्वितीय अवसंरचना प्रदान की है। यही हमारी सबसे बड़ी धरोहर और परिसंपत्ति है; और हमारी प्रतिस्पर्धात्मक श्रेष्ठता। हिमालय पर्वत पानी, ऊर्जा और जैविक विविधता का अमूल्य स्त्रोत हैं। इसलिए प्रदेश में बुनियादी ढांचे और विकास की परियोजनाओं पर निवेश का मूल सिद्धांत हो कि हमें हिमालय को न केवल सुरक्षित रखना है अपितु पालन पोषण कर और अधिक बलशाली बनाना है। पर्यावरण संरक्षण ही आधार हो हमारे पर्यटन का। ध्यान रहे संरक्षण, सुंदरीकरण नहीं। हिमाचल स्विट्जरलैंड से अधिक खूबसूरत है; इसे स्वच्छ रखें और हिमाचल ही रहने दें।

(लेखक भारतीय खाद्य एवं कृषि परिषद के महानिदेशक व भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी हैं)

response@jagran.com

दैनिक भास्कर 09 SEP 2025

**राहत • सीएम बोले-जब किसी कर्मचारी को कोई पैसा दे दिया जाता है, तो वापस नहीं लिया जाता, अब एडिशनल इंक्रीमेंट नहीं दी जाएगी**

# कर्मचारियों के विरोध के बाद सरकार ने वेतन संशोधन से जुड़ी अधिसूचना को अगले आदेश तक स्थगित किया

भास्कर न्यूज | शिमला

प्रदेश में कर्मचारियों के विरोध के बीच राज्य सरकार ने वेतन संशोधन से जुड़ी अधिसूचना को अगले आदेशों तक स्थगित कर दिया है। सरकार ने वेतन संशोधन से जुड़ी अधिसूचना को सोमवार को कर्मचारियों के विरोध के बीच स्थगित किया है। वित्त विभाग की ओर से जारी नई अधिसूचना जारी की गई है। इसके तहत 6 सितंबर 2025 को जारी अधिसूचना को प्रशासनिक कारणों से अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

यह आदेश राज्यपाल के आदेशानुसार वित्त विभाग के प्रधान सचिव देवेश कुमार द्वारा जारी किया गया है। स्थगित की गई अधिसूचना से जुड़ी कोई विशेष जानकारी या कारण इस आदेश में स्पष्ट नहीं किया गया है, लेकिन इसे प्रशासनिक कारणों से फिलहाल के लिए स्थगित किया गया है। इस निर्णय से संबंधित किसी भी आगामी सूचना के लिए कर्मचारियों व संबंधित विभागों को अगले आदेश की प्रतीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए हैं। अधिसूचना जारी करने से पहले मुख्यमंत्री ने शिमला में एक कार्यक्रम के दौरान उनसे मिलने आए प्रदेश भर के कर्मचारियों को आश्वस्त किया था कि किसी भी कर्मचारी का वेतन नहीं काटा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब किसी कर्मचारी को कोई पैसा दे दिया जाता है, तो उसे वापस नहीं लिया जाता। मुख्यमंत्री ने कहा था कि नोटिफिकेशन में जो गलती हुई है, उसे दुरुस्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री के ऐलान के कुछ घंटों बाद ही वित्त विभाग ने वेतन संशोधन से जुड़ी अधिसूचना को अगले आदेश तक किया स्थगित करने की अधिसूचना जारी कर दी। इससे उन हजारों कर्मचारियों ने राहत की सांस ली है, जिन्हें पहले जारी की गई अधिसूचना से 15000 रुपए तक का नुकसान झेलना पड़ रहा था। ऐसे करीब 89 श्रेणी के कर्मचारी थे जो इससे प्रभावित हो रहे थे। वित्त विभाग ने शनिवार को हायर ग्रेड-पे को खत्म करने की नोटिफिकेशन जारी की थी। इसके बाद से प्रदेश के कर्मचारियों में भारी रोष था। शनिवार को जारी की गई हायर ग्रेड-पे को खत्म करने की नोटिफिकेशन को वापस लेने की मांग की गई। गेट मीटिंग संघ के अध्यक्ष संजीव शर्मा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें संघ के नेता ने सरकार से अधिसूचना को वापस लेने की मांग की। बात में महासंघ संजीव शर्मा की अध्यक्षता में सीएम से ओकओवर में मिला। इससे पहले हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी सेवाएं महासंघ एवं गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधिमंडल अलग से सीएम से पीटरहॉफ में मिला और उनसे इस अधिसूचना को वापस लेने की मांग करने लगा। इस पर सीएम ने कहा भविष्य में जो भी कर्मचारी लगेंगे, उन्हें एडिशनल इंक्रीमेंट नहीं दी जाएगी। जिन्हें दे दिया है, उनसे वापस नहीं लिया जाएगा। वहीं, कर्मचारी नेता त्रिलोक ठाकुर ने कहा ब्यूरोक्रेसी ने सीएम के समक्ष गलत तथ्य पेश किए।



नोटिफिकेशन के विरोध में सचिवालय परिसर में गेट मीटिंग करते कर्मचारी।

## कर्मचारी हितों का संरक्षण प्राथमिकता: सीएम



मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कर्मचारियों का कल्याण सुनिश्चित करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए इस तरह के आदेश जारी करना न्यायोचित नहीं है। नियम-कानून से संबंधित मामलों में संशोधन के दौरान मानवीय सरोकार को ध्यान में रखा जाना चाहिए। सीएम ने कहा वर्तमान राज्य सरकार की प्राथमिकता कर्मचारियों के हितों को संरक्षित करना है। उन्होंने कहा वर्तमान प्रदेश सरकार ने सत्ता संभालते ही अपने कर्मचारियों को पुरानी पैंशन स्कीम बहाल की। इसके अलावा सरकार द्वारा समय-समय पर उन्हें आर्थिक लाभ प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी प्रदेश सरकार कर्मचारियों के हितों की रक्षा करेगी।

दैनिक भास्कर 09 SEP 2025



'पूर्ण साक्षर हिमाचल समारोह एवं उल्लास मेला-2025' में सीएम ने की घोषणा

# हिमाचल सम्पूर्ण साक्षर राज्य घोषित

# साक्षरता दर 99.30%: सीएम सुक्खू

- राज्य इस उपलब्धि को निर्धारित समय सीमा से पूर्व हासिल किया

भास्कर न्यूज | शिमला

हिमाचल प्रदेश ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता हासिल करते हुए पूर्ण साक्षर राज्यों की सूची में अपना नाम अंकित करवाने की उपलब्धि हासिल की। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर शिमला में आयोजित 'पूर्ण साक्षर हिमाचल समारोह एवं उल्लास मेला-2025' के अवसर पर प्रदेश को 'पूर्ण साक्षर राज्य' घोषित किया। यह कार्यक्रम निदेशालय स्कूल शिक्षा द्वारा आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री ने पूर्ण साक्षर राज्य बनने पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य इस उपलब्धि को निर्धारित समय सीमा से पूर्व हासिल करने में सफल रहा है। उन्होंने कहा कि निरक्षर से पूर्ण साक्षर का सफर चुनौतियों भरा रहा है। प्रदेश गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लक्ष्य के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। केंद्रीय सचिव शिक्षा संजय कुमार ने वीडियो संदेश द्वारा हिमाचल को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दी।

## शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर बोले- हिमाचल के इतिहास में यह दिन स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किया जाएगा



पीटरहॉफ में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने साक्षर राज्य के दृष्टिगत योगदान देने वाले अधिकारियों, स्वंयसेवकों और नव साक्षरों को सम्मानित किया।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि आज का दिन हिमाचल के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। देश द्वारा आजादी प्राप्त करने के बाद हिमाचल शिक्षा के क्षेत्र में लगभग अंतिम पायदान पर था। प्रदेश में शिक्षा का सफ़र लगभग 7 प्रतिशत साक्षरता की दर से शुरू हुआ था। हमें गर्व है कि आज हिमाचल सम्पूर्ण भारत में पूर्ण साक्षर राज्यों की श्रेणी में अपना मकाम हासिल करने में सफल रहा है। प्रदेश सरकार ने दृढ़ इच्छाशक्ति से अनेक कठिन निर्णय लिए हैं। विद्यार्थियों की ड्रॉप आउट दर अब लगभग शून्य तक पहुंच चुकी है।

## सरकार सर्वे कराकर पूर्ण साक्षर राज्य घोषित कर सकते हैं

देश में अभी तक उल्लास कार्यक्रम के तहत त्रिपुरा, मिजोरम और लक्षद्वीप पूर्ण साक्षर राज्य घोषित थे। इन तीनों को पछाड़कर हिमाचल प्रदेश 99.30 फीसदी साक्षरता दर के साथ देश में शीर्ष पर पहुंच गया है। अभी तक मिजोरम 98.02% साक्षरता दर के साथ पहले पायदान पर था। इसके अलावा लक्ष्यद्वीप 97.3% के साथ दूसरे और त्रिपुरा 97.3% साक्षरता के साथ तीसरे नंबर पर है। मगर अब हिमाचल नंबर-वन हो गया है। नव भारत साक्षरता कार्यक्रम भारत सरकार ने 2022-2027 तक लांच किया है। हिमाचल सरकार ने इसे 2025 में ही पूरा कर दिया। पूर्ण साक्षरता का मतलब 95 प्रतिशत साक्षरता होती है। कोई भी राज्य या देश जब 95 प्रतिशत साक्षर हो जाता है तो उसे पूर्ण साक्षर घोषित कर दिया जाता है। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक शत-प्रतिशत साक्षरता के असंभव लक्ष्य को देखते हुए यूनेस्को की सहमति से पूर्ण साक्षरता के मानकों में बदलाव किया गया हैं। इसके साथ राज्य भी अपने सर्वेक्षण से इसकी जानकारी जुटाते हैं। वे खुद को पूर्ण साक्षर घोषित कर सकते हैं।

**राष्ट्रीय मानक 95 फीसदी से कहीं अधिक है प्रदेश की साक्षरता दर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि समय के साथ शिक्षा प्रणाली में बदलाव लाना आवश्यक होता है। हिमाचल को शिक्षा के क्षेत्र में हर स्तर पर अग्रणी बनाए रखने के लिए निरंतर सुधार करने होंगे। प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए गए सुधारों के फलस्वरूप हिमाचल में साक्षरता 99.30 प्रतिशत पहुंच गई है, जो राष्ट्रीय मानक 95 प्रतिशत से कहीं अधिक है। वर्तमान में विद्यार्थी-अध्यापक अनुपात में प्रदेश देश भर में अव्वल स्थान पर है। मुख्यमंत्री ने पूर्ण साक्षर राज्य के दृष्टिगत योगदान देने वाले अधिकारियों, स्वंय सेवकों और नव साक्षरों को सम्मानित किया।

दैनिक भास्कर 09 SEP 2025



## बागवानों और किसानों को नहीं होगी कठिनाई : नेगी



**रिकांगपिओ** | प्रदेश के राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर जिले के निगुलसरी में राष्ट्रीय राजमार्ग-05 की बहाली के काम में पूरा योगदान दिया, इसके बाद यह राजमार्ग 9 दिनों बाद फिर से खुल सका। मंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार उनके साथ खड़ी है। बागवानों-किसानों की फसलों को मंडियों तक पहुंचाने में कोई कठिनाई नहीं आने दी जाएगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक शेखर, उपमंडलाधिकारी नारायण सिंह चौहान, किन्फेड के अध्यक्ष चंद्र गोपाल नेगी सहित कई अधिकारी और जवान भी मौजूद रहे।

### हरियाणा के युवक को झूठा प्रमाणपत्र जारी करने का मामला

# विधायक अवस्थी को भ्रष्टाचार संबंधी मामले को वापस लेने के आवेदन पर सुनवाई 15 तक टली

भास्कर न्यूज | शिमला

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में राज्य सरकार की ओर से विधायक संजय अवस्थी के खिलाफ भ्रष्टाचार और जालसाजी से जुड़े आपराधिक मामले को वापिस लेने से जुड़े आवेदन पर सुनवाई 15 सितंबर के लिए टल गई है। संजय अवस्थी को कोर्ट से फिलहाल कोई राहत नहीं मिली है। राज्य सरकार ने सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश सोलन द्वारा उनके खिलाफ तय किए गए आरोपों से जुड़े आदेश रिकॉर्ड पर रखे। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ के समक्ष राज्य सरकार के आवेदन पर सुनवाई हुई जिसके तहत संजय अवस्थी के खिलाफ दर्ज मामले को वापिस लेने की इजाजत मांगी गई है। उल्लेखनीय है कि एकल पीठ के समक्ष संजय अवस्थी ने अपने खिलाफ दर्ज उक्त मुकदमे को खारिज करने के लिए याचिका दायर कर रखी है। उस याचिका में अवस्थी की ओर से दलील दी गई थी कि सरकार उनके खिलाफ दर्ज उपरोक्त मामले को वापिस लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिसके बाद कोर्ट ने सरकार को उक्त दलील के संबंध में जरूरी निर्देश पेश करने के आदेश दिए हैं।

### संजय ने पार्षद रहते जारी किया था हिमाचली बोनाफाइड प्रमाण पत्र

संजय अवस्थी पर आरोप है कि उन्होंने पार्षद होते हुए क्रिकेट खिलाड़ी हरियाणा निवासी विक्रमजीत सिंह मलिक को हिमाचली होने का झूठा प्रमाणपत्र जारी किया, जिस कारण वह बोनाफाइड हिमाचली प्रमाण पत्र पाने में सफल हुआ। प्रार्थी संजय अवस्थी का कहना था तत्कालीन तहसीलदार को 14 मई 2001 को विक्रमजीत सिंह मलिक के पक्ष में हिमाचली प्रमाण पत्र जारी करने से पहले कुछ तथ्यों को ध्यान में रखना चाहिए था और पार्षद ऐसा प्रमाणपत्र जारी करने के लिए पात्र नहीं होता।

दैनिक भास्कर 09 SEP 2025



# पेंशन के मामलों को देरी के आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता: हाईकोर्ट

## प्रार्थी को चार हफ्ते में पेंशन जारी करने के आदेश

**शिमला।** प्रदेश हाईकोर्ट ने पेंशन से जुड़े मामले में महत्वपूर्ण व्यवस्था देते हुए कहा है कि पेंशन के मामलों को देरी के आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता। पेंशन पाने का अधिकार लगातार जारी रहता है और वह विलंब से मांगे जाने से समाप्त नहीं हो जाता।

न्यायाधीश संदीप शर्मा ने प्रार्थी जगत राम की याचिका को स्वीकारते हुए उसे चार सप्ताह के भीतर पेंशन का लाभ जारी करने के आदेश जारी किए। मामले के अनुसार वर्ष 1983 में, याचिकाकर्ता को कार्यकारी अभियंता, चक्कर, तहसील बल्ह, जिला मंडी के कार्यालय में दैनिक वेतनभोगी बेलदार के रूप में नियुक्त किया गया था।

▪ शेष पेज 3 पर

**पेंशन के मामलों को...** दैनिक वेतन के आधार पर नियुक्त होने के 11 वर्ष बाद 1193 में वर्क चार्ज और 1 जनवरी 1994 से नियमित कर दिया गया। 7 वर्षों तक नियमित/कार्यभारित कर्मचारी के रूप में सेवा करने के बाद, याचिकाकर्ता 31 दिसंबर 2000 को सेवानिवृत्ति की आयु अर्थात 60 वर्ष प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त हो गया।

दैनिक भास्कर 09 SEP 2025



## क्षेत्र के लोग डीसी से भी लगा चुके हैं मांग, लेकिन अभी तक नहीं हो पाया कोई सुधार

# बालीचौंकी की दो दर्जन पंचायतों में 7 दिन से बिजली, पानी, सड़क व फोन सुविधा ठप

भास्कर न्यूज | मंडी

सराज विधानसभा के बालीचौकी-गाड़ागुसैनी क्षेत्र में सड़क, बिजली, मोबाइल नेटवर्क की सुविधा से लोग पिछले 7 दिनों से वंचित हैं और लोगों का संपर्क जिला से पूरी तरह से कट हो गया है। इस क्षेत्र की दो दर्जन पंचायतों के लोग इस परेशानी से जूझ रहे हैं। सोमवार को मंडी में पहुंचे लोगों ने मीडिया के समक्ष यह जानकारी दी और प्रशासन ने उनकी मदद की गुहार लगाई।

लोगों ने कहा कि डीसी साहब को वह पहले भी मिल चुके हैं, मगर उनकी दशा में कोई सुधार नही हैं। लोगों को नेतृत्व कर रहे राजू ठाकुर ने बताया कि 2 सितंबर से सराज, बालीचौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में मानी, सड़क, बिजली और मोबाइल सिग्नल पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। क्षेत्र की दो दर्जन पंचायतें पूरी तरह या आंशिक रूप प्रभावित हैं। बालीचौकी क्षेत्र की दूर दराज ग्राम पंचायतें खौली, थाचाधार, जूफरकोट, घाट, बूंग जहल गाड़ , थाटा, खलवाहन, सुधरानी, खुहन, कांडा, खनी, देवधार, मानी, पंजाई, बालीचौकी, सोम गाड़, बागी बनवास, थाची, बसूट, मुराह, गागन, काऊ, खोलानाल, कून, कशौड, कुकलाह आदि में बिजली, पानी, सड़क और मोबाइल फोन सुविधा ठप पड़ी हुई है। लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि बालीचौकी उपमंडल में 2 सितंबर से लगातार 6 सितंबर तक बारिश होने के चलते क्षेत्र में यह नौबत आ गई है। अब तक पूरे क्षेत्र में कोई भी नेटवर्क काम नहीं कर रहा। सड़कें टूट चुकी है, बिजली पानी की सप्लाई बंद पड़ी है। ऐसे में लोगों को बहुत अधिक परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि इस दौरान कई घर गिर हैं, लोगों की फसलें तबाह हो चुकी हैं।



**खाद्य सामग्री की होने लगी कमी:** इन जगहों में खाद्य सामग्री की कमी भी होने लग गई है। बहुत भयानक स्थिति आने वाले 5- 7 दिनों में हो जाएगी। इसलिए समय रहते इस समस्या पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। सरकार और प्रशासन से इन जगहों में अभी तक कोई भी खाद्य सामग्री नहीं दी गई। बीमार और गर्भवती महिलाओं को सड़क सुविधा न मिलने से और ज्यादा दिक्कत हो गई है। लोग पालकी और कुर्सी से ही कई किलोमीटर तक मरीजों को उठा कर लाने को विवश हैं।

**बाहर पढ़ाई करने वाले और नौकरी कर रहे लोगों से नहीं हो पा रहा संपर्क:** लोगों का कहना कि उनका अपने बच्चों जो बाहर पढाइ या नौकरी पेशा करते हैं उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है। आजकल लोगों के सेब, सब्जियों को मंडी तक पहुंचने के लिए मुख्य सड़कें बंद पड़ी है,जो जगह-जगह में टूट गई है। प्रशासन के सुस्त रवैए से लोग अपनी खाद्य सामग्रियों को पीठ में उठा कर कई किलोमीटर दूर से लाने को मजबूर हैं। इससे या तो सब्जियां सेब खराब हो रहे हैं या सही समय पर मार्केट में नहीं पहुंचने से सही कीमत नहीं मिल पा रही है।

# मुसीबत की घड़ी में हिमाचल के साथ पीएम मोदीः जयराम

## आपदा से आर्थिकी भी तबाह, सेब व सब्जियां सड़ रहीं

भास्कर न्यूज | धर्मशाला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हिमाचल दौरे से पहले नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री



जयराम ठाकुर कांगड़ा पहुंचे और तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा आपदा के इस कठिन समय में प्रधानमंत्री का प्रदेश आना, यहां के लोगों के बीच खड़े होना और उनका दुख बांटना, पूरे हिमाचल के लिए बड़ी राहत है। ठाकुर ने एनडीआरएफ, सेना और वायुसेना को राहत-बचाव कार्यों में सहयोग देने के लिए भी प्रधानमंत्री का आभार जताया। इस बार की आपदा ने प्रदेश को गहरे जख्म दिए हैं। सितंबर में जहां सामान्यतः मानसून की विदाई होती है, वहीं इस बार लगातार बारिश, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएं रुक नहीं रही हैं। इससे प्रदेश को जनधन की भारी हानि हुई है। नेता प्रतिपक्ष ने बताया 30 जून की रात ही मंडी में 42 लोगों की जान चली गई थी और हजारों बेघर हुए। अब सितंबर में भी तबाही थम नहीं रही है। मणिमहेश यात्रा में 15 हजार से ज्यादा श्रद्धालु बारिश में फंस गए थे, जिन्हें सेना ने हेलीकॉप्टर से सुरक्षित निकाला। आपदा से पर्यटन कारोबार पूरी तरह ठप हो गया है। सड़कें बंद होने के कारण बागवान सेब बाजार तक नहीं पहुंचा पा रहे। सब्जियां भी खेतों से बाजार तक नहीं जा पा रहीं। प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आपदा के समय सरकार को तुरंत राहत पहुंचानी चाहिए थी, लेकिन कांग्रेस सिर्फ राजनीतिक बयानबाजी कर रही है। कई सड़कें, जिन्हें दो मशीनों से दो दिन में खोला जा सकता था, डेढ़-डेढ़ महीने तक बंद पड़ी रहीं।

### केंद्र ने की मदद, लेकिन प्रभावितों तक नहीं पहुंची

केंद्र सरकार हिमाचल को 5150 करोड़ की सहायता दे चुकी है, लेकिन विधानसभा सत्र में खुलासा हुआ कि प्रभावितों तक मात्र 300 करोड़ की राशि ही पहुंचाई गई है। इससे साफ है कि सरकार आपदा पीड़ितों की मदद को लेकर गंभीर नहीं है।

# संतोषगढ़ को हाशिए पर धकेल रही सरकार : सत्ती

**ऊना** | विधायक सतपाल सत्ती ने नगर परिषद संतोषगढ़ की अनदेखी का आरोप राज्य सरकार पर लगाया है। सत्ती ने कहा कि सरकार व प्रशासन हर तरफ से नाकाम साबित हो रहा है। इसका खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। बरसात के बीच संतोषगढ़ व आसपास के किसानों की फसल का नुकसान हुआ है। उसका जायजा लेने तक कोई भी प्रशासन अधिकारी नहीं आया, जोकि बड़े दुख की बात है। हालात ऐसे हैं कि नगर के पटवारखाने में पटवारी नहीं है, लोगों को जमीन संबंधित व प्रमाण पत्र बनाने में मुश्किल आ रही है। सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही। अगर शिक्षा में भी सब कुछ हाशिए पर है, नगर के राजकीय वरिष्ठ कन्या व बाल स्कूल में एक साल से प्रिंसिपल के पद रिक्त हैं, नगर परिषद में स्थाई ईओ नियुक्ति नहीं हो पाई है। सत्ती ने कहा केमिकल फैक्ट्री के विरोध में आज भी नगरवासियों संग खड़े हैं। इस मौके पर भाजपा नेता राजेश प्रभाकर, राहुल देव शर्मा, रजनीश चब्बा, संतोख सिंह, महेश चब्बा, पंडित देवी लाल, बोद्ध राज, प्रमेश शर्मा, चंदन कौशल व अन्य मौजूद रहे।



हिमाचल दस्तक 09 SEP 2025

# सरकारी कर्मचारियों को मिलता रहेगा उच्च वेतनमान : सुक्खू

## सीएम बोले- किसी भी कर्मचारी के वेतन में नहीं होगी कटौती

हिमाचल दस्तक ▮ शिमला

**हिमाचल** में सरकारी कर्मचारियों को उच्च वेतनमान मिलता रहेगा। वित्त विभाग द्वारा शनिवार को जारी की गई अधिसूचना को आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों पर वित्त विभाग ने यह अधिसूचना वापस ले ली है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ मुलाकात के दौरान आश्वासन दिया कि किसी भी कर्मचारी के वेतन में कटौती नहीं होगी। उन्होंने कहा कि नए भर्ती होने वाले कर्मचारियों को अतिरिक्त वेतन बढ़ोतरी नहीं मिलेगी। सीएम ने कहा कि साल 2022 से पहले के सभी कर्मचारियों को ये इंक्रीमेंट दे दी है। इसको अब वापस नहीं लिया जाएगा। सरकार से जब पैसा एक बार किसी कर्मचारी को दे दिया जाता है, उसको वापस नहीं लेते हैं। अगर उसमें क्लेरिफिकेशन में कोई गलती हुई है, उसको दुरुस्त करेंगे। सीएम ने कहा कि जो सुधार इस नोटिफिकेशन में करना होगा, करेंगे। उन्होंने कर्मचारियों से आपदा राहत कार्यों में मदद का भी आह्वान किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग के अधिकारियों को निदेश दिए। निर्देशों के बाद 6 सितंबर को अधिसूचना को आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया गया। विभाग ने बाकायदा इसे लेकर अधिसूचना जारी करते हुए इसे स्थगित करने अर्थात वापस लेने के प्रशासनिक कारण बताए हैं। कार्मिकों को छठे पंजाब वेतन आयोग के वेतन के एरियर का 0.25 फीसद हर माह देने की अधिसूचना के बाद इनसे जुड़े मुद्दे को लेकर यह दूसरी नोटिफिकेशन वापस ली गई है। 6 सितंबर को वित्त विभाग की अधिसूचना जारी होने के बाद से कर्मचारी संगठन लामबंद होने लगे थे। बाकायदा कलमबंद हड़ताल की बात कर्मचारी संगठन कर रहे थे। सोमवार को सचिवालय में गेट मीटिंग कर सचिवलाय सेवाएं कर्मचारी संगठन ने मुख्यमंत्री से अधिसूचना को वापस लेने की गुहार लगाई।

● **शनिवार को जारी की गई अधिसूचना को आगामी आदेशों तक स्थगित किया**



### कर्मचारियों का कल्याण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों का कल्याण सुनिश्चित करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए इस तरह के आदेश जारी करना न्यायोचित नहीं है। नियम-कानून से संबंधित मामलों में संशोधन के दौरान मानवीय सरोकार को ध्यान में रखा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि वर्तमान राज्य सरकार की प्राथमिकता कर्मचारियों के हितों को संरक्षित करना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी प्रदेश सरकार कर्मचारियों के हितों की रक्षा करेगी।

85

हिमाचल दस्तक 09 SEP 2025

# हिमाचल को मिला पूर्ण साक्षर राज्य का दर्जा, 99.30 प्रतिशत पहुंची साक्षरता दर

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर की घोषणा

हिमाचल दस्तक ▮ शिमला

हिमाचल ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता हासिल करते हुए पूर्ण साक्षर राज्यों की सूची में अपना नाम अंकित करवाने की उपलब्धि हासिल की। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर शिमला में आयोजित पूर्ण साक्षर हिमाचल समारोह में प्रदेश को पूर्ण साक्षर राज्य घोषित किया। यह कार्यक्रम निदेशालय स्कूल शिक्षा द्वारा आयोजित किया गया था। प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए गए सुधारों के फलस्वरूप हिमाचल में साक्षरता 99.30 प्रतिशत पहुंच गई है, जो राष्ट्रीय मानक 95 प्रतिशत से कहीं अधिक है।

**● विद्यार्थी-अध्यापक अनुपात में देशभर में अग्रणी**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पूर्ण साक्षर राज्य बनने पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य इस उपलब्धि को निर्धारित समयसीमा से पूर्व हासिल करने में सफल रहा है। उन्होंने कहा कि निरक्षर से पूर्ण साक्षर का सफर चुनौतियों भरा रहा है। हिमाचल प्रदेश गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लक्ष्य के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि समय के साथ-साथ शिक्षा की सार्थकता बनाए रखने के लिए आधुनिक दौर के अनुसार शिक्षा प्रणाली में बदलाव लाना आवश्यक होता है। हिमाचल को यदि पूर्ण साक्षर राज्य के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में हर स्तर पर अग्रणी बनाए रखना है तो इस क्षेत्र में निरंतर सुधार करने होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न क्षमताओं में कमी को पहचाना और उन्हें दूर करने के लिए सार्थक कदम उठाए। वर्तमान में विद्यार्थी-अध्यापक अनुपात में प्रदेश देशभर में अव्वल स्थान पर है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि आज का दिन हिमाचल के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। देश द्वारा आजादी प्राप्त करने के बाद हिमाचल शिक्षा के क्षेत्र में लगभग अंतिम पायदान पर था। प्रदेश की सभी सरकारों

शेष @ पेज 13




### आगामी वर्षों में लाएंगे अनेक सकारात्मक बदलाव

सीएम सुक्खू ने कहा कि आगामी वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में अनेक सकारात्मक बदलाव लाए जाएंगे। सरकारी शिक्षण संस्थानों को श्रेष्ठ संस्थानों के रूप में बदला जाएगा। हमारी सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रही है। परिवर्तन की राह पर आगे बढ़ते हुए हम राज्य में विश्वस्तरीय शैक्षणिक संस्थान विकसित करने के लिए प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्ण साक्षर राज्य के दृष्टिगत योगदान देने वाले अधिकारियों, स्वयंसेवकों और नव साक्षरों को सम्मानित किया। उन्होंने उल्लास कार्यक्रम के तहत लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

**हिमाचल को मिला ...**

ने अपने-अपने कार्यकाल में ज्ञान की अलख जगाए रखी। प्रदेश में शिक्षा का सफर लगभग 7 प्रतिशत साक्षरता की दर से आरंभ हुआ था। हमें गर्व है कि आज हिमाचल संपूर्ण भारत में पूर्ण साक्षर राज्यों की श्रेणी में अपना मकाम बनाने में सफल रहा है। प्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति से अनेक कठिन निर्णय लिए हैं। प्रदेश में विद्यार्थियों की ड्रॉपआउट दर अब लगभग शून्य तक पहुंच चुकी है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में वर्तमान सरकार द्वारा की गई नवीन पहलों की विस्तार से जानकारी दी। केंद्रीय सचिव शिक्षा संजय कुमार ने वीडियो संदेश द्वारा हिमाचल को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने नव साक्षरों को कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया। शिक्षा सचिव राकेश कंवर ने मुख्यमंत्री एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए कहा कि पूर्ण साक्षर राज्य का दर्जा प्राप्त करने के लिए हिमाचल ने विभिन्न मापदंडों के तहत उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न क्षमताओं में वृद्धि की जाएगी।

86

हिमाचल दस्तक 09 SEP 2025

# मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू करेंगे पीएम मोदी से स्पेशल रिलीफ पैकेज की मांग

## आज प्रदेश सरकार प्रेजेंटेशन के माध्यम से देगी प्रधानमंत्री को जानकारी

हिमाचल दस्तक ▮ शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वे मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से स्पेशल रिलीफ पैकेज की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि राहत राशि समय पर देने का आग्रह भी पीएम से किया जाएगा ताकि आपदा प्रभावितों को राहत दी जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी पहले आपदा से हुए नुकसान का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। इसके बाद प्रदेश सरकार प्रेजेंटेशन के माध्यम से पीएम को नुकसान की जानकारी देगी।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री से नियमों में परिवर्तन करके मदद की मांग की जाएगी, क्योंकि हिमाचल में आपदा से कई लोग अपनी जमीन तक गंवा बैठे हैं। ऐसे लोगों को मकान बनाने के लिए एक बीघा जमीन देने के लिए फॉरेस्ट राइट एक्ट में छूट देने का आग्रह किया जाएगा।

- पीएम से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री होंगे दिल्ली रवाना
- वित्त आयोग के चेयरमैन से होगी सीएम की बैठक

### दूसरे केंद्रीय मंत्रियों से भी मुलाकात संभव

दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अन्य केंद्रीय मंत्रियों से भी मुलाकात कर राज्य के लिए ज्यादा से ज्यादा बजट लाने का प्रयास करेंगे। खासकर आपदा से बाहर निकलने को स्पेशल पैकेज की मांग मुख्यमंत्री केंद्र सरकार से करेंगे।

### कांग्रेस हाईकमान से करेंगे चर्चा

दिल्ली के चार दिन के दौरे के दौरान सीएम सुक्खू पार्टी हाईकमान से भी मुलाकात कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और नए संगठन को लेकर चर्चा कर सकते है। कांग्रेस 6 महीने से बिना संगठन के है। प्रदेश में कभी भी पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव का बिगुल बज सकता है। ऐसे में सीएम सुक्खू हाईकमान से कांग्रेस संगठन को जल्दी बनाने की मांग करेंगे।

सीएम ने कहा कि इस भी मांगों को लेकर एक खाका तैयार किया गया है, जिसे पीएम को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैदानी राज्यों के नियम हिल स्टेट पर लागू नहीं होने चाहिए। मैदानी इलाकों में एक किलोमीटर सड़क बनाने को 75 हजार रुपये मिलते हैं, जबकि हिमाचल में 75 हजार में 10 मीटर सड़क भी नहीं बनती। इन नियमों को भी चेंज करने की मांग की जाएगी। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री से मीटिंग के बाद वे दिल्ली जा रहे हैं। दिल्ली में 16वें वित्त आयोग चेयरमैन डॉ. अरविंद पनगढ़िया से मुलाकात कर हिमाचल के हकों की पैरवी करेंगे। डॉ. पनगढ़िया से सीएम तीसरी बार मुलाकात मिलने जा रहे हैं ताकि वित्त आयोग के तहत हिमाचल को पूरा हक मिल सके।

### पीएम मोदी गगल एयरपोर्ट पर लेंगे आपदा को लेकर बैठक

धर्मशाला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार दोपहर गगल हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। जानकारी के अनुसार यहां एयरपोर्ट पर ही वो राज्यपाल, मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष से बैठक करेंगे। जानकारी के अनुसार पीएम धर्मशाला में कोई बैठक नहीं लेंगे तथा न ही बाय रोड कहीं जाएंगे। प्रधानमंत्री एयरपोर्ट पर ही आपदा को लेकर बैठक करने के बाद 3 बजे लौट जाएंगे। सुरक्षा को लेकर एसपीजी ने हवाई अड्डे पर सुरक्षा घेरे को कड़ा कर दिया है तथा जगह-जगह एसपीजी कमांडो तथा सादी वर्दियों में एसपीजी स्टाफ को तैनात किया गया है। एयरपोर्ट में भी सुरक्षा का जिम्मा एसपीजी कमांडो संभाल चुके हैं तथा इस दौरान आने वाले विमानों के यात्रियों के लिए अलग से कॉरिडोर रखा गया है।

आपका फैसला 09 SEP 2025

# सीएम ने हिमाचल को घोषित किया पूर्ण साक्षर राज्य

## प्रदेश ने हासिल की 99.30 प्रतिशत साक्षरता दर, छात्र-शिक्षक अनुपात में देशभर में अग्रणी



शिमला, (आपका फैसला)। हिमाचल प्रदेश ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता हासिल करते हुए सोमवार को पूर्ण साक्षर राज्यों की सूची में अपना नाम अंकित करवाने की उपलब्धि हासिल की। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर शिमला में आयोजित 'पूर्ण साक्षर हिमाचल समारोह एवं उल्लास मेला-2025' के अवसर पर हिमाचल प्रदेश को 'पूर्ण साक्षर राज्य' घोषित किया। यह कार्यक्रम निदेशालय स्कूल शिक्षा द्वारा आयोजित किया गया था।

सीएम ने कहा कि प्रदेश ने 99.30 प्रतिशत साक्षरता दर हासिल की है। वहीं, विद्यार्थी-अध्यापक अनुपात में हिमाचल देशभर में अग्रणी है। मुख्यमंत्री ने 'पूर्ण साक्षर राज्य' बनने पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य इस उपलब्धि को निर्धारित समय सीमा से पूर्व हासिल करने में सफल रहा है। उन्होंने कहा कि निरक्षर से पूर्ण साक्षर का सफर चुनौतियों भरा रहा है। हिमाचल प्रदेश गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लक्ष्य के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। समय के साथ-साथ शिक्षा की सार्थकता बनाए रखने के लिए शिक्षा प्रणाली में बदलाव आवश्यक है।

### शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार करने होंगे

सीएम ने कहा कि हिमाचल को यदि पूर्ण साक्षर राज्य के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में हर स्तर पर अग्रणी बनाए रखना है, तो इस क्षेत्र में निरंतर सुधार करने होंगे। प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए गए सुधारों के फलस्वरूप हिमाचल में साक्षरता 99.30 प्रतिशत पहुंच गई है, जो राष्ट्रीय मानक 95 प्रतिशत से कहीं अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न क्षमताओं में कमी को पहचाना और उन्हें दूर करने के लिए सार्थक कदम उठाए। वर्तमान में विद्यार्थी-अध्यापक अनुपात में प्रदेश देश भर में अव्वल स्थान पर है। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में अनेक सकारात्मक बदलाव लाए जाएंगे। सरकारी शिक्षण संस्थानों को श्रेष्ठ संस्थानों के रूप में बदला जाएगा। हमारी सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रही है। हम राज्य में विश्वस्तरीय शैक्षणिक संस्थान विकसित करने के लिए प्रयासरत हैं।

आपका फैसला 09 SEP 2025



# सरकारी कर्मचारियों के वेतन में नहीं होगी कटौती : मुख्यमंत्री



शिमला, (आपका फैसला)। हिमाचल प्रदेश सरकार ने पूर्व जयराम सरकार के समय दिए गए उच्च वेतनमान का निर्णय वापस लिया है। लेकिन अब विरोध के बाद सरकार इस फैसले को वापस लेगी। साल 2022 में जारी अधिसूचना के अनुसार 89 श्रेणियों के विभिन्न कर्मचारियों को दो वर्ष का नियमित कार्यकाल पूर्ण करने पर उच्च वेतनमान दिया गया था। लेकिन मौजदा सरकार ने इसे वापस ले लिया था। सोमवार को अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, सचिवालय कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलने पीटरहॉफ पहुंचे। इसमें कर्मचारी कर्मचारी नेता प्रदीप ठाकुर व और त्रिलोक ठाकुर सहित अन्य शामिल रहे। सीएम ने कर्मचारी नेताओं को आश्वासन दिया है कि इस पर विचार किया जाएगा। कर्मचारी नेताओं ने मुख्यमंत्री -( शेष पृष्ठ 11 पर )-

## सरकारी कर्मचारियों...

को इससे होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। उन्होंने चर्चा के बाद यह आश्वासन दिया है कि कर्मचारियों के हितों के मद्देनजर पूर्व में जारी अधिसूचना को वापस लिया जाएगा। उच्च वेतनमान वाली अधिसूचना को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके तहत किसी भी कर्मचारी के वेतन में कटौती नहीं होगी। यह फैसला नई भर्तियों पर लागू होगा। भविष्य में नए भर्ती कर्मियों की अतिरिक्त इंक्रीमेंट रोकी जाएगी। यह फैसला भविष्य में लागू होगा, पहले से तैनात कर्मियों पर नहीं। अधिसूचना में संशोधन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग को इस बारे में आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव अभी शिमला में नहीं है। जल्द इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी जाएगी। इससे पहले, कर्मचारी नेता प्रदीप ठाकुर ने कहा कि हर कर्मचारी को इससे 13 से 14 हजार रुपए का नुकसान हो रहा है। मुख्यमंत्री सुक्खू कर्मचारी हितैषी हैं और उन्होंने सत्ता में आते ही ओपीएस लागू की थी। त्रिलोक ठाकुर ने कहा कि इस फैसले से 89 श्रेणियों के कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने जल्द जेसीसी बैठक बुलाने की भी मांग उठाई। प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी सेवाएं महासंघ के अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर ने कहा कि कुछ अधिकारी मुख्यमंत्री को गुमराह कर रहे हैं। इसके कारण सरकार कर्मचारी विरोधी निर्णय ले रही है। यह अधिसूचना अगर तुरंत वापस नहीं ली गई, तो महासंघ आंदोलन पर उतरने के लिए मजबूर होगा। जब तक निर्णय वापस नहीं होता कलमबंद हड़ताल कर सरकार के फैसले का विरोध किया जाएगा। हिमाचल अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर ने कहा कि वित्त विभाग की अधिसूचना आपत्तिजनक है। इससे कर्मचारियों के साथ अन्याय होगा और उनका मनोबल गिरेगा। इस निर्णय से असंतोष फैलेगा और वित्तीय नुकसान का के डर से कार्यकुशलता भी प्रभावित होगी। कर्मचारियों का हक हर हाल में दिलवाया जाएगा। सरकार तत्काल अधिसूचना को रद करे। सीटू राज्य कमेटी के अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने कहा कि सरकार की अधिसूचना कर्मचारियों के मौलिक अधिकारों पर हमला है। सरकार अपने चहेतों, बड़े अधिकारियों, पुनर्नियुक्ति अधिकारियों, बोर्डों निगमों के नामित निदेशकों पर खजाना लुटा रही है लेकिन कर्मचारियों, मजदूरों, किसानों और आम जनता को आर्थिक सुविधाएं देने के नाम पर आर्थिक संकट का रोना रो रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार की देनदारियां इतनी हैं कि सरकार की रेलगाड़ी हांफने लगी है। पहले बिना सोचे समझे ओपीएस लागू किया फिर उसमें भी कांट्रैक्ट कर्मी कोर्ट गये तो उस निर्णय को संशोधित किया। ऐसा प्रतीत होता है कि जो-जो वादे कांग्रेस ने सत्ता में आने के लिए किए वे सब बिना गुणा-भाग के थे। अब हिमाचल प्रदेश को मझधार में फंसाकर रख दिया, अब हिमाचल के सभी वर्ग ठगे से महसूस कर रहे हैं, जिसमें से कर्मचारी वर्ग तो बहुत ही ठगा गया है। अजय राणा ने कहा कि अब 3 जनवरी 2022 से सिविल सर्विस के कर्मियों का हायर ग्रेड खत्म करने की घोषणा 6 सितंबर के पत्र से कर दी, जो कि पूरी तरह असहनीय है। कर्मचारी तो इसका विरोध करेंगे ही पर इसके दूरगामी परिणाम भी दिखाई देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पूर्व भाजपा सरकार के समय दिए गए उच्च वेतनमान का निर्णय वापस ले लिया गया है। वित्त विभाग ने शनिवार को अधिसूचना जारी कर इस लाभ को समाप्त करने का निर्णय लिया है। विभागों को निर्देश दिया गया है कि इन कर्मचारियों का पुनः वेतन निर्धारित किया जाए। इसके परिणामस्वरूप प्रत्येक कर्मचारी को प्रतिमाह 10,000 से 15,000 रुपए का वित्तीय नुकसान होगा। राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन डोगरा ने कहा है कि प्रदेश सरकार की ओर से उच्च वेतनमान का निर्णय वापस लेना गलत फैसला है। इससे कर्मचारियों में गहरी नाराजगी है। इस नियम को हटाना कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ और अन्याय है।